खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

अधिकतम :26° C
न्यूनतम: 12° C

मुरादाबाद, बुधवार 19 नवम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 95 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 27 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

सबकी भागीदारी से ही प्रभावी जल प्रबंधनः मुर्मू

पेज 2

आईसीसी ने लगाया बाबर आजम पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना

खेल टाइम्स

कठोर निर्णयों की प्रेरणा और भारत की लौह आवाज इंदिरा गांधी

सम्पादकीय

सऊदी में ही दफनाए जाएंगे 45 भारतीयों के शव

पेज 12

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली की तीन अदालतों व दो स्कूलों को बम की धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली की 3 जिला अदालतों और 2 स्कूलों को मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। साकेत कोर्ट, पटियाला हाउस कोर्ट और द्वारका कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने सभी अदालतों को खाली करवा लिया गया और जांच शुरू की गई। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि धमकी भरा मेल जैश-ए-मोहम्मद नाम की मेल आईडी से भेजा गया था। इसके बाद तीनों कोर्ट कैंपस में बम स्कवाड जांच कर रहा है। इससे पहले सीआरपीएफ के दो स्कूलों को भी सुबह बम की धमकी मिली। एक अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस को फोन करके दावा किया कि कैंपस में विस्फोटक रखे गए हैं। सुबह करीब 9 बजे प्रशांत विहार और द्वारका के स्कूलों को कॉल मिलने के बाद, टीमें दोनों जगहों पर पहुंच गईं और एहतियात के तौर पर स्कूल खाली करा लिया।

रैली में चुनाव आयोग के राजनीतिकरण का करेंगे पर्दाफाश : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मतदाता सूची एसआईआर को चुनाव आयोग की बदनियत करार देते हुए कहा है कि उसकी इस प्रक्रिया को लेकर पूरे देश में रोष है और पार्टी इसके विरोध में दिसम्बर के पहले सप्ताह में यहां विशाल रैली करेगी, जिसमें चुनाव आयोग के राजनीतिकरण करने का पर्दाफाश किया जाएगा। कांग्रेस आलाकमान के साथ एसआईआर प्रक्रिया से गुजर रहे 12 राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेश के नेताओं की मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय इंदिरा भवन में बैठक हुई, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल सहित पार्टी के कई बड़े नेताओं ने हिस्सा लिया।

दुनियाभर में चैटजीपीटी और एक्स डाउन

नई दिल्ली। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स और एआई चैटबॉट चैटजीपीटी की सर्विसेज देशभर में डाउन हैं। ये सर्विसेज मंगलवार करीब 5:15 बजे से डाउन हुई हैं। भारत समेत दुनियाभर में यूजर्स को लॉगिन, साइनअप, पोस्ट करने और देखने के अलावा प्रीमियम सर्विसेज सहित प्रमुख सुविधाओं का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

दिल्ली धमाके से पहले वीडियो में शहीद होने की वकालत कर रहा था उमर

सुसाइड बॉम्बिंग शहीद होने का मिशन

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली में लाल किला के पास 10 नवम्बर को आत्मघाती हमला करने वाले आतंकी डा. उमर का नया वीडियो सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह वीडियो आतंकी ने ब्लास्ट से पहले बनाया था। इसमें वह आत्मघाती हमले को लेकर बात रख रहा है। इससे माना जा रहा है कि वह फिदायीन हमला पहले से प्लान कर रहा था।

वीडियो में उमर टूटी-फूटी अंग्रेजी में बात कर रहा है। उसने कहा कि एक बात जो नहीं समझी गई कि यह शहीद होने के लिए ऑपरेशन (मार्टरडम ऑपरेशन) है, न कि सुसाइड हमला। इसको लेकर कई विरोधाभास हैं। दरअसल मार्टरडम ऑपरेशन के लिए माना जाता है कि कोई व्यक्ति निश्चित रूप से किसी जगह पर निश्चित समय पर जान देता है। दरअसल, डा. उमर ने ही दिल्ली के लालकिले के पास 10 नवम्बर को हुंडई आई-20 कार से आत्मघाती धमाका किया था। इस धमाके से 13 लोगों की मौत, 20 से ज्यादा घायल हुए थे। मामले में अब तक 8 लोगों की गिरफ्तारी हुई है, इसमें से 6 डाक्टर हैं। जांच एजेंसियां इस मॉड्यूल के बाकी सदस्यों और तकनीकी सपोर्ट नेटवर्क की पहचान में जुटी है। इधर, हमले की जांच में सोमवार रात बड़ा खुलासा हुआ -शेष पृष्ठ दो पर

वीडियो में बोला था आतंकी डा. उमर, दिल्ली धमाके से पहले बनाया वीडियो, श्रीनगर से गिरफ्तार जसीर को 10 दिन की एनआईए हिरासत में भेजा

आतंकी ड्रोन और रॉकेट से हमला करना चाहते थे, ब्लास्ट वाली कार आमिर के नाम पर रजिस्टर्ड, अब तक 8 लोग गिरफ्तार, इनमें पांच डाक्टर

ईडी ने अल-फलाह विश्वविद्यालय के कई शहरों में मारे छापे

नई दिल्ली। दिल्ली विस्फोट मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय और दिल्ली के ओखला स्थित कार्यालय समेत 25 से अधिक परिसरों पर छापे मारे हैं। यह छापेमारी दिल्ली में लाल किला के पास हुए विस्फोट से जुड़े धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण की विस्तारित जांच का एक हिस्सा है। इस विस्फोट में 13 लोगों की जानें गई थीं।

ईडी टीमों ने मंगलवार सुबह 5:15 बजे शुरू हुए एक समन्वित अभियान में अल-फलाह विश्वविद्यालय के ओखला कार्यालय सहित दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। जांच का उद्देश्य उस वित्तीय नेटवर्क का पता लगाना है, जिसने विस्फोट करने वालों की मदद की थी। यह मामला तब शुरू हुआ, जब अल-फलाह विश्वविद्यालय से जुड़े एक डा. उमर नबी की पहचान उस आई-20 कार के चालक के रूप में हुई, जिसमें विस्फोट हुआ था। विश्वविद्यालय ने हालांकि शुरुआत में डा. नबी से खुद को अलग रखा, लेकिन बाद में दिल्ली अपराध शाखा -शेष पृष्ठ दो पर

एजेंसी ने आतंकवाद के वित्तपोषण की जांच की

अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से भारत लाया जा रहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। गैंगस्टर लॉरेंस का भाई अनमोल अमेरिका से भारत लाया जा रहा है। अनमोल पर एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी और पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के मर्डर का आरोप है। अनमोल का नाम एक्टर सलमान खान के घर पर फायरिंग केस में भी सामने आया था। 12 अक्टूबर 2024 को रात साढ़े 9 बजे मुंबई के बांद्रा के खेर वाड़ी सिग्नल पर महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई थी।

मर्डर की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली थी। इस मामले में उत्तर प्रदेश के बहराइच के रहने वाले हरीश कुमार, कैथल (हरियाणा) के गुरमैल बलजीत सिंह, बहराइच (उत्तर प्रदेश) के धर्मराज कश्यप और पुणे (महाराष्ट्र) के रहने वाले प्रवीण लोनकर को गिरफ्तार किया था। आरोपियों से पूछताछ में जालंधर के रहने वाले जीशान अख्तर का नाम सामने आया था। जब शूटर्स ने सिद्दीकी को गोलियां मारी तो वह मौके पर मौजूद था। जीशान का प्लान था कि अगर बाबा सिद्दीकी शूटर्स की गोलियों से बच गया, तो वह उसे गोलियां मारेगा। उस दौरान वह लॉरेंस के भाई अनमोल से फोन पर टच में था। सिद्दीकी के मरने के बाद उसने अनमोल को मौके के फोटो और वीडियो भेजे और कन्फर्म किया कि सिद्दीकी मर गया है। इसके बाद वह फरार हो गया था। हाल ही में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल पर 10 लाख रुपये का इनाम रखा था।

लॉरेंस का भाई बाबा सिद्दीकी व मूसेवाला मर्डर में वांटेड

सलमान के घर फायरिंग का आरोप

सुप्रीम कोर्ट ने अपना छह महीने पुराना जजमेंट पलटा

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अपना 6 महीने पहले दिया जजमेंट 2:1 के बहुमत से पलट दिया। अब से केंद्र सरकार उन सभी प्रोजेक्ट्स को क्लियरेंस दे सकेगी, जिन्होंने पहले ग्रीन नार्म्स (पर्यावरण से जुड़े नियम) का पालन नहीं किया था।

दरअसल, 16 मई 2025 को जस्टिस अभय ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा था कि कोई भी माइनिंग और डेवलपमेंट प्रोजेक्ट बिना एनवायरन्मेंटल क्लियरेंस (ईसी) लिए शुरू नहीं हो सकता। कोर्ट ने पाया था कि कई माइनिंग और डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स पहले ही शुरू कर दिए गए थे, लेकिन एनवायरन्मेंटल क्लियरेंस बाद में लिया गया था। इसलिए पहले के फैसले में केंद्र सरकार को पोस्ट-फैक्टो (काम शुरू होने के बाद) मिलने वाली पर्यावरण मंजूरी देने से रोक दिया गया था। ये क्लियरेंस मिनिस्ट्री ऑफ एनवायर्नमेंट फॉरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज या स्टेट एनवायर्नमेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी से मिलता है। यह प्रोजेक्ट के साइज और प्रभाव पर निर्भर करता है। सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि पहले के दो बड़े फैसलों में बताया गया था कि खास मामलों में पोस्ट-फैक्टो (ईसी) दी जा सकती है। एलेम्बिक फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (2020) केस में कोर्ट ने कहा था कि सामान्य तौर पर ऐसी मंजूरी नहीं मिलनी चाहिए, लेकिन फिर भी कंपनियों को जुर्माना लगाकर मंजूरी वैध कर दी गई थी। डी. स्वामी बनाम कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मामले में, यह माना गया था कि भी कोर्ट ने माना था कि कुछ मामलों में मंजूरी दी जा सकती है। वनशक्ति वाला फैसला इन दोनों पुराने फैसलों को देखे बिना सुना दिया गया, जबकि इन्हें ध्यान में रखना जरूरी था। 2021 और 2024 के सरकारी नियमों में ये साफ लिखा है कि पोस्ट एंड फैक्टो ईसी सिर्फ उन्हीं कामों को दी जा सकती है, जो पहले से कानूनन अनुमति वाले हों और वह भी जुर्माना भरने के बाद।

कहा था: पर्यावरण मानदंडों का उल्लंघन करने वाले प्रोजेक्ट्स पहले मंजूरी लेंगे, अब जरूरी नहीं माना

केंद्र, ईडी, CBI व अनिल अंबानी से जवाब तलब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, ईडी, सीबीआई और अनिल अंबानी से एक जनहित याचिका पर जवाब मांगा है। इस याचिका में रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) और इस समूह की अन्य संस्थाओं की ओर से कथित तौर पर बैंकों के ऋण के दुरुपयोग और बड़े पैमाने पर हुई बैंक धोखाधड़ी की अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई है। केन्द्र सरकार के पूर्व सचिव ईएएस सरमा की ओर से दायर इस याचिका में भारत के 'सबसे बड़े कॉर्पोरेट धोखाधड़ी' में से एक में धन के व्यवस्थित दुरुपयोग, खातों में हेराफेरी और संस्थागत मिलीभगत का आरोप लगाया गया है।

आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस दिखाए दुनियाः भारत

एससीओ के मंच पर विदेश मंत्री जयशंकर की दो टूक

मास्को। भारत ने मंगलवार को कहा कि दुनिया को आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के प्रति शून्य सहिष्णुता (जीरो टॉलरेंस) दिखानी चाहिए। इसके अलावा, भारत ने यह भी कहा कि इसको उचित नहीं ठहराया जा सकता और इसे छिपाया नहीं जा सकता। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें आतंकवाद से अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार है और हम यह करते रहेंगे। जयशंकर ने कहा कि भारत का मानना है कि एससीओ को बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुकूल होना चाहिए। एक विस्तृत एजेंडा तैयार किया जाना चाहिए और कार्यप्रणाली में सुधार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन उद्देश्यों के लिए सकारात्मक और पूरा योगदान देंगे। एससीओ का गठन 2001 में शंघाई में किया गया था। इसकी स्थापना एक शिखर सम्मेलन के दौरान रूस, चीन, किर्गिजस्तान, कजाखस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपतियों ने की थी। भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके स्थायी सदस्य बने। जुलाई 2023 में भारत की मेजबानी में आयोजित इस समूह के एक ऑनलाइन सम्मेलन में ईरान इसका स्थायी सदस्य बना। उन्होंने आगे कहा कि हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि एससीओ को आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से निपटने के लिए बनाया गया था। बीते वर्षों में ये खतरे और भी गंभीर हो गए हैं। विदेश मंत्री ने कहा, यह जरूरी है कि दुनिया आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के प्रति जीरो टॉलरेंस दिखाए। इसे उचित नहीं ठहराया जा सकता।

इसको उचित नहीं ठहराया जा सकता और इसे छिपाया नहीं जा सकता

संक्षिप्त समाचार

सोनभद्र खनन हादसा रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म सात शव बरामद

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश में ओबरा थाना क्षेत्र के बील्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में पहाड़ी धंसने से मलबे में दबे सात मजदूरों के शव बरामद करने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन बंद कर दिया गया है। जिलाधिकारी बी एन सिंह ने मंगलवार को बताया की खनन हादसे के बाद चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन में कुल सात मजदूरों के शव बरामद किए गए हैं। मृतकों में राजू सिंह गोड़ (28), रविन्द्र गोड़ (25), इन्द्रजीत यादव (34), संतोष यादव (32) रामखेलावन खरवार (35) गुलाब खरवार (32) तथा कृपा शंकर (30) के शव बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए गए है। जिलाधिकारी ने बताया की खनन हादसे की सुचना मिलते ही आसपास की कंपनियों व एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमों द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। शनिवार की रात से मंगलवार के दोपहर तक शवों को खोजने का कार्य युद्ध स्तर पर किया गया था।

प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में अब एसआईटी करेगी जांच

वाराणसी। उत्तर प्रदेश में वाराणसी पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर दिया है, जो सात दिन में रिपोर्ट सौंपेगा। पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए अपर पुलिस उपायुक्त सरवणन टी.के नेतृत्व में टीम काम करेगी। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) कोतवाली और थाना प्रभारी कोतवाली मुख्य विवेचक होंगे। पुलिस आयुक्त अग्रवाल ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सबकी भागीदारी से ही प्रभावी जल प्रबंधन संभव: मुर्मू

नई दिल्ली, वार्ता

छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार वितरण समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल संचयन के बेहतर प्रबंधन पर बल देते हुए कहा है कि जलवायु परिवर्तन से जल चक्र प्रभावित हो रहा है, जो पूरी मानवजाति के लिए घातक है, इसलिए सभी को मिलकर इसमें सुधार के लिए अपना योगदान देना होगा।

श्रीमती मुर्मू ने मंगलवार को यहां विज्ञानभवन में आयोजित छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2024 के वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे यहां जल का 80 फीसदी इस्तेमाल कृषि क्षेत्र के लिए होता है इसलिए जल के सक्षम उपयोग पर सबसे ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके लिए भूजल की भूमिका महत्वपूर्ण है लेकिन उससे ज्यादा भूजल संचयन के लिए सबकी भागीदारी और इस दिशा में नए कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने जल संरक्षण को जरूरी बताया और कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के साथ ही जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत तथा नगर निकाय के स्तर पर इस दिशा में प्राथमिकता के साथ काम करने की आवश्यकता है। उनका कहना था कि अनेक शिक्षण संस्थान, लोगों ने मिलकर और तथा गैर सरकारी संस्थानों ने इस दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। किसानों को जल संचयन और इसके संरक्षण के लिए कम से कम पानी का उपयोग कर अधिक से अधिक उत्पादन के नए नए तरीके अपनाने होंगे। उनका कहना था कि जल संरक्षण में व्यक्ति, परिवार, समाज तथा सरकार सबको मिलकर अपनी भागीदारी निभानी और सक्षम जल प्रबंधन को संभव बनाना है। राष्ट्रपति ने कहा कि जल का कुशल उपयोग एक वैश्विक अनिवार्यता है। हमारे देश के लिए जल का कुशल उपयोग और भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि जनसंख्या की तुलना में हमारे जल संसाधन सीमित हैं। प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने रेखांकित किया कि जलवायु परिवर्तन जल चक्र को प्रभावित कर रहा है और ऐसे में सरकार और जनता को मिलकर पानी की उपलब्धता और जल सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

औद्योगिक इकाइयों ने शून्य द्रव निर्वहन का लक्ष्य हासिल किया

राष्ट्रपति का कहना था कि जल उपचार और पुनर्चक्रण के साथ-साथ, कई औद्योगिक इकाइयों ने शून्य द्रव निर्वहन का लक्ष्य हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि मिलकर के सभी के ऐसे प्रयास जल प्रबंधन एवं संरक्षण के लिए उपयोगी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि पानी का उपयोग करते समय सभी को यह याद रखना चाहिए कि हम बहुत मूल्यवान संपत्ति का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि आदिवासी समुदाय पानी सहित सभी प्राकृतिक संसाधनों का बहुत सम्मान करते हैं। उन्होंने जोर दिया कि जल संसाधनों का सबसे कुशल उपयोग हमारे सभी नागरिकों की जीवनशैली का अभिन्न अंग होना चाहिए। सभी को व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से जल संरक्षण के प्रति निरन्तर सजग रहने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि हमारे देश की जन चेतना में जल जागरूकता फैलाना महत्वपूर्ण है।

यूपी के 2.15 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में आएगी सम्मान निधि

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के दो करोड़ 15 लाख से अधिक किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि आएगी। शासन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक़ उत्तर प्रदेश के दो करोड़ 15 लाख 323 किसान लाभान्वित होंगे।

खाते में डीबीटी के माध्यम से सीधे 4314-26 करोड़ रुपये भेजे जाएंगे। बुधवार को मोदी कोयम्बटूर से किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त भेजेंगे। किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की अब तक (20वीं किस्त) 90,354.32 करोड़ रुपये की धनराशि भेजी जा चुकी है। पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त से उत्तर प्रदेश के 2,15,323 किसान लाभान्वित होंगे। धनराशि डीबीटी से सीधे खाते में भेजी जाती है। पात्र किसान परिवार के एक सदस्य को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता वर्ष में तीन किस्त में प्रदान किए जाने की व्यवस्था है।

पीएम मोदी कोयम्बटूर से डीबीटी के जरिये भेजेंगे

सरकार व बीजेपी के मंत्री और सांसद हर महीने करेंगे बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

यूपी को लेकर बीजेपी ने लिया बड़ा फैसला

लखनऊ। यूपी में सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल रहे , इसको लेकर बीज.`पी ने बड़े कदम उठाए हैं। अब सभी जिले के प्रभारी मंत्री को हर महीने जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक करनी होगी। मीटिंग को मंत्री दरकिनरार नहीं कर सकते ।

बीजेपी की तरफ से इसे अनिवार्य कर दिया गया है। इस मीटिंग में सांसद, विधायक, एमएलसी, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला/महानगर अध्यक्ष के साथ-साथ डीएम, एसएसपी/पुलिस कमिश्नर भी शामिल होंगे। बैठक के पहले प्रभारी मंत्री को संगठन की कोर कमेटी के साथ अलग से बैठना होगा। कोर कमेटी में सभी महत्वपूर्ण कार्यकर्ता, जन प्रति. निधि और सहयोगी दलों के नेता मौजूद रहेंगे। इसके अलावा आरएसएस के दो प्रमुख प्रचारकों और समाजिक क्षेत्र के दो प्रमुख प्रचारक और उसी क्षेत्र से दो वरिष्ठ सदस्यों से भी मंत्री को अलग से मिलकर फीडबैक लेना जरूरी होगा। ये मीटिंग प्रशासनिक बैठक स्थल से दूर होगा ताकि मुद्दों पर खुलकर बात हो सके। इस बैठक में जमीनी स्तर की समस्याओं का तुरंत समाधान करना, विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उसके गति को तेज करने पर काम करना, सहयोगी दलों को पूरा सम्मान देना और संगठन की नाराजगी को समय रहते दूर करना मुख्य उद्देश्य होगा। जानकारी के मुता. बिक सीएम ऑफिस और प्रदेश भाजपा मुख्यालय से सभी मंत्रियों को हफ्ते में तीन दिन विभागीय काम, बाकी दिन दौरा और संगठन का और राजनैतिक काम करने के साफ निर्देश दे दिए गए हैं।

सीएम योगी ने किया आधुनिक फॉरेंसिक लैब का लोकार्पण

अब अपराधी पुलिस से नहीं बच पाएगा

गोरखपुर, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 2017 के बाद का नया उत्तर प्रदेश अपराध को कतई स्वीकार नहीं करता है और यदि किसी ने यहां अपराध करने की जुर्रत की तो उसे हर हाल में उसकी कीमत भी चुकानी होगी।

योगी ने मंगलवार को बी से ए क्लास में उच्चीकृत क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला आरएफएसएल गोरखपुर के नवीन उच्चीकृत भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित करने के बाद कहा कि वह दौर खत्म हो गया, जब पीड़ित तड़पता, भटकता था और अपराधी मौज-मस्ती करते थे और अब प्रदेश सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत साक्ष्य संकलन और फॉरेंसिक साइंस लैब्स (विधि विज्ञान प्रयोगशाला) के जरिए इसके प्रमाणन की ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कर दी है कि कोई भी अपराधी बच नहीं पाएगा। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति वैज्ञानिक साक्ष्यों पर आधारित जांच और आधुनिक फॉरेंसिक साइंस लैब्स के जरिए ऐसी निर्भ्रांत व्यवस्था विकसित हुई है कि अपराधी अब बच नहीं सकते। सटीक, त्वरित और पारदर्शी जांच के कारण पीड़ित को सहज, सुगम और समयबद्ध न्याय उपलब्ध हो रहा है। आरएफएसएल गोरखपुर के नवीन उच्चीकृत भवन छह मंजिला हाईटेक नवीन भवन के निर्माण पर 72.78 करोड़ रुपये की लागत आई है। उन्होंने फॉरेंसिक जांच की अत्याधुनिक सौगात के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि आबादी के लिहाज से देश का सबसे बड़ा राज्य होने के बावजूद 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में सिर्फ चार फॉरेंसिक साइंस लैब थे। सरकार बनने के बाद उन्होंने यह तय किया कि हर कमिश्नरी में एक फॉरेंसिक साइंस लैब होनी चाहिए। इससे आठ वर्षों में इनकी संख्या बढ़कर 12 हो गई है।

अब गोरखपुर में ही हो सकेगी डीएनए जांच

पुलिस से जुड़े मामलों में करें सख्त कार्रवाई: सीएम

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखपुर में अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि पुलिस से जुड़े मामलों में सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिए। योगी ने मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

योगी ने भरा एसआईआर प्रक्रिया का फॉर्म

लखनऊ/गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का फार्म भरा। भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से मतदाता सूची के एसआईआर प्रक्रिया चार नवम्बर से चार दिसम्बर तक चलाई जा रही है। श्री योगी को आज सुबह बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) ने गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर एसआईआर प्रक्रिया का फॉर्म उपलब्ध कराया। योगी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि सशक्त लोकतंत्र की नींव हैं सत्यापित मतदाता। आज विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत गोरखपुर में अपना गणना प्रपत्र स्वयं भरकर उपलब्ध कराया। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से अनुरोध किया है कि आप सभी एसआईआर फॉर्म अवश्य भरें। आपका यह छोटा सा प्रयास भारत के लोकतंत्र को मजबूत करेगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र में झूलेलाल मंदिर के पास स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय मतदान केंद्र के बूथ संख्या 223 के मतदाता हैं।

अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 84673.02
निफ्टी 25910.05

सोना रु. 123810
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 162000
प्रति किलो

शेयर बाजारों में गिरावट, निफ्टी 0.40 प्रतिशत टूटा

मुंबई, वार्ता

एशियाई शेयर बाजारों में तेज गिरावट के बीच मंगलवार को स्थानीय बाजार में सटोरिया बिकवाली का दबाव बढ़ गया, जिससे प्रमुख सूचक. ांकों में बीएसई30 सेंसेक्स और निफ्टी-50 में क्रमश: 0.33 प्रतिशत और 0.40 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई।

खास कर आईटी, बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र के शेयरों में बिकवाली का दबाव बढ़ने से सेंसेक्स 277.93 अंक गिरकर 84,673.02 और निफ्टी-50 भी 103.40 अंक गिर कर 25,910.05 पर बंद हुआ। स्माल कैप तथा मिड कैप शेयरों में बिकवाली का जोर कुछ और बढ़ा हुआ था। स्थानीय बाजार सुबह तेजी के साथ खुले थे, लेकिन एशियारी बाजारों में तेज गिरावट की रिपोर्टों को देखते हुए सटोरियों ने बिकवाली का दबाव बनाना शुरू कर दिया, जो बाजार बंद होने तक बना रहा। सेंसेक्स कल के बंद के स्तर 84,950.95 से ऊपर 85,042.37 पर खुला और दिन में ऊपर में 85,042.41 तथा नीचे में 84,558.36 तक गया था। इसी तरह निफ्टी-50 भी तेजी के साथ 26,021.80 पर खुल कर कुछ समय के लिए ऊपर में 26,029.85 तक चला गया था। दिन में यह टूट कर एक समय 25,876.50 तक चला गया था। सेंसेक्स के 30 में से 23 शेयर हानि में बंद हुए। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 2.23 प्रतिशत की गिरावट रही। इन्फोसिस 1.46 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 1.6 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 1.25 प्रतिशत घट कर बंद हुए। टीसीएस, एचसीएल टेक, एल एंड टी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और हिंदुस्तान लीवर जैसे शेयरों में भी घाटा हुआ। लाभ में रहे शेयरों में भारती एयरटेल 1.78 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 1.27 प्रतिशत और एशियन पेंट्स में 0.54 प्रतिशत का लाभ हुआ। टाइटन, पावर ग्रिड, मारुति और रिलायंस इंडस्ट्रीज भी लाभ में बंद हुए। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में निफ्टी बैंक में 0.11 प्रतिशत, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज में 0.36 प्रतिशत, एफएमसीजी में 0.56 प्रतिशत, निफ्टी आटो में 0.38 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। व्यापक आधार वाला निफ्टी 100 0.45 प्रतिशत नीचे आ गया, जबकि निफ्टी मिड कैप और स्माल कैप में क्रमश: 0. 59 प्रतिशत और 1.05 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एशियाई बाजारों में खास कर प्रौद्योगिकी शेयरों में बिकवाली के दबाव में जापान का निक्की तीन प्रतिशत टूट गया।

सोना-चांदी की कीमतों में आई बंपर गिरावट!

नई दिल्ली। सोना-चांदी की कीमतों में मंगलवार को जबरदस्त गिरावट देखने को मिली। त्योहारों के बाद अक्सर कीमतों में उतार-चढ़ाव दिखता है, लेकिन इस बार गिरावट इतनी भारी रही कि निवेशक और खरीदार दोनों हैरान रह गए। गोल्ड की तीनों कैटेगरी 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट में तेज गिरावट दर्ज की गई, जबकि चांदी भी एक ही दिन में 5000 रुपये तक नीचे आ गई।

आज 24 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने का भाव 1,23,810 रुपये रहा, जबकि कल इसकी कीमत 1,25,550 रुपये थी। 24 कैरेट गोल्ड की कीमतों में इतनी बड़ी गिरावट पिछले कई हफ्तों में पहली बार देखी गई है। चांदी के दामों में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली। आज की कीमत 1,62,000 रुपये प्रति 1 किलो रही, जबकि कल की कीमत 1,67,000 रुपये थी। इस प्रकार चांदी में 5000 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। चांदी की कीमतों में आई यह गिरावट निवेशकों के लिए बड़ा संकेत है कि बाजार में कमजोरी बढ़ रही है। एक्सपर्ट्स की मानें तो वैश्विक मार्केट में कमजोरी, डॉलर की मजबूती और ब्याज दरों से जुड़े संकेतों के कारण कीमती धातुओं के दाम दबाव में हैं। आने वाले दिनों में कीमतों में और उतार-चढ़ाव संभव है। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं।

चावल , गेहूं मजबूत , दाल और तेलों में रहा मिलाजुला रुख

नई दिल्ली। दिल्ली थोक जिंस बाजार में मंगलवार को सामान्य कारोबार के बीच गेहूं और चावल में हल्की तेजी दिखी। दाल दलहनों और खाद्य तेलों में मिला-जुला रुख रहा। गेहूं-चावल में 15 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी दिखी, जबकि गेहूं और आटा (गेहूं) दो-एक रुपये की तेजी में थे।दालों में चना और तूअर में क्रमश: पांच रुपये और 26 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी रही, जबकि उड़द और मूंग के भाव नौ रुपये से लेकर 14 रुपये तक चढ़े हुए थे।

चीन द्वारा अमेरिका से सोयाबीन की खरीद शुरू होने के समाचारों के बीच वैश्विक बाजारों में सोयाबीन तेल और पाम आयल की कीमतें तेजी पर हैं। इसके बावजूद स्थानीय बाजार में वनस्पति, सोया और पॉम तेल में आज नरमी दिखी। इसके विपरीत मूंगफली और सरसों तेल में 22 रुपये तथा 35 रुपये चढ़े हुए थे। चीनी और गुड़ थोड़े घट.बढ़ के साथ करीब.करीब कल के स्तर पर थे।

वैश्विक बाजारों में पॉम आयल और सोयाबीन में तेजी बनी हुई थी। मलेशिया में पॉम आयाल के निकटतम वायदा भाव 58 रिगिट यानी 1.40 प्रतिशत की तेजी के 4209 रिगिट प्रति टन और अमेरिकी जिस बाजार में सोया तेल दिसंबर वायदा 0. 70 डालर यानी 1.38 प्रतिशत की तेजी के साथ 51.85 डालर के भाव पर चल रहा था।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

सुसाइड बॉम्बिंग.... है। एनआईए ने बताया कि व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल पहले हमास की तरह ड्रोन और रॉकेट से हमला करना चाहता था। यह प्लानिंग हमास द्वारा 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर किए गए हमले की तर्ज पर बनाई गई थी। एनआईए को यह जानकारी आत्मघाती हमलावर डा. उमर-उन-नबी के एक और साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश की गिरफ्तारी के बाद मिली। दानिश जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के काजीगुंड का रहने वाला है। एनआईए ने उसे चार दिन पहले श्रीनगर से हिरासत में लिया था और औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया। एजेंसी ने बताया कि दानिश भीड़भाड़ वाले इलाके में ड्रोन से बम गिराने की योजना पर काम कर रहा था, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को नुकसान पहुंचाया जा सके। आतंकी डा. उमर का श्रीनगर से गिरफ्तार साथी जसीर बिलाल वानी 10 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजा गया। जम्मू-कश्मीर के पंपोर का रहने वाला आमिर राशिद अली वही शख्स है, जो डा. आतंकी उमर से आखिरी बार संपर्क में था। धमाके में इस्तेमाल कार आमिर के नाम पर रजिस्टर्ड थी और वह इसे खरीदने के लिए दिल्ली आया था। आमिर को 16 नवम्बर को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली ब्लास्ट मामले में पुलिस ने आतंकी डा. उमर के दो भाईयों, मां और पिता को भी हिरासत में लिया था। उनसे पूछताछ जारी है। उमर के भाई जहूर ने पूछताछ में माना कि उसी ने उमर का फोन पानी में फेंका था, ऐसा उमर के कहने पर ही किया था। जहूर इलाही के मुताबिक 26 से 29 अक्टूबर तक उमर कश्मीर में ही था। उसने जहूर को अपना मोबाइल थमाते हुए कहा था कि अगर मेरे बारे में कोई भी खबर आए, तो इस मोबाइल को नष्ट करके पानी में फेंक देना। श्रीनगर एसपी जीवी संदीप चक्रवर्ती ने बताया कि जहूर ने उस जगह की भी जानकारी दी, जहां मोबाइल फेंका गया था। इसके बाद मोबाइल को निकाला गया, उसे बुरी तरह से तोड़ा गया था। बाद में एक्सपर्ट्स ने मोबाइल से डेटा रिकवर किया।

ईडी ने... और हरियाणा पुलिस की जांच में संस्थान के भीतर बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। इसके बाद ईडी ने हस्तक्षेप किया और धन शोधन की जांच शुरू की। इस छापेमारी ने वित्तीय धोखाधड़ी के एक जटिल जाल का पर्दाफाश किया है। अधिका. रियों ने पुष्टि की है कि अल फलाह समूह से जुड़ी कम से कम नौ फर्जी कंपनियां एक ही पते पर पंजीकृत हैं और सभी जांच के घेरे में हैं। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अल फलाह ट्रस्ट और उससे जुड़ी संस्थाओं की भूमिका पर कड़ी नजर रखी जा रही है। हम वित्त और प्रशासन की देखरेख करने वाले प्रमुख अधिकारियों की जांच कर रहे हैं। जांचकर्ताओं ने संस्थान के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) से मान्यता प्राप्त होने के दावों में पहली नजर में विसंगतियां पाई हैं। इन पहलुओं की अब संबंधित नियामक प्राधिकरणों से पुष्टि की जा रही है। पुलिस प्राथमिकी के आधार पर शुरू हुई ईडी की जांच अब आतंकवाद से जुड़ी जांच से बढ़कर एक जटिल वित्तीय धोखाधड़ी और धनशोधन के मामले में बदल गई है, जिससे संस्थान के वित्तीय अपराधों और विस्फोट के आरोपियों की गतिविधियों के बीच गहरी सांठगांठ का संकेत मिलता है।

महादेवा महोत्सव 2025 का आयोजन 17 नवम्बर से: जयवीर सिंह

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि सात दिवसीय महादेवा महोत्सव 2025 का आयोजन 17 नवम्बर से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाराबंकी जनपद के सूरतगंज ब्लॉक स्थित पौराणिक तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेव में 17 से 23 नवम्बर 2025 तक सात दिवसीय महादेवा महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है।

आस्था, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक विविधता का यह महोत्सव वर्षों से प्रदेश और देशभर के श्रद्धालुओं का केंद्र रहा है। इस वर्ष भी 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना व्यक्त की गई है। आगंतुकों में स्थानीय भक्तों के साथ-साथ बहराइच, गोंडा, लखनऊ, पश्चिमी उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या विशेष रूप से अधिक रहती है। उन्होंने कहा कि महोत्सव के कारण बाराबंकी जिला धार्मिक पर्यटन का एक प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है।

महोत्सव से स्थानीय व्यापार, होटल और होम-स्टे, परिवहन, भोजनालय, हस्तशिल्प तथा बाजारों को उल्लेखनीय आर्थिक लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सुदृढ़ सड़क नेटवर्क, बेहतर कनेक्टिविटी और सुरक्षित वातावरण ने ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित किया है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहित करने हेतु बाराबंकी जिले में 32 होमस्टे संचालित हैं, जिनमें से नौ होमस्टे लोधेश्वर मंदिर के आसपास कार्यरत हैं। ये आगंत.ुकों को स्थानीय संस्कृति, ग्रामीण जीवनशैली, पारंपरिक भोजन और आतिथ्य का अनुभव प्रदान करते हैं। मंदिर क्षेत्र में स्थित 'लोधेश्वर फार्म स्टे' पर मधुमक्खी पालन, प्रोसेसिंग और पैकेजिंग को देखने का भी अवसर मिलता है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि महोत्सव में प्रतिदिन विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

नहटौर थाने से पशु चोरी व कटान का आरोपी फरार

पुलिस ने घंटों की मशक्कत के बाद पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

नहटौर। पशु चोरी और कटान का एक आरोपी थाने से भाग जाने पर पुलिस में घंटों तक हड़कंप मचा रहा। पूरे थाने की पुलिस उसे शहर में तलाशती रही। वह गांव कासमपुर लेखराज में मोबाईल टावर के पास मिलने पर पुलिस ने राहत की सांस ली है। पूर्व में भी एक आरोपी नहटौर थाने से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। थाने से आरोपी भागने पर नहटौर पुलिस पर सवालिया निशान उठ रहे हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंगलवार की सायं करीब साढ़े छह बजे नहटौर थाने से एक व्यक्ति के भागने की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। सूत्रों के मुताबिक आरोपी नूरपुर मार्ग के एक गांव का बताया जा रहा है। उस पर पशु चोरी और कटान के आरोप बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि उसे थाना परिसर से वह करीब साढ़े छह बजे अचानक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पशु चोर व कटान का आरोपी थाना परिसर से भाग जाने पर पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस उसे पूरे शहर में तलाशती रही। आरोपी के हाथ नहीं लगने पर पुलिस में हड़कंप मचा रहा। पूरे थाने की पुलिस उसे तलाशने में जुट गई। करीब दो घंटे बाद पुलिस उसे तलाशती हुई गांव कासमपुर लेखराज में लगे टावर पर पहुंची तो वह वहां बैठा मिल गया। पुलिस ने उसे वहां से पकड़ लिया। उक्त आरोपी के पकड़े जाने पर पुलिस ने राहत की सांस ली है। पूर्व में भी थाने से एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। वह पुलिस से बचने के लिए एक तालाब में घुस गया था। बाम. शिकल पुलिस उसे दोबारा से पकड़ पाई थी। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि एक संदिग्ध की लो. केशन के आधार पर पीछा किया जा रहा था, वह छिप गया था। उसको तलाश कर लिया गया है।

संकट का सामना करें, आत्महत्या नहीं : प्रो. ललित

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। जनपद बिजनौर में गत कुछ महीनों में बढ़ते आत्महत्या के मामलों पर गहराई से नजर डालने पर सामने आता है कि जीवन में हल्के - फुल्के उतार चढ़ाव आते रहते हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि छोटी-छोटी बातों पर जान गवांकर परिजनों को दुखी किया जाए।

इस विषय पर रसायन प्रो. (डॉ) ललित राजपूत ने वैज्ञानिक दृष्टि से यह सुझाव दिया कि यदि कोई व्यक्ति रोजाना तीन से चार लीटर पानी पीता है तो उसके शरीर में ऑक्सीजन (ओ2) का प्रवाह ठीक रहता हैं और मन शांत रहता है। जिससे नकारात्मक विचार अपेक्षाकृत कम उत्पन्न होते हैं।

आत्महत्या करने वालों में सरकारी अधिकारी, ग्रहणी, व्यापारी, छात्र, मजदूर, किसान, उच्च शिक्षित युवा यानी समाज के लगभग हर वर्ग के लोग शामिल हैं। ये सभी घटनाएं बिजनौर में मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा की कमजोर स्थिति को उजागर करती है। जरूरत इस बात की है कि सरकार व समाज मिलकर इस संकट को समझे और आत्महत्या रोकने हेतु व्यापक जागरूकता, मानसिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास और आर्थिक सहायता प्रदान करें।

इसके साथ-साथ प्रो. ललित ने प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि गंगा बैराज पर पिछले कुछ समय से आत्महत्या की घटनाओं में बहुत अधिक वृद्धि देखी गई है, जिसमें गत आठ दिन पूर्व आईआईटी ग्रैजुएट एक युवती ने यूपीएसटी में चयन न होने की निराशा में गंगा में कूदकर जान दे दी थी। जिसकी रोकथाम हेतु बैराज पर कम से कम 8 फीट ऊंचा लोहे का जाल तत्काल लगाया जाए। क्योंकि वर्तमान में वहां रेलिंग मात्र लगभग चार फीट ऊंची है जो सुरक्षा हेतु अपर्याप्त हैं।

मंडावर चमका: कुनाल वाल्मीकि की मेहनत से स्वच्छता अभियान ने पकड़ी रफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडावर। नगर पंचायत में चल रहे विशेष सफाई अभियान 'युधिष्ठिर' ने नया रंग दिखाना शुरू कर दिया है। अभियान के दौरान नवागत युवा सफाई नायक कुनाल वाल्मीकि ने जैसे ही चार्ज संभाला, कस्बे की सूरत बदलने लगी।

सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि नगर पंचायत के कुल 17 सफाई कर्मचारियों को बीएलओ के साथ लगा दिया गया है। यानी सफाई का पूरा काम लगभग आधे से भी कम स्टाफ के भरोसे था। लेकिन कुनाल वाल्मीकि ने हार नहीं मानी। सुबह से शाम तक खुद मैदान में डटे रहकर, बचे हुए कर्मचारियों की मदद से और सही योजना बनाकर उन्होंने पूरे कस्बे को चकाचक कर दिया। आज मंडावर की गलियां, मुख्य मार्ग, चौक-चौराहे और नालियां साफ- सुथरे नजर आ रहे हैं। कचरा समय पर उठ रहा है, जगह-जगह लगे डस्टबिन खाली हो रहे हैं और पूरा कस्बा स्वच्छता की मिसाल पेश कर रहा है। कस्बे के लोग खुश हैं।

बाजार में दुकानदार हो या मौहल्ले में महिलाएं, हर कोई कुनाल वाल्मीकि की तारीफ करते नहीं थक रहा। एक बुजुर्ग कहा, इतने कम आदमियों में इतनी साफ-सफाई पहले कभी नहीं देखी। एक मौहल्ले के व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, कुनाल दिन-रात एक कर रहा है। खुद झाड़ू लेकर सड़क पर उतरता है, कर्मचारियों को समझाता है, लोगों से सहयोग मांगता है। उसकी लगन देखकर हम सब भी जोश में आ गए हैं। कुनाल वाल्मीकि ने विनम्रता से कहा, मैं अकेला कुछ नहीं कर सकता। जो थोड़े बहुत साथी कर्मचारी हैं और कस्बे के लोग जिनका सहयोग मिल रहा है, उसी का नतीजा है। मेरा सपना है कि मंडावर पूरे बिजनौर में सबसे स्वच्छ कस्बा बने।

दलित किशोरी की इज्जत का लुटेरा आशू अरेस्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। दलित किशोरी की इज्जत लूटने के आरोपी आशु को कोतवाली देहात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 16 नवम्बर को थाना कोतवाली देहात में वादी ने तहरीर दी थी कि आशु पुत्र करन सिंह निवासी ग्राम रहमापुर उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला कर ले गया। अभियुक्त के पिता के द्वारा वादी व उसकी पत्नी के साथ बदतमीजी की गई। तहरीर के आधार पर कोतवाली देहात पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 237/2025 धारा 137 (2) व 352 बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। साथ ही साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियोग में बलात्कार की धारा 64 (1) बीएनएस व धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट व धारा 3(2) 5 एससी/एसटी एक्ट की वृद्धि की गई। पुलिस ने आशू को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ हल्दौर थाने में पूर्व से ही गंभीर धाराओं में तीन अभियोग पंजीकृत है।

दम्पति के साथ बदतमीजी

गाइड लाइन का पालन करने का आह्वान

अफजलगढ़। ब्लॉक अफजलगढ़ में प्राइवेट डिलीवरी की बढ़ती हुई संख्या को देखकर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सर्वेश निराला के द्वारा आज आशाओं की मीटिंग की गई। जिसमें निर्देश दिए गए कि प्राइवेट डिलीवरी को बंद किया जाए और नसबंदी के केस ज्यादा से ज्यादा कराया जाए। आशाओं के द्वारा आबादी कवच और टीकाकरण में भी सुधार किया जाए। चेतावनी पत्र आशाओं को जारी किया गया तथा सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करने का आह्वान किया गया। इस मीटिंग में एआरओ कल्याण सिंह, सीपीएम विमलेश, सुरुचि, संगिनी चंद्रकांता तथा संगिनी आदि मौजूद थी।

सर्राफा व्यापारियों का सेमिनार

जेवर हॉल मार्क व एमसीएक्स के बारे में विस्तार से बताया

शाह टाइम्स संवाददाता

नजीबाबाद। सर्राफा व्यापारियों का एक विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें जेवर हॉल मार्क एवं एमसीएक्स के विषय में सराफा व्यापारियों को विस्तार से बताया गया।

इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन द्वारा नजीबाबाद के रॉयल होटल में एक सर्राफा व्यापारियों के सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें जिला बिजनौर के प्रमुख सर्राफा व्यावसायियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन ज्वैलर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ एवं मुकुल अग्रवाल। धनी ज्वैलर्स तथा अभिनव वर्मा कुमार ज्वेलर्स के द्वारा किया। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ तथा सचिव मयंक वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीएस देहरादून के अधिकारी श्रीकांत मिश्रा, इब्जा के डायरेक्टर मनोज पुंडीर, मुजफ्फर नगर तथा सरदार समरपाल सिंह एमसीएक्स मुंबई तथा महिला आयोग की सदस्य श्रीमती संगीता जैन अग्रवाल बिजनौर से उपस्थित रही। जेवर हॉल मार्क एवं एमसीएक्स के विषय में सर्राफा व्यापारियों को विस्तार से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में आचार्य आरएन केला इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा मन मोहक डांस एवं सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किए गए। सभी मुख्य अतिथियों एवं जनपद से आए व्यापारियों को शॉल सम्मान पत्र प्रतीक चिन्ह एवं फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ संरक्षक, मुकुल अग्रवाल सचिव, मयंक वर्मा ने सभी आगन्तुक मेहमानों का एवं व्यापारियों का हार्दिक धन्यवाद दिया तथा कहा कि व्यापारी एकता में शक्ति है। इसलिए हमें संगठित रहना है तथा किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न ऑल इंडिया बुलियन ज्वैलर्स एसोसिएशन बर्दाश्त नहीं करेगी।

सैकड़ों वाहनों के चालान

बिजनौर। यातायात पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत बिना हेलमेट के वाहन चलाने पर 283 चालान किए गए। बिना सीट बेल्ट के 25 एवं मोबाइल फोन को इस्तेमाल करने पर 19 चालान किए गए। गलत साइड में वाहन चलाने पर 17 चालान किए गए। दुपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाने पर 85 चालान किए गए। बिना बीमा के 26 चालान किए गए। बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के 28 चालान किए गए। बिना लाइसेंस के वाहन चलाने पर 42 चालान किए गए। मोडिफाइड साइलेंसर के 16 चालान किए गए। चार वाहन सीज किए गए। एक डग्गामार बस सीज की गई व तीन के चालान किए गए। बीना नम्बर प्लेट के 13 डम्परों व ट्रकों का चालान किया गया।

एक नजर

कांग्रेस की बैठक में चुनाव प्रक्रिया पर चर्चा

बिजनौर। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जिला बिजनौर की जिला अध्यक्ष श्रीमती हेनरिता राजीव सिंह की अध्यक्षता में आज जिला कांग्रेस मुख्यालय में जिला एवं ब्लॉक स्तर के सभी पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से दो बिंदुओं पर गहन चर्चा हुई। बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति की प्रगति की समीक्षा जिला अध्यक्ष श्रीमती हेनरिता राजीव सिंह ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों व पदाधिकारियों से उनके-अपने क्षेत्रों में नियुक्ति की वर्तमान स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट ली। उन्होंने निर्देश दिए कि शत-प्रतिशत बूथों पर बीएलए की नियुक्ति अनिवार्य रूप से पूरी कर ली जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसआईआर चुनाव प्रक्रिया पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। बैठक में आगामी एसआईआर प्रक्रिया को लेकर रणनीति पर गहन चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची में अधिक से अधिक नए मतदाताओं का नाम जुड़वाने, मृत/स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटवाने तथा फर्जी मतदाताओं की पहचान करने हेतु विशेष अभियान चलाया जाए। बूथ लेवल एजेंटों की सक्रिय भूमिका इस प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। श्रीमती हेनरिता राजीव सिंह ने सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया कि पार्टी के हर कार्यकर्ता को इस कार्य को मिशन की तरह लेना होगा ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी बिजनौर जिले में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर सके। बैठक में जिला उपाध्यक्ष, महासचिव, ब्लॉक अध्यक्ष, सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में शेर बाज पठान, धर्मवीर सिंह, आरके सिंह, एड. विक्रम सिंह, नसीम अहमद, काजी आतिफ, हुक्म सिंह, सरदार गुरुमुख सिंह, रामपाल सिंह सहित अनेकों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

शिव मंदिर प्राचीन धरोहर : राहुल

अफजलगढ़। नगर के ऐतिहासिक और आस्था के केंद्र प्राचीन बड़े शिव मंदिर के नवनिर्मित भवन की स्थापना दिवस की चौथी वर्षगांठ आज श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई जा रही है। यह अवसर न केवल मंदिर की दिव्यता का प्रमाण है। बल्कि नगरवासियों की वर्षों की आस्था और सहयोग का प्रतीक भी है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राहुल शर्मा ने बताया कि बड़ा शिव मंदिर हमारी प्राचीन धरोहर है और इसके रखरखाव तथा धार्मिक अनुष्ठानों में कोई भी कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि शीघ्र ही मंदिर प्रांगण में स्थित लगभग 250 वर्ष पुरानी माता मंदिर का जीर्णोद्धार भी जनता और समिति के सहयोग से शुरू किया जाएगा। विदित हो कि प्राचीन शिव मंदिर की जर्जर अवस्था को देखते हुए मार्च 2015 में इसके जीर्णोद्धार का निर्णय लिया गया था। इस दौरान निर्माण समिति के अध्यक्ष के रूप में प्रमोद अग्रवाल (लाल दुकान वाले) को चुना गया था। उनकी सहयोगी टीम में हरिश्चंद्र कर्णवाल, अतुल अग्रवाल (पंप वाले), अंबरीश अग्रवाल, पंडित रमेश चंद गौड़, डॉ. संजीव गुप्ता, विकास जैन, एड. प्रमोद बजाज, पत्रकार नितिन दिनेश कौशिक, मुकेश अग्रवाल उर्फ मुन्ना फोटोग्राफर, राजीव अग्रवाल सहित कई प्रमुख लोग शामिल रहे। लगभग छह वर्षों तक चले इस निर्माण कार्य में नगर ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र की जनता ने बढ़-चढ़कर सहयोग दिया। इसी जनसहयोग का परिणाम है कि सन 2021 में यह भव्य व दिव्य शिव मंदिर पूर्ण रूप से तैयार होकर आस्था का नया स्वरूप बनकर खड़ा हो गया। इसका शिलान्यास कलम के पुरोधा स्वर्गीय बाबू सिंह चौहान के सुपुत्र तथा सांध्य दैनिक चिंगारी के संपादक सूर्यमणि रघुवंशी द्वारा 31 मार्च 2015 को किया गया था। नगर के मध्य स्थित यह प्राचीन शिव मंदिर लगभग दो शताब्दियों से अधिक समय से लाखों श्रद्धालुओं की आस्था व विश्वास का केंद्र बना हुआ है। यहां प्रतिवर्ष दूर-दूर से आने वाले भक्त अपनी मनोकामनाओं के साथ शीश नवाते हैं और मंदिर की दिव्य अनुभूति का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। उस वक्त जब प्राचीन शिव मंदिर में नवनिर्मित भवन में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम यज्ञाहुतियों के साथ प्रारंभ हुआ था। जिसमें अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) डॉ. इंद्रेश कुमार व उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मिनिस्टर रह चुके हरक सिंह रावत ने भाग लिया था।

वार्षिक खेल समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताएं

विजेताओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। वीरा चैरिटेबल सोसाइटी के 31 वें तीन दिवसीय वार्षिक खेल समारोह के द्वितीय दिन खेल प्रतियोगिताओं आयोजन रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय के संयोजन में नेहरू स्टेडियम में किया गया।

समारोह में प्रवीण गुप्ता, मनोनीत सदस्य, प्रबंध समिति, मुख्य अतिथि राहुल चौधरी, अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी एवं ख्याति माथुर, नेशनल लेवल हाई जंप एथलीट, विशाल माथुर, श्रीमती रचना माथुर, श्रीमती संजू शर्मा प्रेमा सत्य वीरा इंटर कॉलेज, प्रो. महेंद्र सिंह कौरव प्राचार्य, कुंवर सत्य वीरा डिग्री कॉलेज अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ प्रदान कर प्राचार्या संयोजिका प्रो.(डा.) पारुल त्यागी ने किया गया।

इसके पश्चात खेल प्रतियोगिताओं की समन्वयक प्रो. मंजू एवं सह समन्वयक डा. सीमा चौधरी के निर्देशन में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें बालक बालिकाओं ने विभिन्न वर्गों में विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं में जूनियर बालक वर्ग 3000 मीटर दौड़ में रक्षित चौहान ने प्रथम स्थान एवं माज ने द्वितीय स्थान, उजेफा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग 3000 मीटर दौड़ में आँचल ने प्रथम सानिया द्वितीय, मोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालक वर्ग 3000 मीटर में मयान कुमार ने प्रथम स्थान एवं अमन ने द्वितीय एवं शांतनु तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर बालिका वर्ग में राधिका प्रथम, स्वाति कुमारी द्वितीय तथा गौरी ने तृतीय स्थान, सुपर सीनियर बालक वर्ग में अर्पित धामा ने प्रथम, दीपक ने द्वितीय तथा रचित ने तृतीय, स्थान सुपर सीनियर बालिका वर्ग में पायल ने प्रथम, विकांक्षा ने द्वितीय तथा मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में 1500 मीटर जूनियर बालक वर्ग मे रक्षित चौहान प्रथम, लविश कुमार द्वितीय, उजेफा तृतीय स्थान पर, जूनियर बालिका वर्ग मे गुनगुन प्रथम, आंचल द्वितीय एवं नैना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालक वर्ग में मयंक कुमार ने प्रथम, अमन द्वितीय, तथा वीरा इंटर कॉलेज के ही शहआलम ने तृतीय स्थान, सीनियर बालिका वर्ग में राधिका ने प्रथम, स्वाति ने द्वितीय, गौरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुपर सीनियर बालक वर्ग मृत्युंजय डबास ने प्रथम, दीपक ने द्वितीय तथा दीपांशु सिंह ने तृतीय स्थान व सुपर सीनियर गर्ल्स में पायल ने प्रथम, विकांक्षा ने द्वितीय तथा पारुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसके बाद 200 मीटर रेस का आयोजन किया गया, जिसमें प्राइमरी लेवल में श्वेतिका सिंह ने प्रथम, प्रियांक ने द्वितीय तथा निधि ने तृतीय स्थान, जूनियर बालक वर्ग में माज ने प्रथम, अमित कुमार ने द्वितीय तथा वंश वर्मा ने तृतीय, 200 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में प्रियंका रानी ने प्रथम, मनस्वी ने द्वितीय, खुशी पाल ने तृतीय स्थान, सीनियर बालक वर्ग में पीयूष राज ने प्रथम, लव चौधरी ने द्वितीय, जनसुल कुमार ने तृतीय स्थान, सीनियर बालिका वर्ग में प्राची सैनी ने प्रथम, लक्ष्मी ने द्वितीय एवं सानिया ने तृतीय स्थान, सुपर सीनियर बालक वर्ग में आकाश कुमार ने प्रथम, कुलबीर त्यागी ने द्वितीय, अभय गुप्ता ने तृतीय स्थान, सीनियर बालिका वर्ग में ज्योति रानी ने प्रथम, नियाशा तोमर ने द्वितीय तथा प्रतिभा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में 800 मीटर बालक वर्ग में लविश कुमार प्रथम, उजैफ द्वितीय व सुफियान तृतीया स्थान पर रहे। जूनियर बालिका वर्ग में पल्लवी प्रथम, सानिया द्वितीय तथा आशु तृतीय स्थान पर रही। सीनियर बालक वर्ग में मयंक कुमार प्रथम, अनुराग द्वितीय तथा मनवीर तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर बालिका वर्ग में राधिका प्रथम, उपासना देवी द्वितीय तथा कामना तृतीय स्थान पर रही। सुपर सीनियर बालक वर्ग में मृत्युंजय डबास प्रथम, अर्पित धामा द्वितीय तथा दीपांशु सिंह तृतीय स्थान पर रहे। सुपर सीनियर बालिका वर्ग में पायल प्रथम, निशा द्वितीय तथा संजना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसके बाद 100X4 रिले रेस आयोजित की गई। जिसमें जूनियर बालक वर्ग में माज, कुणाल, निशांक तथा प्रसनजीत ने प्रथम, वंश कुमार, अमित कुमार, लविश कुमार तथा रक्षित ने द्वितीय, माधव, हितेश, सूर्य तथा दिव्यांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग में प्रियंका, आयुषी, पल्लवी, आराध्या ने प्रथम, खुशी पाल, मनस्वी, साक्षी, आद्रिका ने द्वितीय, रिया, राशि शारिका तथा करुणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालक वर्ग में लव चौधरी नितिन कुमार, पीयूष राज, प्रशांत वर्मा ने प्रथम, सक्षम सिंह, आयुष कुमार, अली इब्राहिम, मनवीर सिंह ने द्वितीय, शिवम, कार्तिक पाल, मयंक कुमार, शांतनु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुपर सीनियर बालक वर्ग में अर्पित धामा, निशांत, मृत्युंजय, कुणाल ने प्रथम, कुलवीर त्यागी, प्रणव, ऋषभ, पंकज ने द्वितीय स्थान, सुपर सीनियर बालिका वर्ग में आकांक्षा, प्रतिभा, पायल ने प्रथम, निशा, सोनी, सोनिया, जसमीत ने द्वितीय, मानवी तोमर, नियाशा, मुस्कान, वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में ऊंची कूद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें जूनियर बालक वर्ग में जय सिंह ने प्रथम, वंश वर्मा ने द्वितीय, कृष्ण सिंह ने तृतीय स्थान, जूनियर बालिका वर्ग में खुशी पाल ने प्रथम, परि चंद्र ने द्वितीय तथा शमा ने तृतीय, सीनियर बालक वर्ग में प्रियांशु ने प्रथम, सुमित चौधरी ने द्वितीय तथा पार्थ चौधरी ने तृतीय स्थान, सीनियर बालिका वर्ग में लक्ष्मी ने प्रथम, जैनब ने द्वितीय तथा कनक भूटार ने तृतीय स्थान, सुपर सीनियर बालिका वर्ग में स्नेहा कुमारी प्रथम, मोहिनी ने द्वितीय तथा न्यास तोमर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

तत्पश्चात शॉट पुट प्रतियोगिता आयोजित की गई। जूनियर बालक वर्ग में कार्तिक कुमार, वंश चौधरी तथा प्रांशु ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान, जूनियर बालिका वर्ग में रिचा, सुभद्रा तथा आरुषि ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान। सीनियर बालक वर्ग में अनिरुद्ध त्यागी, यश कुमार, राज सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान, सीनियर बालिका वर्ग में उर्वशी, अमृता रानी, इल्मा ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान, सुपर सीनियर बालक वर्ग में स्नेहा प्रथम, अरीन फातिमा द्वितीय, वंशिका राणा तृतीय स्थान पर रहीं। विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। खेल प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने में तकनीकी समिति के सदस्यों नरेंद्र सिंह, अतुल कुमार, रवि कुमार, योगेश कुमार तथा अभिषेक चौधरी का सहयोग रहा।

कार्यक्रम में आरजेपी इंटर कॉलेज के प्राचार्य कैप्टन बिशन लाल, डीडीपीएस, बिजनौर के प्राचार्य राजीव थॉमस, केपीएस आईसी, बिजनौर की प्राचार्या श्रीमती संगीता गुप्ता, आदर्श बाल विद्या निकेतन, बिजनौर के प्राचार्य गिरी राज, वीरा इंटर कॉलेज, धर्मनगरी, बिजनौर के प्राचार्य वाजिद हुसैन, प्रेमा सत्य वीरा कन्या इंटर कॉलेज, मंडावर की प्राचार्या श्रीमति संजू शर्मा, गोमती कन्या इंटर कॉलेज, मुजफ्फरनगर की प्राचार्या श्रीमती ज्योति बाला, कुंवर सत्य वीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के निदेशक डा. अमित बंसल, कुंवर सत्य वीरा डिग्री कॉलेज, बिजनौर के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह कौरव एवं वीरा चेरिटेबल सोसाइटी के समस्त महाविद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संपन्न कराने में संयोजक रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं अन्य विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के समस्त कर्मचारियों का सहयोग रहा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं ,छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

हादसे में बाइक सवार एक भाई की मौत, दो गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

हल्दौर। गांव पैजनियां के निकट एक शराब ठेके के पास एक आवारा पशु को बचाने के प्रयास में बाइक सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। इसमें एक भाई की उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई, जबकि दोनों भाई गंभीर रुप से घायल हो गए।

गांव पावटी निवासी अयान, जिशान व साकिब चांदपुर में कपड़े का कारोबार करते है। मिली जानक. ारी के अनुसार तीनों भाई सोमवार की शाम चांदपुर से अपनी बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चांदपुर, नहटौर मार्ग पर स्थित गांव पैजनियां शराब ठेके के सामने अचानक से आवारा एक बछड़ा उनकी बाइक से टकरा गया। बाइक अनियंत्रित होकर

आवारा पशु को बचाने के प्रयास में पेड़ से टकराई बाइक

सड़क किनारे पेड़ में टक्कर लग गई। इसमें बछड़े की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों भाइयों को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें उपचार के लिए बिजनौर रेफर कर दिया। उपचार के दौरान अयान की मौत हो गई है।

आवारा पशुओं के कारण सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन दुर्घटनाओं में या तो पशु अचानक वाहन के सामने आ जाते हैं या फिर वाहन चालक उन्हें बचाने की कोशिश में नियंत्रण खो देते हैं।

हल्का इंचार्ज का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

थाने में प्रभारी निरीक्षक की मेज पर पैर रखकर देख रहे मोबाइल

शाह टाइम्स संवाददाता

हल्दौर। क्षेत्र के गांव कुम्हारपुरा जंगल में कुछ दिन पूर्व चोरों ने करीब 14 नलकूपों को निशाना बनाकर हजारों रुपये मूल्य के विद्युत उपकरण चोरी कर लिए, जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

गांव कुम्हारपुरा निवासी उदयराज सिंह, जितेंद्र सिंह, रविंद्र कुमार, अनिल कुमार, शिशुपाल सिंह, परवेंद्र कुमार, हेमेंद्र सिंह, रामवीर सिंह, मेघराज सिंह, दिनेश कुमार, देवेंद्र कुमार आदि किसानों के नलकूप संचालित है। मालूम हो कि गत 13 अक्टूबर को उक्त किसानों के नलकूप से चोर स्टार्टर, बिजली के केबल, मोटरों से जुड़े उपकरण तथा अन्य मूल्यवान सामान निकाल ले गए। उपकरण चोरी होने से सिंचाई कार्य बंद हो जाने से किसान बेहद परेशान हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही प्रभावित किसान थाने पहुंचे और हल्का इंचार्ज उपनिरीक्षक पवनेंद्र कुमार को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि चोरी गए उपकरणों की कीमत हजारों रुपये में है और लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाएं किसानों के लिए चिंता का विषय बन चुकी हैं। उधर, हल्का इंचार्ज पवनेंद्र कुमार ने घटना स्थल का निरीक्षण तो किया, लेकिन अभी तक वह किसी भी चोरों का सुराग नहीं लगा पाए है।

इसी बीच सोशल मीडिया पर वायरल एक तस्वीर ने मामले को और गरमा दिया है। वायरल फोटो में पवनेंद्र कुमार थाने में प्रभारी निरीक्षक की मेज पर पैर रखकर मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर ने ग्रामीणों के आक्रोश को और भड़का दिया है तथा पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे अपनी शिकायत उच्चाधिकारियों तक ले जाने को बाध्य होंगे। क्षेत्र में हाल के दिनों में चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि होने से कुम्हारपुरा और आसपास के गांवों में सुरक्षा को लेकर चिंता गहराती जा रही है।

एक नजर

गन्ना बकाया भुगतान को सौंपा ज्ञापन

नहटौर। ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन सरपंच की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें वक्ताओं ने बिलाई शुगर मिल के गन्ना बकाया भुगतान को शीघ्र दिलाए जाने, निराश्रित गोवंशों को पकड़वाए जाने, गुलदारों को शीघ्र पकड़वाए जाने आदि की मांगों को लेकर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। लवी चौधरी युवा प्रदेश अध्यक्ष, लाला सिंह युवा ब्लाक अध्यक्ष नहटौर, सुरेशचंद विश्वकर्मा ग्राम पंचायत अध्यक्ष बसाबनपुर, रघुवीर सिंह ग्राम पंचायत अध्यक्ष जरीफपुर चतर, विरेश चौधरी, दयाराम सिह, नौभार सिंह, वीर सिंह, राजपाल चौधरी, नरेश चौधरी, ऋषिपाल सिंह, ऋषिराम सैनी, यादराम सैनी, अक्षय कुमार आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ग्राम प्रधान व सचिवों को प्रशिक्षण

हल्दौर। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय के स्रोत विषय पर जनपद बिजनौर के ग्राम प्रधान/ग्राम सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के निर्देशन में विकास खण्ड सभागार हल्दौर पर आयोजित किया गय। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय किस प्रकार बढ़ाई जाये मंथन करना था, जिसमें सभी प्रतिभागियों के द्वारा अच्छे सुझाव प्राप्त हुए। कार्यशाला का संचालन करते हुए सतेंद्र शर्मा के द्वारा पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 37 पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पंचायतों की आय हेतु कर लगाने के प्रावधानों पर चर्चा की। इसी क्रम में प्रशिक्षक कुलवीर सिंह के द्वारा पंचायतों की स्वयं की आय के गैर-कर तरीके जैसे- बाजार का पट्टा, तालाबों का पट्टा, पार्कों में ओपन जीम बनाकर, पुस्तकालय बना कर तथा प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम के द्वारा जन सेवा केंद्र से शुल्क अथवा फीस, टूरिस्ट टैक्स, मेहनाज के द्वारा कूड़ा कचरा प्रबंधन पर सुविधा शुल्क, शहनाज के द्वारा सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन एवं शुल्क अधिरोपण, गौशाला के उत्पादों से आय कर आदि उपायों से पंचायते अपनी स्वयं की आय बढ़ा सकती है और अपनी पंचायतों को स्वावलम्बी बना सकती है। प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव मौजूद रहे।

गणना प्रपत्र कार्य में तेजी लाने के निर्देश

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने माननीय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए निर्देशों के अनुपालन में बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में 04 नवंबर, 2025 से बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर गणना प्रपत्रों के वितरण एवं प्राप्ति का कार्य सम्पन्न किया जा रहा है। उन्होंने जिले के समस्त नागरिकों/मतदाताओं से अपील है कि अपने से संबंधित गणना प्रपत्र को भरकर यथाशीघ्र संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध करा दें। उन्होंने बताया कि अगर किसी मतदाता को गणना प्रपत्र एक से अधिक स्थानों के प्राप्त हुये हैं तो उक्त मतदाता द्वारा केवल एक ही गणना प्रपत्र भरा जायेगा। उन्होंने माननीय आयोग द्वारा निर्देशों के अनुपालन में समस्त बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 25 नवंबर तक अपने-अपने बूथों से संबंधित मतदाताओं के शत प्रतिशत गणना प्रपत्रों को आनलाइन/ डिजिटाइज का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि जन सामान्य की सुविधा के लिए आयोग द्वारा https://ceout-tarpradesh.nic.in की वेबसाइट पर वर्ष-2003 की निर्वाचक नामावली को डाउनलोड कर अपना नाम देखें जाने तथा इसके साथ ही गणना प्रपत्र को https://voters.eci.gov.in के enumeration form में जाकर ऑनलाइन भी भरे जाने की सुविधा प्रदान की गयी है। उन्होंने जन सामान्य का आह्वान करते हुए कहा कि वह स्वयं भी ऑनलाइन SIR के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाई गई वेबसाइट्स पर अपने आवेदन पत्रों में निर्धारित जानकारियां भरकर खुद भी अपलोड कर सकते हैं।

छात्रा लापता, ग्रामीणों का प्रदर्शन

बिजनौर। कक्षा नौ की एक छात्रा के लापता होने पर परिजन, ग्रामीण और भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में शहर कोतवाली पहुंच गए। छात्रा की तत्काल बरामदगी की मांग को लेकर लोगों ने जोरदार नारेबाजी की और कोतवाली परिसर में ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटना कोतवाली शहर क्षेत्र के एक गांव की है। जहां 15 नवंबर को सुबह करीब 8:30 बजे छात्रा साइकिल से स्कूल के लिए निकली थी। लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटी। तलाश के दौरान पता चला कि उसने रसीदपुर गढ़ी में साइकिल खड़ी कर दी थी और एक रिक्शा में बैठी थी। जिसमें पहले से एक महिला मौजूद थी। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका है। चार दिन बीत जाने के बाद भी छात्रा के लापता होने की गुत्थी न सुलझने से परिजनों और ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। इसी वजह से बुधवार को बड़ी संख्या में लोग कोतवाली पहुंचे। जहां महिलाओं और तैनात महिला पुलिसकर्मियों के बीच नोकझोंक भी हुई। शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी और सीओ सिटी संग्राम सिंह लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि प्रदर्शनकारी छात्रा की शीघ्र बरामदगी की मांग पर अड़े हुए हैं। भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के जिलाध्यक्ष हेमेंद्र सिंह धनखड़ और युवा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र चाहल ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं, जबकि छात्रा का सुराग लगाने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

बिजनौर। 21 वर्षीय विवाहिता काजल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने पति पर गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगाया है, जबकि पति इसे बीमारी से हुई मौत बता रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना नजीबाबाद थाना क्षेत्र के पूरनपुर गाड़ी गांव की है। मृतका की पहचान अक्षय कुमार की पत्नी काजल के रूप में हुई है। मृतका के परिजनों का आरोप है कि उसके पति ने उसकी हत्या की है। वहीं, मृतका के पति अक्षय कुमार ने बताया कि उसकी शादी करीब आठ महीने पहले मुरादाबाद निवासी काजल से हुई थी। अक्षय के अनुसार, काजल लंबे समय से बीमार थी। लगभग 20 दिन पहले उसने एक बच्चे को जन्म दिया था, जिसकी बाद में मौत हो गई थी। इसके बाद परिवार वाले काजल को अपने घर ले गए थे। अक्षय ने आगे बताया कि अगले दिन काजल की तबीयत फिर खराब हो गई। वे उसे नजीबाबाद ला रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की बात कह रही है।

गीले व सूखे कचरे के बारे में किया जागरूक

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। शासन के निर्देशानुसार सोर्स सेग्रीगेशन अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद नजीबाबाद में अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी के निर्देशानुसार आई.ई.सी. ट्रेनिंग पार्टर मदन भारती (निदेशक परियोजना) स्पेस सोसाइटी द्वारा पंपलेट एवं स्टीकर के माध्यम से वार्ड कर्मचारियों को गीले एवं सूखे कचरे के बारे में जागरूक किया।

साथ ही सफाई मित्रों को सभी वार्डों में डोर-टू-डोर जाकर घरों से गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग करके लेने के लिए भी जागरुक किया गया। टीम द्वारा शहर के प्रत्येक क्षेत्र में जागरूकता

कचरा पृथक्करण का महत्व बताया

अभियान तेज कर दिया है। टीम न केवल नागरिकों को कचरा पृथक्करण के महत्व के बारे में बता रही है। बल्कि उन्हें सही तरीके से गीला, सूखा और हानिकारक कचरा अलग-अलग करने के व्यावहारिक तरीके भी सीखा रही है। इस पहल से न केवल साफ और सुंदर नजीबाबाद बनेगा, बल्कि स्वस्थ जीवन और पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में भी कदम बढ़ेंगे। नागरिकों की सहभागिता इस मिशन की सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें मुख्य रूप से नगर पालिका परिषद नजीबाबाद के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदेश कुमार सैनी, एसबीएम लिपिक आकाश नामदेव, नगर पालिका की टीम एवं स्पेस सोसाइटी की पूरी टीम उपस्थित रही।

बिजनौर में एमबीबीएस छात्रों ने शव की ली शपथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस 2025 बैच के विद्यार्थियों को कैडेवरिक ओथ दिलाई गई। यह शपथ शरीर संरचना विभाग (एनाटॉमी) में प्रधानाचार्या डॉ. उर्मिला कार्या के नेतृत्व में आयोजित की गई।

प्रधानाचार्या डॉ. उर्मिला कार्या ने बताया कि स्वाहेड़ी स्थित इस महाविद्यालय में एमबीबीएस 2025 के विद्यार्थियों की कक्षाएं सुचारु रूप से चल रही हैं। उन्होंने यह जानकारी दी कि अब मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के दो बैच आ चुके हैं।

डॉ. कार्या ने स्पष्ट किया कि शरीर संरचना विभाग (एनाटॉमी) में मृत मानव शरीर (कैडेवर) एमबीबीएस के विद्यार्थियों का प्रथम शिक्षक होता है। शरीर संरचना

मृत शरीर को प्रथम शिक्षक माना

विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आलोक त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम वर्ष के एमबीबीएस विद्यार्थियों को मृत मानव शरीर के विच्छेदन द्वारा मानव के आंतरिक भागों का अध्ययन कराया जाता है।

एनाटॉमी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. विदित दीक्षित ने एमबीबीएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को कैडेवर ओथ दिलवाई। इस अवसर पर डॉ. नितिन पाठक, डॉ. सूर्यकांत नागतीलक, डॉ. सुधांशु, डॉ. पूजा शर्मा, डॉ. रूपा सिंह, डॉ. अभिनव, डॉ. अमरदीप, डॉ. अजय प्रजापति, डॉ. ललित और डॉ. विना. इल पाहुजा सहित कई अन्य फैकल्टी सदस्य मौजूद रहे।

अवैध मिट्टी खनन पर कार्रवाई, जेसीबी मशीन व डंपर पकड़ा

बिजनौर। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा नजीबाबाद क्षेत्र के मोटा महादेव चौकी के पास अवैध मिट्टी खनन में लिप्त खनन माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि स्थानीय नागरिकों द्वारा बताया गया कि खनन माफिया रात के अंधेरे में मिट्टी का अवैध खनन कर रहे हैं। अवैध खनन में संलिप्त दर्जनों ट्रैक्टर एवं डंपर रोज रात में गांव से शोरगुल करते और धूल उड़ाते गुजरते हैं, जिसके कारण ग्रामीण ध्वनि एवं वायु प्रदूषण की पीड़ा से ग्रस्त हैं तथा सफेद खनन से भरे हुए ओवर लोडेड वाहनों के आवागमन के कारण गांव की सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। जिला प्रशासन द्वारा उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए खनन विभाग को तत्काल मौके पर जांच करने के लिए निर्देशित किया गया। जांच के दौरान खनन विभाग की टीम को मौके पर एक जेसीबी मशीन और मिट्टी से भरा एक डंपर मौके पाया गया। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा जेसीबी मशीन और मिट्टी से भरा एक डंपर को कब्जे में लेकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि जिले में मिट्टी आदि का अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा।

नई पाइप लाइन समस्याओं का जाल

नगीना। नगर पालिका के सभासद सय्यद उस्मान जैदी ने मंडलायुक्त मुरादाबाद से पानी की नई पाइपलाइन से संबंधित समस्याओं की शिकायत की, जिनमें दूषित पानी की आपूर्ति, पाइपलाइन लीकेज, पानी की बर्बादी और नई पाइपलाइन डालने के काम से जल निकासी की मौजूदा व्यवस्था पर पड़ने वाले अतिरिक्त दबाव जैसी समस्याएं शामिल हैं। सभासद ने इस समस्या को रोकने और ठीक करने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका के वार्ड नंबर 22 के सभासद सैयद उस्मान जैदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंडल आयुक्त मुरादाबाद आंजनेय कुमार सिंह से जल निगम द्वारा बिछाई गई नई पाइपलाइन और उससे होने वाली समस्याओं के संबंध में शिकायत की। उन्होंने कहा कि नई पाइपलाइन या लीकेज के कारण घरों में गंदा पानी आ रहा है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ रही हैं। नई पाइपलाइनें दबाव को झेल नहीं पा रही हैं और उनमें बार-बार लीकेज या फटने की समस्या हो रही है। लीकेज के कारण सड़कों पर पानी भर रहा है और पानी की बर्बादी हो रही है, जबकि पानी की पहले से ही कमी है। उन्होंने नई पाइपलाइन से संबंधित समस्याओं को तुरंत ठीक किए जाने की मांग की। उन्होंने कार्य की तकनीकी जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मंडलायुक्त ने समस्याएं सुनकर मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी स्तर से जांच कराकर कार्यवाही करने का आश्वा. सन दिया और उसमान जैदी के सुझाव को अपने गजेटियर का हिस्सा मे रखने कि बात कही। बातचीत के दौरान मंडल आयुक्त अंजनैया कुमार सिंह ने ग्राम दिवस की भांति वार्ड दिवस शुरू करने की भी बात कही।

जनपद में स्थापित होगा नागरिक सुरक्षा कोर

बिजनौर। अपर जिला मजिस्ट्रेट, (प्रशासन) विनय कुमार सिंह ने पुलिस महानिदेशक नागरिक सुरक्षा, उत्तर प्रदेश के पत्र के अनुक्रम में जानकारी देते हुए बताया कि नागरिक सुरक्षा कोर को जनपद में स्थापित किया जाना है। इसके लिए जिला स्तर पर कस्बा बिजनौर इकाई में स्वयंसेवकों की विभिन्न पदों (अवैतनिक) पर भर्ती की जानी है। उन्होंने बताया कि उक्त के सम्बन्ध में इच्छुक व्यक्ति कार्यालय दिवस में कलक्ट्रेट भवन कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है।

सूचना

कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद किरतपुर (बिजनौर)

अधिसूचना अंतर्गत धारा- 147 (2) यू.पी. म्यू.एक्ट

समस्त प्रभावितों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती रफीदा पत्नी श्री अब्दुल हक निवासी मौहल्ला अंसारियान, किरतपुर, बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित संपत्ति सं.1948 स्थित मौहल्ला अंसारियान के 87.14 वर्ग मीटर में श्री मौ. यामीन पुत्र रहीमुद्दीन के नाम के स्थान पर अपना नाम अंकित किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। पालिका गृहकर रिकार्ड में उपरोक्त संपत्ति स्थित मौहल्ला अंसारियान में श्री मौ. यामीन पुत्र रहीमुद्दीन नि. मौहल्ला अंसारियान किरतपुर का नाम दर्ज है। प्रार्थी ने स्वामित्व के रुप में श्रीमती जैबुन्निसा पत्नी मौ. यामीन अंसारी व मौ. इमरान पुत्र मौ. यामीन अंसारी निवासी रॉयल बिल्डिंग प्रथम फ्लोर रूम न. 22 93/95 जनजीगर स्ट्रीट क्राफ्ट मार्केट मान्डवी मुम्बई व मुम्ताज पत्नी श्री अनीस अहमद अंसारी नि. जय राज पीर भाई बिल्डिंग फर्स्ट फ्लोर रुम न. 6 डोंगरी मुम्बई, मौ. शादाब पुत्र श्री यामीन अंसारी नि. चायवाला बिल्डिंग सेम्यूल स्ट्रीट इजराइल मौहल्ला चिंच बंदर मुम्बई द्वारा दिलशाद अली पुत्र हसीनुद्दीन नि. मौहल्ला अंसारियान किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर तथा श्री दिलशाद अली पुत्र हसीनुद्दीन नि. मौहल्ला अंसारियान किरतपुर, जिला बिजनौर के हुए रजिस्टर्ड बैनामे के अनुसार सम्पत्ति संख्या 1948 स्थित मौहल्ला अंसारियान, कस्बा किरतपुर में श्री मौ. यामीन पुत्र रहीमुद्दीन के स्थान पर अपना नाम श्रीमती रफीदा पत्नी श्री अब्दुल हक नि. मौहल्ला अंसारियान किरतपुर पालिका गृहकर रिकार्ड में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो, तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। विवाद की स्थिति में आवेदन पत्र स्वतः निरस्त माना जाएगा।

विवरण संपत्ति 1948 (87.14 वर्ग मी.) आवासीय स्थित मौहल्ला अंसारियान किरतपुर, बिजनौर।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, किरतपुर

अतिक्रमण से निजात दिलाने को ईओ से मिले भाकियू नेता

शाह टाइम्स संवाददाता

नहटौर। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर नगर में बढ़ते हुए अतिक्रमण की समस्या से अधिशासी अधिकारी को अवगत कराया।

प्राप्त समाचार के अनुसार भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारी व कार्यकर्ता नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में अतिक्रमण एक जन समस्या बन चुकी है, जिसके चलते आए दिन सड़क पर दुर्घटना व आम जनमानस को आवागमन में बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस अतिक्रमण के तहत सड़क दुर्घटनाओं

के ग्राफ में बढ़ोतरी हुई है। इस समस्या का समाधान किए जाने की मांग की। समस्या का समाधान न होने पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने पालिका के खिलाफ धरना प्रदर्शन किए जाने की चेतावनी दी। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को अवगत कराया यह मामला उपजिला अधिकारी के स्तर का है। इस समस्या के निदान के लिए उन्हें उप जिलाधिकारी धामपुर से वार्ता करके मजिस्ट्रेट नियुक्ति की जाने की मांग की, जिस पर एसडीएम धामपुर ने मजिस्ट्रेट नियुक्त किए जाने का आश्वासन दिया।

इसी दौरान अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने उपजिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा को मामले से अवगत कराकर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कराई जाने की मांग की। शनिवार को होने वाले समाधान दिवस के बाद नगर क्षेत्र में अतिक्रमण अभियान चलाया जाएगा। जिसके लिए पूर्व में प्रचार प्रसार कराया जाएगा। ताकि अतिक्रमण के दौरान किसी व्यापारी को कोई दिक्कत न हो। अवैध अतिक्रमण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं जाएगा। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष तेजवीर सिंह, संजीव चौधरी, लोकेंद्र डबास, सुनील चौधरी, अनिल चौधरी, आनंद कुमार, सुरेश कुमार, आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यालय - नगर पालिका परिषद, बिजनौर (जनपद बिजनौर)

संख्या:- 1702/ न.पा.परि.बि./ 2025-26 दिनांक :- 17/11/2025

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, बिजनौर द्वारा शीत ऋतु में जनसाधारण को सर्दी से राहत दिलाने हेतु अस्थायी शैल्टर होम का निर्माण कराया जाना है। उक्त कार्य कराये जाने हेतु उक्त पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से दरों की निविदायें दिनांक 18-11-2025 से 01-12-2025 तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। निविदायें अभिलेख एवं शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 01.12.2025 तक उपलब्ध रहेगी, जहां से इसे डाउनलोड कर देखा जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 01-12-2025 की सायं 05:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in इन पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है, जिसे 02-12-2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में खोला जायेगी। विस्तृत शर्तें विवरण एवं टेण्डर www.etender.up.nic.in पर अपलोड की गयी निविदा आमंत्रण सूचना पर उपलब्ध है। राज्य वित्त निधि/ पालिका निधि की धनराशि से उक्त कार्य कराये जाने का विवरण निम्नवत है।

Tender Refrence	116/ET-NPPB/2025-26
Publish date and time for Ref:	18-11-2025 को अपरान्ह 2:00 बजे।
Last date and time for submission of E-Tender	01-12-2025 को अपरान्ह 5:00 बजे।
Date and time of opening E-Tender	02-12-2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे।
Place of opening E-Tender	Executive Officer/Chairman Npp Bijnor.
E-Tender security	As defined on tender document
E-Tender Document processing	As per E-Tender List.

नोट:- धरोहर राशि एवं निविदा शुल्क धनराशि अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बिजनौर के पद नाम से बैंक ड्राफ्ट/इंटरनेट बैंकिंग/आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. की स्कैन कॉपी निविदा के साथ अपलोड करना आवश्यक होगा। बिना धरोहर राशि/ टेण्डर मूल्य के किसी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। यहां यह भी अवगत कराना है कि निविदा डालने से पूर्व समस्त नियम व शर्तें भली-भांति जान लें, किसी भी त्रुटि के लिये पालिका जिम्मेदार नहीं होगी। समस्त निविदाएं अथवा किसी एक निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

(विकास कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बिजनौर

(इन्दिरा सिंह)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, बिजनौर

विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

परिजनों ने पति पर लगाया हत्या का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

स्योहारा। थाना क्षेत्र के ग्राम महुपुरा में एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम महुपुरा निवासी ममता (30) पत्नी अतरपाल ने सोमवार दोपहर घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही ससुराल पक्ष ने ममता के मायके वालों को सूचित किया। सूचना पाकर मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दुकानों के किराए बढ़ोतरी से भड़के व्यापारी

पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी का जबरन किराया ना बढ़ाये जाने का आश्वासन

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। नगर पालिका धामपुर द्वारा 15 साल बाद अचानक किराया तीन गुना बढ़ाने की तैयारी से शहर के व्यापारियों में भारी नाराजगी देखने को मिली। पालिका की संपत्तियों के किराए को नया 'न्यूनतम मानक' बताते हुए वसूली का निर्देश जारी किया गया, जिसे किरायेदारों ने 'अचानक किया गया बोझ' बताया।

किराया बढ़ाने की खबर मिलते ही मंगलवार को सैकड़ों व्यापारी पालिका कार्यालय पहुंचे और बढ़ते किराए का कड़ा विरोध दर्ज कराया। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि पालिका प्रशासन बिना व्यापारी संगठनों से वार्ता किए, एकतरफा निर्णय थोप रहा है, जिससे छोटे दुकानदारों पर गहरा आर्थिक असर पड़ेगा। उनका कहना था कि पहले ही जीएसटी, बाजार मंदी और ऑनलाइन व्यापार से बिक्री प्रभावित है, ऐसे में तीन गुनी किराया वृद्धि बिल्कुल अस्वीकार्य है।

अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला ने व्यापारियों से वार्ता करते हुए बताया कि पिछले 15 वर्षों से किराया नहीं बढ़ाया गया है, जबकि शासन पालिका की आय बढ़ाने के लिए सख्त दिशा-निर्देश दे चुका है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित बढ़ोतरी अत्यधिक नहीं है और हर वर्ग के किरायेदारों को ध्यान में रखकर ही तय की गई है। लेकिन व्यापारी ईओ के जवाब से असंतुष्ट रहे और निर्णय वापस लेने की मांग पर अड़े रहे। ईओ ने कहा कि व्यापारी अपनी मांगें लिखित में दें, जिन्हें शासन स्तर पर भेजकर ही अंतिम कार्रवाई की जाएगी।

इसके बाद व्यापारी पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह से भी मिले। अध्यक्ष ने उन्हें आश्वासन दिया कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा और उनकी चिंता शासन तक पहुंचाई जाएगी।

इस मौके पर पालिका सभासद पुरुषोत्तम अग्रवाल, व्यापारी अनिल कुमार सिंह, पराग गुप्ता, राहुल अग्रवाल, राजकुमार दुआ, दुर्गेश राजपूत, आलोक कुमार, वसी अहमद, तेजवीर सिंह, आकाश ग्रोवर ,ओमकार अग्रवाल, राजीव कुमार, संजय कात्यायन, डा. जसवंत सिंह, विशंभर सिंह, इरशाद अहमद, नरेश कुमार, नसीम अहमद, संजीव कुमार सहित अनेक व्यापारी शामिल रहे।

शिव सैनिकों ने हृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे की पुण्य तिथि मनाई

शाह टाइम्स संवाददाता

चांदपुर। धनोरा मार्ग स्थित ग्राम बागड़पुर शिवसेना क्षेत्रीय कार्यालय में सोनू चौधरी की अध्यक्षता व शोभित गुर्जर के संचालन में शिवसैनिकों की एक बैठक संपन्न हुई, जिसमें हिंदू हृदय सम्राट शिवसेना संस्थापक स्व. बाला साहेब ठाकरे जी की 13 वी पुण्यतिथि मनाई।

इस मौके पर शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने हिंदू हृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदू राष्ट्र का सपना बाला साहब ठाकरे ने हिंदुओं को दिखाया और कहा था कि जिस दिन हिंदू अपने धर्म के लिए जाग गया, उसी वक्त संपूर्ण भारत हिंदू राष्ट्र स्वयं घोषित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें चाहिए कि हम नवयुवकों में हिंदुत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाये और बाला साहब के इस सपने को पूर्ण करने का काम करें और हिंदू की रक्षा के लिए आगे आने का काम करे। उन्होंने भारतीय संस्कृति की सुरक्षा गौ माता की रक्षा एवं किसानों व मजदूरों के लिए संघर्ष करने का सभी शिव सैनिकों ने प्रण लिया और उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर शिव सैनिकों ने बाला साहब ठाकरे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वल कर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर कमल प्रजापति, शोभित गुर्जर, संदीप बिल्ला, रानू ठाकुर, डा. पुलकित शर्मा, महेश शर्मा, उदय राज रवि, जगपाल गुर्जर आदि मौजूद रहे।

ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय क्रीडा प्रतियोगिता

विजेताओं को मेडल व पुरस्कार देकर किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

किरतपुर। ब्लॉक किरतपुर की दो दिवसीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं ए.ए.एम. स्कूल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत गिरि और प्रधानाचार्या सोबिया खान ने 50 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया।

प्राथमिक स्तर बालक वर्ग की 50 व 100 मीटर दौड़ में साकिब (सिसौना जट) प्रथम रहे। जूनियर बालिका वर्ग में 100 मीटर में सुरभि (सरकड़ा खेड़ी) तथा 200 मीटर में नगमा (भोजपुरी) विजेता रहीं। बालकों की लंबी कूद में अनिकेत (भनेड़ा) तथा कबड्डी में सिसौना जट की टीम प्रथम आई। बालिका लंबी कूद में सुरभि (सरकड़ा), खो-खो में मेमन सादात की टीम और कबड्डी में पाडला की टीम विजेता रही। व्यक्तिगत चैंपियनशिप में प्राथमिक स्तर पर रिया (गनौरा) और साकिब (सिसौना जट) जबकि जूनियर स्तर पर सुरभि (सरकड़ा खेड़ी) और पुनीत (आलमपुर गंगा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

द्वितीय दिवस पर मुख्य अतिथि शाहिद अली (पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष), अरविंद अहलावत (जिला व्यायाम शिक्षक) तथा सूर्यकांत गिरि (खंड शिक्षा अधिकारी) ने विजेताओं को मेडल व पुरस्कार प्रदान किए।

प्रतियोगिताओं का संचालन रोशन लाल के निर्देशन में मशकूर अहमद, मीनाक्षी जैन, आकांक्षा चौधरी और विशाल कुमार ने किया। निर्णायक मंडल में निरंकार, संजीव कुमार, तापस पाल, नितिन कुमार, कुलदीप कुमार, विनीत कुमार, विशाल यादव, अजय कुमार, प्रणयवीर, सचिन कुमार, संजय राणा, रागिब और प्रयाग शामिल रहे। व्यवस्था में अजहर, जमाल, आदेश पाल, आनंदपाल, गुलशन गुप्ता, एआरपी के.डी. आर्य, राजीव कुमार, नईम, रामेंद्र कुमार, असद जुबेर, सत्य प्रकाश, संजय कुमार, यशवीर राणा, रूपा चौधरी, स्काउट मास्टर बृजेश कुमार, प्रमोद कुमार, तथा मीनाक्षी, ऋषिपाल सिंह ने सहयोग किया।

एक नजर

एलएलएम में राधा रानी प्रथम

चांदपुर। स्याऊ निवासी राधा रानी ने एलएलएम क्रिमिनल लॉ द्वितीय वर्ष परीक्षा 2025 के परिणाम मे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम श्रेणी मे सफलता अर्जित की है। राधा रानी ने बताया कि भगवन्त विश्वविद्यालय द्वारा जारी भगवन्त ग्रुप अजमेर से एलएलएम कर रही थी। राधा रानी ने प्रथम वर्ष परीक्षा मे 500 अंक मे से 379 अंक प्राप्त किए, जबकि द्वितीय वर्ष परीक्षा में 500 मे से 312 किए। दो वर्षों में 1000 अंकों में से राधा रानी ने 691 अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी मे स्थान प्राप्त किया है। राधा रानी के एलएलएम क्रिमिनल लॉ द्वितीय वर्ष परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्याऊ स्थित राधा रानी के निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। उन्होंने इस परीक्षा में 69.10 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम डिवीजन प्राप्त किया है।

सीओ ने किया थाने का निरीक्षण

चांदपुर। पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह ने थाना हीमपुर दीपा का त्रैमासिक निरीक्षण किया। अपने निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, परिसर, मैस, मालखाना व हवालात इत्यादि को चेक कर सर्व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने थाना निरीक्षण के दौरान सबकुछ ठीक ठाक पाए जाने पर हर्ष जताया। उधर इसी क्रम में उन्होंने थाना हीमपुर दीपा क्षेत्रान्तर्गत स्थानीय पुलिस बल के साथ शांति व कानून व्यवस्था तथा आमजन में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से मुख्य मार्गों एवं भीडभाड वाले क्षेत्रों मे पैदल गश्त की तथा नागरिकों से मुलाकात कर उनसे अपनी बात साझा की। उन्होंने समस्त नागरिकों, ग्रामीण एवं सभी दुकानदारों, व्यापारियों आदि को हिदायत करते हुए कहा कि वे सभी अपने-अपने प्रतिष्ठानों, दुकानों आदि पर कैमरे लगाए।

दो कंटेनर व एक डंपर आपस में भिड़े

शेरकोट। दो कंटेनर व एक डंपर के आपस मे भिड़ जाने से कंटेनर चालक घायल हो गये तथा हाईवे पर जाम की स्थिति बन गयी। जिला हरदोई निवासी दो कंटेनर चालक सत्तार व अशफाक हरिद्वार से बाइके लेकर उन्नाव जा रहे थे। बताया जाता है कि जब वे शेरकोट-धामपुर मार्ग स्थित मनोकामना मंदिर के निकट पंहुचे तो पीछे से आ रहे एक डंपर ने कंटेनर को ओवरटेक करने का प्रयास किया। लेकिन इसी दौरान सामने से आ रहे एक कार को बचाने के प्रयास में डंपर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे कंटेनर डिवाइडर पर जा चढ़ा तथा पीछे से आ रहा दूसरा कंटेनर आगे आगे चल रहे कंटेनर में जा घुसा और दोनों कंटेनर क्षतिग्रस्त हो गए। हाईवे पर जाम की स्थिति हो गई। आरोपी डंपर चालक मौके से फरार हो गया।

समाज सेविका ब्रजबाला सम्मानित

धामपुर। अनन्त श्रीशिवशक्तिपीठ एवं संस्कार शाला आश्रम राजपूत विहार कॉलोनी पर आचार्य डा. दिनेश चन्द्र भारद्वाज के सानिध्य में गौ सेवक सम्मान अभियान पर विचार विमर्श गोष्ठी आयोजित की गई। उसमें यह निर्णय लिया गया कि जो भी वयोवृद्ध जन हमारी धार्मिक गतिविधियों में सहयोगी रहे और अब आने जाने में असमर्थ हैं, अपने को अकेला महसूस कर रहे हैं उन्हें उनके पास जाकर सम्मानित किया जाए ताकि उन्हें अकेलापन महसूस न हो। उन्हें ऐसा न लगे कि आज हम असक्त हो गये तो समाज हमारी उपेक्षा कर रहा है। आप सभी को ज्ञात है कि अभी गोपाष्टमी के अवसर पर त्रिदिवसीय गौ कथा प्रवचन करते हुए आचार्य डा. दिनेश चन्द्र भारद्वाज ने गौ महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। कुछ गौ सेवकों को सम्मानित किया। इसी श्रृंखला में हमारी हर धार्मिक गतिविधियों में समर्पित समाज सेविका ब्रजबाला अग्रवाल को उनके आवास पर सम्मानित किया गया। यह भावुक पल देख सभी लोग ने गौ माता के जयकारा लगाए। इस कार्यक्रम की सभी ने बहुत सराहना की।

वल्लभभाई पटेल की जयंती पर एकता यात्रा

युवा वर्ग एवं छात्रों में दिखा उत्साह, स्वागत द्वारा लगाकर जगह-जगह की गई पुष्पवर्षा

शाह टाइम्स संवाददाता

किरतपुर। भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर नगर में एक भव्य एकता यात्रा का आयोजन किया गया।

यात्रा का नेतृत्व ब्लॉक प्रमुख अंकित चौधरी व भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव पाराशर ने किया। पूरे नगर में देशभक्ति और एकता का अद्वितीय उत्साह देखने को मिला। ब्लॉक प्रमुख अंकित चौधरी पूरे कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे, जिनकी अगुवाई में युवा वर्ग और छात्रों में विशेष ऊर्जा देखने को मिली।

एकता यात्रा में नगर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों सत्यवती मेमोरियल एकेडमी, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, हिंदू इंटर कॉलेज, श्री देवा शंकर विद्या मंदिर, मदनी इंटर कॉलेज, मुस्लिम इंटर कॉलेज, नारायण दास रस्तोगी इंटर कॉलेज, ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल, मौलाना जौहर अली डिग्री कॉलेज व रामा डिग्री कॉलेज के सैकड़ों विद्यार्थियों ने तिरंगे और सरदार पटेल की प्रतिमाएं लिए उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ हिंदू इंटर कॉलेज से हुआ और हरिहर मंदिर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यात्रा अंबेडकर चौराहा, मुख्य बाजार, रामलीला ग्राउंड से होती हुई सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। नगरवासियों ने जगह-जगह स्वागत द्वार बनाकर पुष्प वर्षा से आगंतुकों का स्वागत किया। यात्रा में भारत माता की जय और सरदार पटेल अमर रहें के नारे गूंजते रहे।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद हाथरस अनूप प्रधान (पूर्व राज्य मंत्री) ने सरदार पटेल के राष्ट्रनिर्माण पर आधारित प्रेरक भाषण दिया। कार्यक्रम को क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता पूर्व सांसद नगीना डॉ. यशवंत सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने किया।

यात्रा में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष दिनेश सैनी, जिला महामंत्री विनय राणा, डॉ. बीरबल बिजनौर, क्षेत्रीय शोध विभाग प्रमुख रजनी कालरा, सोशल मीडिया प्रमुख अनुज, वरिष्ठ भाजपा नेता सोनू वर्मा, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण किरतपुर जितेंद्र मलिक, नगीना मंडल अध्यक्ष अंजलि सौरभ मित्तल, सुभाष शर्मा, नगर महामंत्री शिवम सिंघल सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख अंकित चौधरी ने कहा कि सरदार पटेल ने अखंड भारत की नींव रखी थी। उन्होंने कहा कि यह एकता यात्रा केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सार्थक करने का संदेश बनकर उभरी है। नगरवासियों ने सिद्ध किया कि जब बात देश और एकता की हो, तो समाज हर भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट हो जाता है।

इस मौके पर काजी तारिक अली सिद्दीकी, चौधरी शोएब , डा. अमजद, उस्मान ठाकुर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारी की हार्ट अटैक से मौत

कोतवाली देहात। किरतपुर नहटौर मार्ग पर ग्राम पेरूवाला स्थित एक फैक्ट्री में काम करते हुए रात्रि 12:00 बजे एक कर्मचारी अचानक गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। चिकित्सक ने हार्ट अटैक से मौत होने की आशंका जताई है।

क्षेत्र के ग्राम सैदपुरी निवासी अर्जुन सिंह (42 वर्ष) ग्राम पेरूवाला स्थित मार्टिन फैक्ट्री में काम करने गए थे। रात्रि 12:00 बजे वह अचानक गिर पड़े। साथ में काम कर रहे साथी कर्मचारियों ने अर्जुन सिंह को उठाया। कर्मचारी रात में ही अर्जुन सिंह को चिकित्सक के पास ले गए। चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फैक्ट्री में काम कर रहे साथी कर्मचारियों ने बताया कि अर्जुन सिंह बिल्कुल ठीक थे और सही प्रकार अपना काम कर रहे थे। अचानक ही वह गिर पड़े और उनकी मौत हो गई। मौत का कारण हार्ट अटैक होने की आशंका जाहिर की। अर्जुन सिंह अविवाहित थे। अर्जुन सिंह की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

नशा मुक्ति अभियान के तहत ली शपथ

धामपुर। नशा मुक्त भारत अभियान के 05 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय धामपुर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशन में तथा डा. अर्चना कुन्तल के संयोजन एवं संचालन में सम्पन्न हुआ। उपस्थित छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं हेतु 'गुरू नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर द्वारा आयोजित भव्य समारोह को वेबेक्स' एप्लीकेशन के माध्यम से प्रोजेक्टर पर प्रदर्शित किया गया। इसके उपरान्त नशा मुक्ति अभियान के अन्तर्गत सभी ने संयुक्त रूप से शपथ ली। तदुपरान्त भाषण प्रतियोगिता एवं नशा मुक्ति स्लोगन, कविता आदि कार्यक्रम छात्राओं द्वारा किये गये। कु. रूपाक्षी, कु. तनु, कु. ऋतिका आदि अनेक छात्राओं ने नशे से होने वाली विकृतियों पर अपने विचार रखें। प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने उपस्थित छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी देश का भविष्य और देश की तरक्की देश के युवाओं पर टिकी होती है। यदि हमारी युवा पीढ़ी ही गलत रास्ते पर चलने लग जायेगी तो निश्चित तौर पर उनका ही नहीं अपितु हमारे देश का भविष्य भी अंधकार में चला जायेगा। कार्यक्रम में डा. रेनू सिंह, डा. पूनम रानी, डा. मीनाक्षी, कु. नगमा परवीन, श्रीमती प्रियंका जैन, चन्द्रभान, अमित आदि शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित रहें तथा छात्रायें उपस्थित रही।

किशोरी को भगाने के आरोपी का चालान

कोतवाली देहात। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी का पड़ोस के ही गांव के आशु पुत्र करन सिंह उर्फ टिल्लू से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लगभग दस दिन पूर्व किशोरी को अपने साथ ले गया था। किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक व उसके पिता के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मंगलवार को पुलिस ने आशु को गिरफ्तार कर संबंधित धारा में चलकर जेल भेज दिया।

लाल बाइक से आए चोर, काली बाइक उड़ाई

धामपुर में फिर सक्रिय हुआ चोर गिरोह

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। नगर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और अब बाइक चोर गिरोह खुलकर सक्रिय दिखाई दे रहा है। ताजा घटना मनभावन बैंकट हॉल के सामने वाली लाज गली की है, जहां सोमवार देर शाम दो युवकों ने फिल्मी अंदाज में बाइक चोरी कर ली।

घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात साफ रिकॉर्ड हुई है। फुटेज में दिखाई देता है कि दो युवक लाल रंग की मोटरसाइकिल पर आए। उनमें से एक युवक बाइक पर बैठा रहकर आसपास की हलचल पर नजर रखता रहा, जबकि दूसरा युवक गली में कुछ देर तक रेकी करता रहा।

जैसे ही मौके पर कोई नहीं दिखा, युवक तेजी से मौहल्ला निवासी बिन्टू कुमार की काली बाइक पर बैठा और पलक झपकते ही बाइक स्टार्ट कर भाग निकला। उसका साथी भी अपनी लाल बाइक लेकर तुरंत फरार हो गया। वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों चोरों के चेहरे स्पष्ट दिख रहे हैं। मोहल्लेवासियों ने पुलिस से चोरी रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

क्लीनिक में नीलगाय घुसने से अफरा-तफरी

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। शुगर मिल क्षेत्र के केमिकल रोड पर बीती रात एक नीलगाय के अचानक प्रवेश करने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। क्षेत्रवासी पहले से ही इस मार्ग पर पालतू जानवरों की बढ़ती आवाजाही से परेशान हैं, लेकिन अब जंगली जानव. रों का आबादी में पहुंचना नई चिंता का विषय बन गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक नीलगाय तेज रफ्तार में सड़क पार करने लगी और रास्ता न मिलने पर सीधे एक क्लीनिक के अंदर जा घुसी। क्लीनिक में मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। करीब दस मिनट तक नीलगाय अंदर ही खड़ी रही। बाहर मौजूद लोग

इसे बाहर निकालने का प्रयास करते रहे, मगर हालात नियंत्रण में नहीं आ रहे थे।

कुछ देर बाद नीलगाय जैसे ही बाहर निकली, तेज रफ्तार से सड़क पर दौड़ गई। अचानक आए इस मंजर से कई बाइक सवार घबरा गए और सड़क पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें संभाला। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

पूरी घटना पास के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई, जिसकी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शुगर मिल रोड पर स्ट्रीट लाइट की खराबी और वन विभाग की लापरवाही के कारण जानवरों की आवाजाही बढ़ती जा रही है। उन्होंने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

कैलादेवी से आज निकलेगी हरिहर पदयात्रा

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। जामा मस्जिद में प्रवेश देने की अनुमति को लेकर दर्ज किया गया मुकदमे को साल पूरा हो गया है। मुकदमें को 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 19 नवंबर (आज) मुख्य पक्षकार महंत श्रृषिराज गिरि अंतर्राष्ट्रीय हरिहर सेना के संरक्षक ने हरिहर परिक्रमा पदयात्रा निकालने का एलान कर दिया है। हालांकि पदयात्रा को अनुमति दी गई है अथवा नहीं इसकी कोइ अधिकारिक जानकारी नहीं मिल सकी है, लेकिन यात्रा के आयोजक पदयात्रा निकालने पर अड़े हुए हैं। रविवार को महंत श्रृषि राज गिरी महाराज ने प्रेस कान्फ्रेंस कर पदयात्र की जानकारी दी तो वहीं मंगलवार को सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर पदयात्रा की जानकारी देकर अधिक से अधिक संख्या में पदयात्रा में शामिल होने के लिए लोगों से अपील की है। महंत श्रृषि राजगिरी महाराज ने प्रेस कांफ्रेंस के जरिए बताया कि पदयात्रा सभी सनातनियों को हरिहर विरासत से अवगत कराना है तथा हमारा उद्देश्य सनातनियों को एक करते हुए अपने संस्कृति को बचाना है।हालांकि उन्होने कहा कि कानूनी विवाद अभी अदालत में चल रहा है, लेकिन उसके परकोटे की परिक्रमा करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाएगा जिससे किसी की भावना आहत हो। महंत श्रृषि राजगिरी ने बताया कि जब वह लोग नमाज अदा कर सकते हैं तो हम परिक्रमा या भ्रमण क्यों नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि हम उसके अंदर नहीं जाएंगे लेकिन परकोटे की परिक्रमा करेंगे। कैला देवी क्षेत्र में पदयात्रा के प्रचार के लिए लोगों से अपील की गई है तथा साधु संत भी कैला देवी धाम आ चुके हैं। महंत श्रृषिराजगिरि ने बताया कि कैला देवी से सुबह लगभग 10 बजे प्रारंभ होगी। उससे पहले सभी लोगों से कैला देवी जहां से शकरपुर होते हुए अपने वाहनों से खिरनी होते हुए मोती नगर रुकेगी। वहां वहां खड़े किए जाएंगे उसके बाद पैदल यात्र जामा की जायेगी।

पदयात्रा में अधिक से अधिक जुटने को सोशल मीडिया पर की अपील

सम्भल- कलिकदेव तीर्थ समिति व पर्यटन विभाग की बैठक लेते जिलाधिकारी व एसपी।

पदयात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। 19 नवंबर (आज) अंतर्राष्ट्रीय हरिहर सेना की प्रस्तावित पदयात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। डीएम ने आयोजकों से बात करने और पदयात्रा की अनुमति को लेकर 19 नवम्बर आज फैसला लेना बताया।

अंतर्राष्ट्रीय हरिहर सेना के संरक्षक और मुकदमें के वादी महंत श्रृषिराजगिरि की ओर से हरिहर पदयात्रा की घोषणा कर दी है। लेकिन अभी इसकी कोई अनुमति जारी नहीं की गई है। लेकिन पदयात्रा निकाले जाने की घोषणा से पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने बताया कि सम्भल में लगातार सुरक्षा है 24 नवंबर को सम्भल में मजिस्ट्रेट्स को तैनात किया जाएगा। 19 नवंबर को आहूत अंतर्राष्ट्रीय

अनुमति पर आज लिया जायेगा फैसला

हरिहर सेना की पदयात्रा के मद्देनजर डीएम ने आयोजकों से बात करने की बात करने और अनुमति पर फैसला आज लेना कहा है। इसी के साथ उन्होने कहा कि सम्भल में सुरक्षा के मद्देनजर लगातार बीएनएस की धारा 163 लागू है जिसके तहत प्रशासन सम्भल में एहितयाती सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। याद दिला दें कि विगत वर्ष 19 नवंबर 2024 को सम्भल की शाही जामा मस्जिद में अनुमति की मांग को एक केस दायर किया गया था। सिविल जज सी. डि. सम्भल स्थित चन्दौसी की अदालत ने 19 नवंबर को ही सर्वे का आदेश दिया था। उसी दिन देर सांय वकील कमिश्नर ने मुआयना किया था लेकिन दोबारा 24 नवंबर 2024 सुबह सवेरे मुआयना किया गया था। इस दौरान हिंसा भड़क गयी थी जिसमें पांच लोगों की जान चली गई थी। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने सम्भल में लगभग ढाई सौ कैमरे लगाए हैं। उधर प्रशासन की ओर से जामा मस्जिद के आसपास बैरिकेटिंग की तथा सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है।

नगर पालिका के अन्तर्गत लगेंगी प्रतिमाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। कल्कि देव तीर्थ समिति एवं पर्यटन विभाग की बैठक में 24 कौसीय परिक्रमा, विजन प्लान, तीर्थ स्थलों के विकास और आवश्यक भूमि क्रय करने पर चचा की गई। जबकि नगर पालिका परिषद के तहत नगर में दो प्रतिमाएं स्थापित की जायेगी।

मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में डीएम डा. राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक के के विशनोई की संयुक्त अध्यक्षता में कल्किदेव तीर्थ समिति एवं पर्यटन विभाग की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर पालिका सम्भल के अन्तर्गत सम्राट पृथ्वीराज चौहान एवं महारानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापना, 24 कोसीय परिक्रमा विजन प्लान, तीर्थ स्थलों के विकास हेतु आवश्यक भूमि क्रय करने, कुरुक्षेत्र तीर्थ आदि पर चर्चा की गयी। इसके अलावा प्राचीन क्षेमनाथ तीर्थ के महंत बाल योगी दीनानाथ महाराज द्वारा 24 कोसीय परिक्रमा के अन्तर्गत क्षेमनाथ तीर्थ के पास स्थित बाईपास से परिक्रमा मार्ग के ऊंचा रखने का बिन्दू रखा जिससे कि वर्षा आदि के समय परिक्रमा मार्ग पर जलभराव की स्थिति न रहे। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समिति

कल्किदेव तीर्थ समिति व पर्यटन विभाग की बैठक में की गई चर्चा

के सदस्य संजय पोली ने प्राचीन तीर्थों के रखरखाव से संबंधित मामलों को रखा। बैठक में सम्भल के प्राचीन 68 तीर्थों तथा 19 महा कूपों एवं 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग के विकास से संबंधित पीपीटी का अवलोकन किया गया। बैठक में करुक्षेत्र तीर्थ के पास पार्किंग से पर भी चर्चा कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज, उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, डिप्टी कलक्टर निधि पटेल, डिप्टी कलक्टर वंदना मिश्रा, डिप्टी कलक्टर सौरभ कुमार पाण्डेय एवं डिप्टी कलक्टर नीतू रानी तथा प्राचीन तीर्थ क्षेमनाथ के महंत बाल योगी दीनानाथ महाराज तथा अनंतपुरी महाराज जी अटटा अतौरा, संजय पोली, अजय शर्मा,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डा. मणिभूषण तिवारी आदि मौजूद रहे।शिक्षा विभाग की डीटीएफ एवं विभिन्न योजनाओं तथा शिक्षा विमर्श, निपुण शिक्षा तथा पीएम श्री विद्यालयों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें निपुण शिक्षा पर चचा की गई।

सम्भल- ग्राम मिठौली में बंधक बनाकर लूट की सूचना पर पहुंची पुलिस जानकारी लेते।

नगर का गजेटियर तैयार करेगी नगर पालिका

अधिशासी अधिकारी ने बैठक लेकर दिए निर्देश

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। नगर पालिका परिषद नगर का विस्तृत गजेटियर तैयार करेगी। इसकी तैयारियों और सर्वे को लेकर ई ओ ने बैठक लेकर गजेटियर की रूपरेखा बनायी और सर्वे प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की।

नगर पालिका परिषद नगर का पहली बार गजेटियर तैयार कर रही है। गजेटियर तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करने से पूर्व अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में गजेटियर की रूपरेखा और सर्वे प्रक्रिया पर चर्चा की। ई ओ ने बताया कि अभिलेख तैयार होने के बाद नगरवासियों को एक ही स्थान पर सम्भल से संबंधित पूरी और प्रामाणिक जानकारी मिल जायेगी। इसके लिए नगर को पाँच जोनों में बांटा गया है। प्रत्येक जोन के लिए एक नोडल अधिकारी बनाया गया है। नोडल अधिकारियों की निगरानी में ही नगर पालिका परिषद के कर्मचारी सर्वे कार्य शुरू कर दिया गया है। सर्वे टीम घर-घर जाकर और क्षेत्रवार निरीक्षण कर सभी आवश्यक सूचनाओं को दर्ज करेगी।

सम्भल- गजेटियर तैयार करने को नगर पालिका में बैठक लेते ई ओ डा. मणि भूषण तिवारी

ईओ ने सर्वे में पूरी पारदर्शिता और गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। ई ओ ने बताया कि गजेटियर में नगर के सभी वार्ड की विस्तार से जानकारी शामिल की जाएगी।जबकि जनसंख्या, तालाबों और जलस्रोतों की स्थिति, सार्वजनिक और निजी संपत्तियां, मुख्य मार्ग तथा आंतरिक सड़कें, स्कूल-कॉलेज और अन्य शैक्षिक संस्थान जैसी बुनियादी जानकारियां रहेंगी। इसके अलावा नगर के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक ढांचे का भी विवरण जोड़ा जाएगा। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट संवेदनशील क्षेत्रें का उल्लेख, स्थानीय लोक संस्कृति, पारंपरिक कलाकृतियां तथा नगर के उद्योग-धंधों और व्यापारिक गतिविधियों के आंकड़े भी गजेटियर में शामिल होंगे। सर्वे का कार्य एक माह में पूरा करने का लक्ष्य है। सर्वे टीम डाटा संकलित होने और सत्यापन तथा विश्लेषण कर दस्तावेज को अंतिम रूप दिया जाएगा। अधिकारियों का मानना है कि यह गजेटियर नगर से जुड़े विकास कार्यों की योजना बनाने में सहायक होगा और नागरिकों को अपने नगर तथा वार्डों की सही मिल सकेगी।

पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। बहन के घर गया युवक का फांसी लगा पेड़ पर शव लटका मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने लाश को अपने कब्ज़े में ले लिया जबकि परिजनों को सूचना दे दी गई। पुलिस आत्म हत्या मान रही है। शव पीएम को भेज दिया गया है।

हयात नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कमलपुर सराय निवासी राहुल पुत्र ,सेमपाल श्रृषिकेश में परिवार सहित रहकर मजदूरी करता था। कुछ दिन पूर्व वह अपने पैतृक गांव आया हुआ था। नखासा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंदावली हसनपुर रोड स्थित चंदावनी इंटर कॉलेज के सामने पेड़ पर फांसी के फंदे पर युवक लटका हुआ दिखायी देते ही सनसनी फैल गयी। कुछ देर में ही वहां काफी भीड़ जमा हो गयी। शव लटके मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस में भी हड़कम्प मच गया। आनन-फानन में नखासा कोतवाली पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने पेड़ पर लटके शव को

पुलिस ने लाश को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

उतरवाया और अपने कब्ज़े में ले लिया। और उसकी पहचान करायी। सूचना पाकर मृतक की बहन के परिवार के लोग वहां आ गए और उसकी पहचान राहुल के रूप में की।फिलहाल देर सांय तक परिजन पहुंच नहीं पाये थे इसलिए युवक की हत्या की गई या फिर उसने आतम हत्या की है। इस बारे में संश्य बरकरार है लेकिन पुलिस इसे सीधे आत्म हत्या मानकर चल रही है। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम को भेज दिया ह।

सुबह शाम ठंडक बढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। धीरे-धीरे ठंड का असर होने लगा है। सुबह और शाम ठंडक बढ़ने से सांय को लोग घरों को जल्दी लौटने लगे है।जबकि गर्म वस्त्रों की बिक्री बढ़ गयी है।

नगर में चोकसी बढ़ाकर पुलिस ने दलबल के साथ किया पैदल मार्च

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। अंतर्राष्ट्रीय सेना के हरिहर पदयात्रा निकाले जाने के एलान पर पुलिस प्रशासन ने सर्तकता और सुरक्षा को बढ़ा दिया है।

पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने शहर में सर्तकता व सुरक्षा को बढ़ा दिया है। अंतर्राष्ट्रीय हरिहर सेना की ओर से कैलादेवी धाम से हरिहर पदयात्रा निकाले जाने के एलान पर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से सर्तक हो गया था। मंगलवार को सहायक पुलिस अधीक्षक/पुलिस क्षेत्राधिकारी अलोक कुमार भाटी उपजिलाधिकारी रामनुज ने शाही जामा मस्जिद क्षेत्र का दौरा किया। जबकि मस्जिद के आसपास सुरक्षा को ओर बढ़ा दिया साथ ही कोई भी आसामाजिक तत्व फटकने नहीं पाये इसके लिए मस्जिद के आसपास बैरिकेटिंग कर दी गइ है। तत्पश्चात पुलिस- प्रशासनिक अधिकारियों ने नगर में पैदल मार्च कर आसामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने और सुरक्षा व कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ बर्दश्त नहीं की जायेगी। पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने पैदल गश्त की लोगों को सुरक्षा का संदेश दिया।

घर में घुसे बदमाशों ने की लूटपाट

शाह टाइम्स, ब्यूरो

सम्भल। घरो में घुसे बदमाशों ने जेवर और नकदी लूट ली। पीड़ितों ने फायर करने और तंमचे के बल पर बंधक बनाने का आरोप लगाया। हालांकि पुलिस लूट से इंकार कर रही है। तहरीर पुलिस को दे दी गई है।

थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र ग्राम मिठौली निवासी नौशाद पुत्र शमशुल घर पर सो रहा था। रात्रि करीब एक बजे आधा दर्जन से अधिक बदमाश घर में घुस गए। बदमाशों ने घर से 75000 की नकदी व 5 सोने चांदी ले गए। पीड़ित का आरोप है घर में घुसे बदमाश ने एक महिला को बंधक बनाया। इसकी नौशाद की बदमाश से नोक झोंक हो गई। इससे उसके हाथ में चोट लग गई। पीड़ित का आरोप है कि बदमाशों ने अपने आप को घिरा देख तमंचे से फायर किया और घर भाग निकले और नूर

बंधक बनाने व फायर करने का आरोप कारतूस का खोका मिला

75000 की नगदी और पांच सोने चांदी की चीज लेकर फरार हो गए। मेहताब पत्नी नूर मोहम्मद ने बताया कि बदमाश उसके घर में कानों की दुरिये सोने की और पेंडल और दो चीज चांदी की लेकर फरार हो गए। कुछ देर बाद गांव के लोग वहां पर इकटठा हुए तो तमंचे से फायर कर फरार हो गए। मौके पर कारतूस का अगला हिस्सा मिला जिसे पुलिस को सौंपा गया। घटना की जानकारी सुबह को नौशाद और नूर मोहम्मद ने थाने में जाकर जानकारी दी। मौके पर पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गयी। उधर थाना हजरत नगर गढ़ी पुलिस लूट की वारदात होने से इंकार कर रही है लेकिन जांच करना बताया।

सोने के भाव ने कम किया दुल्हन के जेवर का चढ़ावा

बबराला(अनिरूद्ध शर्मा)। शादियों का दौर चल रहा है। सोने की खरीददारी मुश्किल पड़ रही है। सोने के दामों में वृद्वि से वर पक्ष के लोग दुल्हन को ले जाने वाले जेवर में कटोती कर रहे हैं। कुछ लोग तो सुनार के पास पैसा जमा कर उस कीमत का जेवर कुछ समय के लिए ले लेते हैं और दुल्हन के विदा होने के बाद सुनार को देकर पैसा वापस ले लेते हैं। हालात ऐसे हैं कि लोगों को कार्ड छपवाने या दावत का इंतजाम करने से ज्यादा इस बात की चिंता है कि कैसे बहू के चढ़त के जेवर पूरे किये जाएँ। इस वक्त भले ही शादी का सीजन चल रहा है लेकिन सराफा व्यापारियों के यहाँ सोने की खरीददारी कम ही लग रही है। केवल शादी के लिए मजबूरी में सोना खरीदा जा रहा है। कुछ खरीदकर तो कुछ सुनार से चढ़ाने को लेकर वापस कर देने की शर्त पर लिया जा रहा है। सुनार मूल्य लेकर ऐसा कर रहे जबकि लोगों का भी काम इससे चल रहा है। सोने की मंहगाई शादी पर भारी पड़ रही है। शादी के कारण सोना बिक तो रहा है लेकिन उसकी खपत बहुत ही कम है। सोने के भाव के कारण लोग शादी के

कुछ मुनार से चढ़ाने को लेकर वापस करने की शर्त पर लिया जा रहा

आभूषण खरीदने से पूर्व अपना बजट अपडेट कर रहे हैं। पहले जहाँ पन्द्रह बीस तोले सोना खरीदा जाता था अब छह सात तोले पर सिमट कर रह गया है। सर्राफा व्यापारियों दिनेश कौशल व राजा गुप्ता का कहना है कि सोने दामों ने बिक्री कम कर दी है।

इज्जत ढंकने को आर्टिफिशियल से काम

शाह टाइम्स,संवाददाता

बबराला। सोने के दामो में वृद्वि के चलते लोग आर्टिफिशियल जेवर खरीद इज्जत ढकने में लगे हैं। जबकि कुछ महिलाएं नगर व् शहरों में लूट की वारदातों व चेन स्नेचरों की दहशत से सोने के आभूषण के स्थान पर आर्टिफिशियल जेवर पहन रहीं हैं। यह सोने के आभूषण की तरह ही लगते हैं। इनकी पालिस न उतरने की भी गारंटी दी जाती है। इसका क्रेज बढ़ता जा रहा। क्योकि खो जाये तो गम नहीं और सोने से कम नहीं।

नशा मुक्ति को दिलायी शपथ

स्वच्छ व स्वस्थ्य एवं नशा मुक्ति को लिया दृढ़ संकल्प

शाह टाइम्स, संवाददाता

बबराला। नगर पंचायत बबराला में अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी के नेतृत्व में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वच्छ, स्वस्थ, नशा मुक्त दृढ़ संकल्प लिया गया। जबकि कर्मचारियों को मादक पदार्थों से दूर रहने और भविष्य में उनके सेवन न करने के संबंध में शपथ दिलाई गई।

इस मौके पर अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने कहा कि मादक पदार्थों के उपयोग से गंभीर सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और शारीरिक समस्याएं होती हैं। इससे निपटने के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने इसे आरम्भ किया। नशे की पकड़ जितनी गहरी होती है, उससे बाहर निकलने का निर्णय उतना ही कठिन लगता है। नशा छोड़ने का संकल्प केवल शब्दों में नहीं बल्कि मन, शरीर और भावनाओं के सामंजस्य से मजबूत होता है। बहुत से लोग नशा छोड़ने की सोचते हैं, लेकिन कुछ ही उसे पूरा कर पाते हैं। संकल्प मजबूत करना किसी भी पुनर्वास प्रक्रिया की नींव है। यह वही पहला कदम है जो व्यक्ति को नशे की गिरफ्त से आजादी की ओर ले जाता है। सभी कर्मचारियों ने नशा मुक्ति की शपथ ली। इस दौरान रामकिशोर, प्रमोद कुमार, विकास, सचिन आदि मौजूद रहे।

90 बीघा सरकारी भूमि पर अवैध कब्ज़े के आरोप

राजस्व विभाग की टीम ने गांव में जाकर किया सर्वे

शाह टाइम्स,ब्यूरो

सम्भल। सरकारी जमीन पर अवैध की शिकायत पर राजस्व विभाग की टीम ने गांव का सर्वे कर पैमाईश की और अवैध कब्जों वाली भूमि को चिन्हित किया। जबकि अवैध कब्जे वाली भूमियों की शिकायत को भूस्वामी ने अपनी होने और अभिलेख होने की जानकारी दी।

मंगलवार को तहसील क्षेत्र के गांव हसनपुर मुंजब्ता में चकबंदी के बाद से ग्राम समाज की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे करने की शिकायत की। आरोप है कि चकबंदी के बाद से ग्राम समाज की करीब नब्बे बीघा जमीन पर दबंगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। लगभग 25 से अधिक गाटा संख्या वाली भूमियों पर अवैध निर्माण और खेती करने की शिकायत भी सामने आई है। लंबे समय से चल रहे इस मामले में स्थानीय प्रशासन पर कार्रवाई न करने के भी आरोप लगाए गए। तहसीलदार धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि भाजपा नेता गोपीचंद प्रजापति ने यह मामला मुख्यमंत्री के सामने जनता दर्शन में उठाया था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन हरकत में आया और राजस्व विभाग की 13 सदस्यीय टीम गठित की। टीम बुध वार को गांव पहुंची और विवादित जमीन की पैमाइश शुरू की। प्रशासनिक टीम के पहुंचते ही कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया। नायब तहसीलदार अरविंद कुमार सिंह ने मौके पर पैमाईश के कार्य को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत की जांच की जा रही है और पैमाइश के बाद जो भी कब्जे अवैध पाए जाएंगे, उन्हें नियमानुसार हटाया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। अब मुख्यमंत्री स्तर पर शिकायत के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ है और जमीन को लेकर चल रहा विवाद सुलझने की उम्मीद जगी है। उधर जिस भूमि पर अवैध कब्ज़े वाली होने के आरोप लगाये जा रहे हैं उस भूमि पर कब्जेदारों ने उसके अभिलेख होने और शिकायत को पूरी तरह से निराधान होना बताया है।

कर करेत्तर की बैठक में डीएम ने की समीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में कर करेत्तर, राजस्व एवं चकबंदी न्यायालयों तथा प्रवर्तन कार्यों एवं स्थानीय नगर निकायों आदि की समीक्षा बैठक में सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग के आधार पर समीक्षा की गयी। कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अवस्थापना औद्योगिक विकास के अंतर्गत एमओयू मॉनिटरिंग, आबकारी, परिवहन विभाग के अंतर्गत ट्रेड सर्टिफिकेट जारी करना ,राजस्व विभाग के अंतर्गत कुर्रा बंटवारा धारा 116 नामांतरण धारा 34 ,पैमाईश 24, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, जनसुनवाई, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन के अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति, व्यापार कर , वाहन कर, खनन, विद्युत , बाट माप, मंडी आदि विभागों पर चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

घर में घुसकर तमंचा कनपटी पर रखकर दुषकर्म करने का आरोप

शाह टाइम्स,संवाददाता

असमोली। थाना क्षेत्र के ग्राम मालपुर उर्फ मल्लुपुरा निवासी व्यक्ति ने गांव के ही युवक पर उसकी नाबालिग भांजी पर कनपटी पर तमंचा रखकर दुषकर्म करने का आरोप लगाया। शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की जबकि आरोपी पर धमकाने का भी आरोप लगाया। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

एक करोड़ की धनराशि से पूरी होंगी परियोजनाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। शिक्षा विभाग की डीटीएफ एवं विभिन्न योजनाओं तथा शिक्षा विमर्श, निपुण शिक्षा तथा पीएम श्री विद्यालयों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें निपुण शिक्षा पर चचा की गई।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सभी एआरपी से मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने विद्यार्थियों के लिए क्या प्लान है इसकी जानकारी शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होने निपुण को सम्बंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि निपुण शिक्षा पर कार्य किया जाए जो विकास खण्ड निपुण शिक्षा में पीछे रहेगा उससे संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी के विरुद्व कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जबकि आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत 19 अवस्थापना सुविधाओं के संतृप्तीकरण की विकासखंड वार जानकारी ली। जिसमें रसोई घर के कार्य तथा दिव्यांगजन शौचालय, विद्यालयों की चहारदीवारी, बाल मैत्रिक शौचालय, बालक बालिका मूत्रालय, डैम फ्रू पेंट, जर्जर भवन, परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से जा रही विद्युत की हाइटेंशन लाईन, वैदरशीट मैक्स पेंट, खपरैल, मिड डे मील, पीएम पोषण विद्यालय निरीक्षण, मध्याह्न भोजन एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति, किचन गार्डन, पीएम श्री विद्यालयों में मेडिकल कैंप, समर्थ एप पर दिव्यांग बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र अपलोड किए जाने की स्थिति, संचालित रिसोर्स रूम, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में खाने की गुणवत्ता को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय छात्रवास के निर्माण पर भी चर्चा की गयी। पीएम श्री विद्यालयों में निर्माण रजिस्टर बनाने को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया तथा पीएम श्री विद्यालयों में आरओ सिस्टम लगवाये जाने और परियोजना निदेशक डीआरडीए से जानकारी ली। बैठक में परियोजना निदेशक को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह में सभी आरओ सिस्टम संचालित हैं या नहीं उसको चेक करें तथा आगामी 29 नवंबर को होने वाली संबंधित बैठक में इसकी आख्या रिपोर्ट पेश करेंइसके अलावा विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक दिव्यांग पुस्तकालय, सीएम कंपोजिट स्कूल आदि पर भी चर्चा की कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।तत्पश्चात अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की प्रमुख योजना को लेकर समीक्षा की गयी। बैठक में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गयी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत एक करोड़ से अधिक धनराशि की परियोजनाओं को शामिल किया जाएगा। जनपद में इसके अंतर्गत दिव्यांगजन पुस्तकालय, ऑडिटोरियम, किसान केन्द्र, सीएलएफ बिल्डिंग, मुख्यमंत्री अभ्युदय भवन आदि के संबंधा में चर्चा की गयी और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह,जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार, बीएसए आदि मौजूद रहे।

बहन की शादी के कार्ड बांटने जा रहा युवक की ट्रेन से गिरकर मौत

शाह टाइम्स, संवाददाता

बबराला। नगर के रेलवे स्टेशन बबराला पर दोपहर चलती ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई।

मंगलवार को अनूपशहर रोड रेलवे फाटक 58 वी के पास हुई। बताते हैं कि रोहित (21) पुत्र घनश्याम निवासी सिकंदरपुर खागी थाना रजपुरा दोपहर लगभग एक बजे अपनी बहन की शादी के कार्ड बांटने अलीगढ़ के हरदुआगंज के पास लगे गांव झरोटी जा रहा था। बताते हैं ट्रेन जैसे ही बबराला स्टेशन से आगे बढ़ी तो 58 वी रेलवे नाटक के पास रोहित अचानक चलती ट्रेन से नीचे गिर गया। हादसा इतना गंभीर था कि ट्रेन से उसका सिर धाड़ अलग हो गया। जबकि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर रेलवे कर्मी व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि रोहित पांच भाई-बहनों में सबसे छोटा था। वह बेहद खुश होकर अपनी बड़ी बहन प्रीति की शादी के कार्ड बांटने निकला था। बहन प्रीति की शादी 6 दिसंबर को होनी है। लेकिन इससे पहले ही छोटा भाई चला गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा है। घर मे कोहराम मच गया। शादी की खुशियाँ गम में बदल गयीं।

एक नज़र इधर भी

कलैक्ट्रेट सभागार में आज आहूत होगा किसान दिवस

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। किसान दिवस कल आज कलैक्ट्रेट सभागार में आहूत किया जायेगा। जो दोपहर एक बजे से तीन बजे तकचलेगा। किसान दिवस पर प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 21वीं किस्त का हस्तनांतरण कोयंबतूर, तमिलनाडू राज्य से लभार्थियों के खातों में किया जायेगा। जिसका सजीव प्रसारण भी किसान दिवस में किया जायेगा। यह जानकारी उप कृषि निदेशक ने दी।

कृषि यंत्रों की ई लाटरी प्रक्रिया 20 को बहजोई में

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। कृषि यन्त्रीकरण की प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मेकेनाईज़ेयान फार इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्राप रेज्डयू एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाईजेशन योजनाक` अन्तगत 15 नवम्बर से 29 नवम्बर तक विभागीय दर्शन 20.0 पोर्टल पर सम्पन्न हुई कृषि यंत्राओं की द्वितीय ऑन लाइन बुकिंग प्रक्रिया में जिन कृषि यंत्रों में लक्ष्य से अधिक बुकिंग हुई है, उनमें लाभार्थियों के चयन हेतु ई-लाटरी की प्रक्रिया जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति (डी.एल.इ.सी) के समक्ष 20 नवम्बर गुरूवार को प्रातः 9:30 बजे से कलैक्ट्रेट सभागार बहजोई में सम्पन्न किया जाना निर्धारित है। उप कृद्दिा निदेशक अरूण कुमार त्रिपाठी ने किसान बंधुओं से ई लाटरी प्रक्रिया में अनिवाय रूप से प्रतिभाग करने का आहवान किया है।

सीओ कोतवाली ने किया थाना मुगलपुरा का निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कोतवाली सुनीता दहिया ने थाना मुगलपुरा का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने की विभिन्न व्यवस्थाओं, अभिलेखों व आधारभूत सुविधाओं की गहनता से जांच की। सीओ ने सबसे पहले थाना परिसर व कार्यालयों का भ्रमण कर कार्यप्रणाली का अवलोकन किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, हवालात, सम्पत्ति गृह, भोजनालय, बैरक तथा सीसीटीएनएस कार्यालय का अलग-अलग निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध रिकॉर्ड, व्यवस्था तथा पुलिसकर्मियों की तैनाती की जानकारी ली। उन्होंने अभिलेखों के रख-रखाव पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि सभी रजिस्टर निर्धारित मानकों के अनुसार सुरक्षित, सुव्यवस्थित व अद्यतन स्थिति में रखे जाने चाहिए।सीओ कोतवाली ने विशेष रूप से रजिस्टर नंबर-08 का निरीक्षण किया और पाया कि इसमें नियमित रूप से प्रविष्टि अपडेट रखने की आवश्यकता है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि रजिस्टरों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभिलेख पुलिस कार्यवाही का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, अत: इनका सही रख-रखाव अत्यंत आवश्यक है।थाना परिसर के निरीक्षण के दौरान सीओ ने साफ-सफाई और अनुशासन पर भी जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, अनावश्यक सामान हटाने और कार्यस्थल को व्यवस्थित रखने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और अनुशासित वातावरण पुलिस की दक्षता को बढ़ाता है और जनता में सकारात्मक संदेश देता है।निरीक्षण के अंत में सीओ सुनीता दहिया ने सभी पुलिसकर्मियों को समयबद्ध कार्रवाई, संवेदनशील व्यवहार और प्रोफेशनल तरीके से कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्धारित मानकों का पालन प्रत्येक परिस्थिति में अनिवार्य है। त्रैमासिक निरीक्षण के इस दौर में थाने की कार्यप्रणाली में आवश्यक सुधार लाने के लिए कई दिशा-निर्देश भी जारी किए गए।

राष्ट्रार्पण और बार एसोसिएशन सहित कई संगठनों ने एसएसपी को किया सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। जनपद में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा की गई प्रभावी कार्रवाई की विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सराहना की है।मंगलवार को "राष्ट्रार्पण" संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को सम्मानित किया। संगठन के प्रतिनिधियों ने प्रॉपर्टी डीलर से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने वाले हिस्ट्रीशीटर आसिफ एवं उसके साथी दीनू को पुलिस मुठभेड़ में ढेर किए जाने की कार्रवाई की प्रशंसा की। उन्होंने एसएसपी को स्मृति-चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की सक्रिय भूमिका के लिए आभार व्यक्त किया।इसके साथ ही बार एसोसिएशन मुरादाबाद के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भी पुलिस टीम और एसएसपी सतपाल अंतिल की सराहना की। बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने एसएसपी को स्मृति-चिन्ह और फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। उनका कहना था कि लगातार बढ़ते अपराधों के बीच पुलिस द्वारा समय पर की गई कार्रवाई से आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि अपराधियों में कानून का भय और जनता में पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ाना अत्यंत जरूरी है, जिसके लिए यह कार्रवाई मिसाल है।इसी क्रम में "बार एसोसिएशन मुरादाबाद के जिगर जन शक्ति मंच" ने भी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सम्मानित किया। मंच के सदस्यों ने एसएसपी को स्मृति-चिन्ह, पुष्पगुच्छ और फूलमाला भेंट करते हुए कहा कि पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने न केवल अपराधियों के हौसले पस्त किए, बल्कि समाज में शांति एवं कानून व्यवस्था को स्थापित करने की दिशा में एक मजबूत संदेश दिया है।सभी संगठनों का कहना था कि अपराध के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो मुरादाबाद को सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। एसएसपी सतपाल अंतिल ने सभी संगठनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस का प्राथमिक उद्देश्य जनसुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूती देना है, जिसमें जनता के सहयोग की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

शेरुआ धर्मपुर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कराया विश्नोई धर्मशाला का शिलान्यास

कांठ (शाह टाइम्स)। शेरुआ धर्मपुर में बिश्नोई धर्मशाला का आज भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी एवं विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नोई के कर कमलों द्वारा शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन से हुआ जिसमें चौधरी भूपेंद्र सहित समाज एवं अन्य भाजपा नेताओं ने आहुति देकर देश की समृद्धि के लिए ईश्वर से कामना की। इसके बाद पर्यावरण विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें लोगों से पर्यावरण सुरक्षा के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण करने का आवाहन किया गया। बताया गया कि पर्यावरण सुरक्षा समाज के 29 नियमों में से एक नियम है इसलिए बिश्नोई समाज के साथ-साथ अन्य सभी समाज के लोगों को भी पर्यावरण सुरक्षा के लिए आगे आकर ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण करना चाहिए। इस मौके पर महंत प्रवनानंद महाराज, विधान परिषद सदस्य सलिल बिश्नोई जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर शेफाली सिंह नगर विधायक रितेश गुप्ता जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विजय भान सिंह पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह चुन्नू गन्ना समिति के अध्यक्ष कुंवर सुरेंद्र सिंह बिश्नोई सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

युवा कल्याण व प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में खेल स्पर्धा का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

कुंदरकी। ठाकुर रामवीर सिंह ने फीता काटकर एवं गुब्बारे उड़ाकर खेल स्पर्धा का शुभारंभ किया। व्यक्तिगत इवेंट में एथलेटिक्स में 100मी, 200मी, 400मी, 800मी एवं 1500 मी दौड़, लंबी कूद, गोला फेक, जैवलिन एवं डिस्कस थ्रो की प्रतियोगिताएं और टीम इवेंट में वॉलीबॉल एवं कबड्डी की प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। प्रतियोगिता में विधानसभा क्षेत्र के बड़ी संख्या में बालक एवं बालि. काओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे, जिससे खेल मैदान में उत्सव जैसा माहौल बन गया। विधायक कुंदरकी ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'खेलो इंडिया' पहल के तहत क्षेत्र के छात्र-छात्राएं स्थानीय मंच पर अपनी प्रतिभा निखार रहे हैं, जिससे महिलाएं भी खेल में स्थान प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने खेलों को मानसिक और शारीरिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों में छिपी खेल प्रतिभाओं को सांसद- विधायक खेल स्पर्धा के तहत मंच दिया जा रहा है। विजयी खिलाड़ियों को विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर चेयरमैन मेहंदी हसन, जिला युवा कल्याण अधिकारी भगवान दास, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, बबलू जाटव, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कुंदरकी विनीत कुमार, आशीष कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, अजीम मलिक सहित क्षेत्र वासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एसपी सिंह द्वारा किया गया।

टिमिट में सितार वादन का मनमोहक आयोजन

मुरादाबाद। टिमिट में 18 नवम्बर 2025 को एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रख्यात सितार वादक पंडित हरविंदर शर्मा (संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित) ने अपनी अद्वितीय प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में उनके साथ तबला वादन पर प्रसिद्ध कलाकार श्री उजिथ उदय कुमार ने अपनी लयात्मक संगत से माहौल को और भी सुरीला बना दिया।टिमिट के सभागार मेंआयोजित यह सांस्कृतिक कार्यक्रम भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा को विद्यार्थियों तक पहुंचाने का एक प्रेरणादायक प्रयास रहा। दोनों कलाकारों की जुगलबंदी ने उपस्थित छात्रों, शिक्षकों और अतिथियों को सुर-ताल की अनोखी दुनिया से परिचित कराया। यह सब सर पर टिनिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने कहा" टिमिट में आज प्रस्तुत किया गया सितार-तबला वादन केवल एक संगीत कार्यक्रम नहीं था, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत का जीवंत अनुभव था। पंडित हरविंदर शर्मा और श्री उजिथ उदय कुमार जैसे महान कलाकारों की उपस्थिति ने हमारे विद्यार्थियों को समृद्ध संगीत परंपरा का साक्षात् दर्शन कराया। टिमिट निरंतर ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों में कला, संस्कृति और रचनात्मकता के प्रति गहन संवेदनशीलता विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं दोनों कलाकारों और स्पीक मैके का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ और हमारे विद्यार्थियों को ऐसी अनूठी प्रस्तुतियों से सीखने के लिए प्रेरित करता हूँ।"

सपा विधायक ने साईकिल चलाकर मतदाताओं को किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

बिलारी। सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने ग्राम शाहपुर में साईकिल चलाकर वहां के बूथ पर पहुंचे, जहां उन्होंने सबसे पहले बीएलओ और बीएलए के साथ बैठकर एसआईआर प्रक्रिया को लेकर समीक्षा की, इस दौरान बीएलओ से सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि अब तक कितने गणना प्रपत्र बांट दिए गए है। इस पर बीएलओ केपी सिंह ने बताया कि सभी गणना प्रपत्र बांट दिए है, गणना प्रपत्र मतदाताओं से वापिस लेने का कार्य चल रहा है। इसके बाद सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने ग्राम शाहपुर में साईकिल चलाकर मतदाताओं के पास पहुंचे, जहां उन्होंने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया उत्तर प्रदेश में लागू है, जिसमें 9 दिसम्बर से पहले सभी मतदाता अपने अपने गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध करा दें। यदि किसी भी तरह की मतदाताओं को कोई परेशानी एसआईआर फार्म भरने में हो रही है, तो उस परेशानी को बीएलए को बताएं और बीएलए अपने जिम्मेदारी समझते हुए हल कराने की कोशिश करें, यदि बीएलए के स्तर से परेशानी हल नहीं हो पा रही है तो वह कैम्प कार्यालय में आकर या दूरभाष पर ही अपनी शिकायत बता दें, जिससे उनकी सभी परेशानियों को समय रहते हल किया जा सके। इस दौरान बीएलओ केपी यादव, जिला उपाध्यक्ष हाजी मौहम्मद उसमान, बसर मलिक, कुंवरपाल सिंह, जबर सिंह, सियाराम यादव, जयवीर यादव, चन्द्रकेश यादव, भंडारी सिंह यादव, श्यौराज सिंह यादव, मुकुट सिंह, भगवानदास यादव, सतवीर यादव, हरिओम यादव आदि मौजूद रहे।

जिला टास्क फोर्स की बैठक में सीडीओ ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला टास्क फोर्स (बाल श्रम), जिला श्रम बन्धु एवं जिला स्तरीय बन्धुआ श्रम सर्तकता समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उप श्रमायुक्त द्वारा बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिशोध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 यथा संशोधित अधिनियम 2016, जिला श्रम बन्धु एवं जिला स्तरीय बन्धुआ श्रम सतर्कता समिति के प्राविधानों एवं उ. प्र. शासन एवं भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। उप श्रमायुक्त ने अवगत कराया गया कि मा. मुख्यमंत्री के निर्देशो के क्रम में उत्तर प्रदेश में बाल एवं किशोर श्रम को पूर्णतया: निषिद्ध करते हुए बाल श्रम मुक्त प्रदेश बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। जनपद मुरादाबाद में बाल एवं किशोर श्रम को पूर्णतया निषिद्ध किए जाने हेतु बाल एवं किशोर श्रमिकों के चिन्हांकन, शैक्षिक पुनर्वासन एवं अधिनियम की विस्तृत जानकारी समस्त पदाधिकारियों को दी गई तथा समस्त व्यापार मण्डल एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों से बाल एवं किशोर श्रम से कार्य न कराए जाने एवं अधिनियम के अन्तर्गत दण्ड के प्राविधानों की जानकारी दी गई। प्रतिष्ठान एवं कारखानों के बाहर बाल श्रम निषेध बोर्ड अनिवार्य रूप से चस्पा किया जाएं। मुख्य विकास अधिकारी ने उप श्रमायुक्त को निर्देशित किया कि एक बाल श्रम चिन्हांकन अभियान पुलिस, प्रशासन के अधिकारियों के सहयोग से चलाकर जनपद के होटल, रेस्टोरेंट एवं बाल श्रम बाहुल्य क्षेत्रों में बाल श्रमिकों का चिन्हांकन कराया जाए तथा उनका शैक्षिक एवं आर्थिक पुनर्वासन सुनिश्चित किए जाने हेतु बेसिक शिक्षा विभाग एवं प्रोबेशन विभाग को बाल श्रमिकों की सूची प्रेषित करते हुए फॉलोअप भी लिया जायें तथा मा. सीजेएम न्यायालय में पूर्व में योजित अभियोजन को प्रभावी पैरवी कराते हुए दिनांक 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित लोक अदालत में निस्तारण कराया जाये जिस हेतु सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। कार्यवाही को नियत समय में किये जाने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय एवं बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि इस कार्य हेतु अपने-अपने विभाग से एक-एक नोडल अधिकारी नामित किया जाये ताकि इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न न हों। उप श्रमायुक्त, मुरादाबाद क्षेत्र द्वारा प्रदेश को वर्ष 2027 तक बाल श्रम से मुक्त करने के प्रदेश सरकार के संकल्प को दोहराते हुए इसमें सभी को अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। जिला स्तरीय बन्धुआ श्रम सतर्कता समिति के पुर्नगठन का प्रस्ताव जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त जनपद कुशीनगर से अवमुक्त कराये गये 10 बन्धुआ श्रमिकों का पुनर्वासन पैकेज तैयार कर प्रेषित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त जनपद मुरादाबाद में 01 वाद/समरी ट्रायल उप जिलाधिकारी बिलारी के समक्ष लम्बित है।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि व्यक्तिगत रूप से रूचि लेकर वाद सुनवाई की कार्यवाही मे उपस्थित होते हुए वाद का शीघ्र निस्तारण कराया जाये। बैठक में अपर जिला जज/ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरादाबाद, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज अधिकारी, अध्यक्ष जिला बाल कल्याण समिति, मुरादाबाद, प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, सहायक श्रमायुक्त, श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं समितियों के अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

कांठ (शाह टाइम्स)। महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मोडा में तंबा. कू मुक्त युवा अभियान के अंतर्गत विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने छात्र-छात्राओं को नशा न करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशे से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने का काम छात्र-छात्राएं आसानी से कर सकते हैं। बताया कि नशीले पदार्थ का सेवन करना एक शौक बन गया है लेकिन इससे शरीर एवं बुद्धि पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने शारीरिक और मान. सिक विकास हेतु इन हानिकारक नशीले पदार्थों के सेवन से बचे रहने का आह्वान किया। कहा कि तंबाकू का सेवन व्यक्ति और उसके परिवार दोनों के लिए हानिकारक हो सकता है।

तंबाकू छोड़ने से होने वाले स्वास्थ्य लाभों पर भी उन्होंने प्रकाश डालते हुए कहा कि नशे से दूर रहकर आदमी अपने जीवन का समय और भी बढा सकता है। उन्होंने नशे से होने वाली तमाम बीमारियों के बारे में जानकारी दी और शपथ दिलाई कि तंबाकू का सेवन ना खुद करेंगे और ना ही अपने आसपास के लोगों को करने देंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवायोजन के अधिकारी पदम सिंह उषा सिंह निशिकांत पाठक अखिलेश कुमार दीपक सिंह सुंदर सिंह ओम प्रकाश सिंह हरिश्चंद्र आदि मौजूद रहे।

भारतीय किसान यूनियन के जिला सम्मेलन में एकजुटता का लिया संकल्प

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। किसानों की दर्द को अपनी आवाज बनाने वाली भारतीय किसान यूनियन अनंत ने मुरादाबाद में एक ऐतिहासिक जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। स्टार लाइट वेंकट हॉल, पाकबड़ा में हुए इस धमाकेदार कार्यक्रम ने न सिर्फ सैकड़ों कार्यकर्ताओं को एक मंच पर लाया, बल्कि किसान आंदोलन को नई ताकत और दिशा भी दी।

जिला प्रभारी अमित वर्मा के कुशल संचालन और जिलाध्यक्ष मोहम्मद फैजान की अध्यक्षता में चला यह सम्मेलन एकता का प्रतीक बन गया, जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष नौशाद सिद्दीकी ने कार्यकर्ताओं को 'एकजुट रहो, शोषण बर्दाश्त मत करो' का पाठ पढ़ाया। सम्मेलन की शुरुआत ही जोरदार रही। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नौशाद सिद्दीकी और प्रदेश अध्यक्ष प्रभु ज्योत सिंह बग्गा का फूल मालाओं और तालियों की गड़गड़ाहट से भव्य स्वागत किया। हॉल में सैकड़ों की तादाद में जुटे किसान, मजदूर और पदाधिकारी 'किसान एकता जिंदाबाद' के नारों से गूंज उठे। राष्ट्रीय संगठन मंत्री मोहम्मद कादिर मंसूरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) मोहम्मद शाकिर, प्रदेश अध्यक्ष प्रभु ज्योत सिंह बग्गा के अलावा जिला सचिव कुमार अनंत, सचिन शर्मा, जिला मंत्री शारिक हुसैन, मोहम्मद सलमान, समीर अहमद, आहद मलिक, युवा मंडल प्रभारी मोहम्मद कैफ, नईम अहमद, नायब अहमद और असद सुल्तान जैसे प्रमुख नेता भी मंच पर मौजूद रहे। इनकी मौजूदगी ने सम्मेलन को और भी प्रभावशाली बना दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नौशाद सिद्दीकी ने अपने संबोधन में साफ शब्दों में कहा, 'किसानों का उत्पीड़न और शोषण अब बर्दाश्त नहीं होगा! भारतीय किसान यूनियन अनंत दबे-कुचले मजदूरों, बेसहारों की आवाज बनेगी। हम एकजुट होकर हर अन्याय का मुकाबला करेंगे। सरकारें बदलेंगी, लेकिन हमारी लड़ाई जारी रहेगी।' उनके ये शब्द हॉल में मौजूद हर कार्यकर्ता के दिल को छू गए, और तालियों की बारिश हो गई। प्रदेश अध्यक्ष प्रभु ज्योत सिंह बग्गा ने भी उत्तर प्रदेश के संदर्भ में किसानों की समस्याओं पर रोशनी डाली, कहा कि 'यह सम्मेलन सिर्फ मीटिंग नहीं, बल्कि एक क्रांति का आगाज है।

सम्मेलन में विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए, जिनमें किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी, मजदूरों के अधिकारों की रक्षा और ग्रामीण विकास पर जोर दिया गया। युवा मंडल प्रभारी मोहम्मद कैफ ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, 'हमारी पीढ़ी ही किसान आंदोलन को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी।' जिला प्रभारी अमित वर्मा ने संचालन के दौरान हर सत्र को जीवंत बनाए रखा, जबकि जिलाध्यक्ष मोहम्मद फैजान ने समापन में सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

यह सम्मेलन न सिर्फ मुरादाबाद बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के किसान आंदोलन के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है। भारतीय किसान यूनियन अनंत एक बार फिर साबित कर रही है कि एकता में ही ताकत है। आने वाले दिनों में और भी बड़े आंदोलनों की झलक मिल सकती है। क्या आप भी इस क्रांति का हिस्सा बनेंगे? किसानों की आवाज को बुलंद करने के लिए तैयार रहें!

(फोटो कैप्शन: राष्ट्रीय अध्यक्ष नौशाद सिद्दीकी और प्रदेश अध्यक्ष प्रभु ज्योत सिंह बग्गा का भव्य स्वागत करते कार्यकर्ता।

नाम परिवर्तन सूचना

मैने अपना नाम EZAJ AHAMAD से बदलकर AJAJ AHMAD पुत्र SIRAJUDDN निवासी ग्राम शहबाजपुर कलां तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश रख लिया है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

खोया-पाया सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खलीक अहमद पुत्र अब्दुल अजीज के नाम एक मूल बयनामा जिसका बही संख्या-1, जिल्द संख्या 1928, पृष्ठ 213 से 230 क्रमांक 3598, दिनांक 23.8.1999 को उप निबंधक कार्यालय में पंजीकृत है, वास्तव में खो गया है, संपत्ति स्थित ग्राम जयंतीपुर तहसील व जिला मुरादाबाद, जिसका प्रयोग अवैध होगा। **अजहर उद्दीन पुत्र श्री खलीक अहमद निवासी मोहल्ला गलशहीद, रायनी गली, थाना गलशहीद जिला मुरादाबाद, मोबाइल नंबर 8979772636**

खेत में दबा मिला था युवक का शव, पुलिस ने किया हत्या का पर्दाफाश, एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

भगतपुर। थाना भगतपुर क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर में गन्ने के खेत से बरामद हुए अज्ञात शव के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए मृतक की शिनाख्त कर हत्या का खुलासा कर दिया है। खेत में प्लास्टिक की बोरी में बंद, नमक डालकर दबाए गए शव की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचायतनामा भरा और शिनाख्त के प्रयास शुरू किए थे। हालांकि ग्रामीणों और आसपास क्षेत्रों में काफी खोजबीन के बाद भी शव की पहचान नहीं हो सकी थी, जिसके बाद पोस्टमार्टम कराया गया और शव की शिनाख्त हेतु तीन टीमें बनाई गईं।पुलिस की लगातार कोशिशों के बाद मृतक की पहचान चीनू उर्फ बादशाह पुत्र जितेन्द्र चौधरी निवासी मोहल्ला वैशाली, काशीपुर (जनपद ऊधमसिंहनगर, उत्तराखंड) के रूप में हुई। इसके बाद थाना भगतपुर में आरोपी हिमांशु चौधरी और अंकुल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने टीम बनाकर कार्रवाई करते हुए आरोपी हिमांशु चौधरी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि आरोपी अंकुल की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरा. `पी हिमांशु ने बताया कि वह मूल रूप से भवानीपुर का रहने वाला है और मृतक चीनू से पहले से जान-पहचान थी। करीब एक वर्ष पूर्व चीनू एक मोटरसाइकिल मामले में जेल गया था, जिसके दौरान आरा. `पी के भाई गर्वित से उसका विवाद हुआ था। चीनू ने जेल से छूटने के बाद गर्वित से मारपीट का बदला लेने की धमकी देना शुरू कर दिया था। इसके अलावा हिमांशु ने आरोप लगाया कि चीनू ने उसके 20 हजार रुपये भी नहीं लौटाए, जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया था।लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर हिमांशु और उसके दोस्त अंकुल ने चीनू की हत्या की योजना बना ली। 21 अक्टूबर 2025 की शाम दोनों चीनू के घर पहुंचे और उसे दोस्ती का हवाला देकर साथ ले गए।

रास्ते में तीनों ने शराब पी और फिर अपने खेतों पर ले जाकर चीनू को और शराब पिलाई। जब चीनू नशे में बेसुध हो गया, तो हिमांशु ने उसका मुंह और नाक दबा दी, जबकि अंकुल ने उसके पैर पकड़े रखे, जिससे कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई।हत्या के बाद दोनों ने शव को अजीत के गन्ने के खेत में फेंक दिया और अगले दिन बिल्लू लाला की दुकान से एक बोरा नमक खरीदकर पहुंचे। दोनों ने खेत में गड्ढा खोदकर शव को प्लास्टिक की बोरी में डालकर नमक छिड़कते हुए दबा दिया और ईख की पत्तियों से ढककर फरार हो गए।एसपी ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा के निर्देशन में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और फरार आरोपी अंकुल की तलाश में टीमें दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

चचेरे भाई के साथ मछली पकड़ने गया आईटीआई का छात्र रामगंगा नदी में डूबा

सुरजननगर। सुरजन नगर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम लालापुर पीपलसाना में मंगलवार की दोपहर बाद एक दर्दनाक हादसा हो गया। सुरजननगर निवासी उमेर (18) पुत्र मोहम्मद सरदार अहमद अपने चचेरे भाई रिहान के साथ मछली पकड़ने गया जहाँ रामगंगा नदी के किनारे बने गहरे कुण्ड मे पानी में मछली पकड़ने पहुंचे थेजहा पर उमेर का पैर रपट गया जिससे उमेर अधिक गहरे पानी में चला गया उसके भाई रिहान ने काफी समय तक उस को पानी मे ढूंडा लेकिन नही मिला तब रिहान ने अपने परिजनों को सूचना दी जहाँ परिजन घटना स्थल पर गोताखोरो ले कर पहुँचे गोताखोरो के काफी समय तक ढूंडा लेकिन नही मिला मौके पर पहुचे चौकी प्रभारी ओमकार सिंह ने बताया कि गोताखोरो द्वारा उमेर की तलाश की जा रही है वही एनडीआरएफ को सूचना दे दी गई है घटना स्थल पर मौजूद चचेरे भाई ने बताया कि वह दूसरी ओर काटा लगाने गया था जहाँ पर उस का पैर रपट गया जिससे वह पानी मे समा गया स्थानीय गोताखोरों ने उमेर काफी तलाश की न मिलने पर साथी ने इसकी सूचना अपने गांव में व पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। जहाँ चौकी प्रभारी ओमकार सिंह अपने पुलिस बल के साथ राम गंगा नदी किनारे पहुंच गए। स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश की गई लेकिन देर शाम तक डूबे युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उमेर पुत्र मोहम्मद सरदार अहमद आई टी आई का छात्र है घटना स्थल पर परिजनों व ग्रामीणों ने प्रशासन द्वारा एनडीआरएफ की टीम को बुलाकर डुबे व्यक्ति की तलाश की मांग की। हालांकि स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। वहीं, हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर फैल गई है। पुलिस का कहना है कि युवक की तलाश जारी है, और जब तक शव बरामद नहीं हो जाता, राहत व बचाव कार्य रोका नहीं जाएगा। जनपद स्तर के अधिकारियों को इस संबंध में जानकारी दे दीगई है। अधिक रात्रि होने के कारण सर्च ऑपरेशन रोक दिया गया है बुद्धवार की सुबह फिर से सर्च ऑपरेशन चलाया जाएगा।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

ठाकुरद्वारा। 108 एबुलेंस सड़क दुर्घटना में घायलों के लिए ईश्वर के वरदान से कम नही है। सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को एबुलेंस की मदद से समय पर सरकारी अस्पताल पहुंचा रही है। जिससे लोगों की जान बच रही है। मंगलवार को तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई। जिसमें बाइक सवार घायल हो गया। घायल को 108 एबुलेंस की मदद से उपचार के लिए नगर के सरक. ारी अस्पताल में भर्ती कराया। थाना डिलारी के गांव सुल्तानपुर मुंडा निवासी बलवंत सिंह पुत्र छतर सिंह बाइक सवार ठाकुरद्वारा की दिशा में आ रहा था। ढकिया ठाकुरद्वारा मार्ग पर बलवंत सिंह की बाइक अनियत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई। जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर 108 एबुलेंस की ईएमटी शिवम् यादव और पाइलेट हर्षित ने सचूना पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

यातायात माह के तहत चन्दौसी में चला सख्त चेकिंग अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

चन्दौसी। पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार के निर्देशन में जनपद में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत मंगलवार को चन्दौसी के मालगोदाम रोड स्थित सिपाही लाल पेट्रोल पम्प तिराहा के पास चन्दौसी पुलिस एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने यातायात माह नवम्बर-2025 के अंतर्गत व्यापक चेकिंग अभियान संचा. लित किया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों, बिना सीट बेल्ट कार चालकों, जातिसूचक शब्दों वाले स्टिकर लगे वाहनों, गैरकानूनी रूप से लगे हूटर व सायरन, बिना रजिस्ट्रेशन या अपूर्ण दस्तावेजों के साथ चल रहे वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की गई।

कई वाहनों के चालान किए गए तथा वाहन चालकों को मौके पर ही जागरूक करते हुए सुरक्षित एवं जिम्मेदार ड्राइविंग के प्रति प्रेरित किया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यातायात माह के अवसर पर पूरे जनपद में लगातार जागरूकता कार्यक्रम, चे. कंग अभियान और सड़क सुरक्षा संबंधी गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और जनमानस में नियमों के प्रति सकारात्मक संदेश पहुँच सके। अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा लोगों को हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित गति सीमा, वाहन दस्तावेजों की उपलब्धता और सड़कों पर शिष्टाचार का पालन करने की सलाह दी गई। पुलिस टीम ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्यवाही की जाएगी।

अभाकिमस की 26 नवम्बर को होने वाली महापंचायत को सफल बनाने के लिए आयोजित हुई बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

ठाकुरद्वारा। अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष कामरेड धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में दुल्हापुर पट्टी जाट में तहसील ठाकुरद्वारा के कार्यकर्ताओं की 26 नवंबर 2025 को ठाकुरद्वारा में विशाल प्रदर्शन व किसान मजदूर महापंचायत को सफल बनाने के लिए बैठक कर रणनीति तैयार की गई। जिसमें किसानों मजदूरों से गांव गांव जाकर जनसंपर्क किसानों मजदूरों से संबंधित मांगों को लेकर आवाज बुलंद करने का आवाहन किया गया इस दौरान जिला बिजनौर के अभाकिमस के जिला महासचिव कामरेड सुभाष सिंह ने विचार रखते हुए कहा कि सरकत्र. र को स्वामीनाथन आयोग की संस्तुति अनुसार सभी फसलों का सी250: के हिसाब से एसपी घोषित करना वह खरीद का गारंटी कानून बनाने को मजबूर करना होगा तभी किसान की दशा में सुधार होगा अन्यथा गरीबी अमीरी की खाई लगातार बढ़ती ही रहेगी इसी क्रम में धर्मपाल सिंह ने बताया कि यूपी सरकार के चुनावी वादे के अनुसार 300 यूनिट घरेलू खपत की बिजली मुफ्त दी जाए स्मार्ट मीटर लगाना बंद किया जाए।

वृद्ध विकलांगों तथा विधवाओं को 10000 प्रति माह पेंशन का कानून बनाया जाए। किसान मजदूर के सभी कर्ज रद्द किए जाएं तथा गन्ने का उचित एवं लाभकारी मूल्यघ्500 घोषित किया जाए गन्ना मूल्य में घ्30 की वृद्धि ऊंट की दाढ में जीरे की बराबर है। रामगंगा नदी में आई बाढ़ के कारण हुए नुकसान का मुआवजा किसानों को तुरंत दिलवाया जाए आदि मांगों पर जोर दिया गया। इस दौरान जिला सचिव हर स्वरूप सिंह महिपाल सिंह दयाराम साहनी जसवंत सिंह करन सिंह अध्यापक मनोज कुमार बाबू सिंह दुर्योधन सिंह जगदीश सिंह पांडे किसान नेता प्रीतम सिंह आदि मौजूद रहे।

एक नजर

पुलिस ने आठ लोगों का किया शांति भंग में चालान

कांठ (शाह टाइम्स)। पुलिस ने अलग-अलग गांव के आठ लोगों का शांति भंग में चालान किया है गुलहशन पुत्र तस्लीम इब्ने हसन पुत्र तस्लीम तस्लीम पुत्र छिद्दा ग्राम मधपुरी इनायतपुरी अली पुत्र साबिर आजाद नगर हसनपुर चौराहा थाना पागवाड़ा शाने आलम पुत्र मुख्तियार मुंतियाज पुत्र बाबू आजाद नगर हसनपुर चौराहा थाना पागवाड़ा मोहम्मद उमर पुत्र मुख्तियार अहमद निवासी मोहल्ला अंसारियां कस्बा उमरी कला और जीशान मलिक पुत्र इरशाद निवासी अकबरपुर चौदरी थाना कांठ को पुलिस ने हिरासत में लेकर शांति भंग की आशंका के चलते उप जिलाधिकारी न्यायालय में पेश किया है।

संदिग्ध परिस्थिति में कंपाउंडर ने गटका जहरीला पदार्थ, मौत

ठाकुरद्वारा। गृह कलेश के चलते कंपाउंडर ने संदिग्ध परिस्थिति में जहरीला पदार्थ का सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मौत की सूचना पर परिजनो में हड़कंप मच गया। नगर के मोहल्ला बंजरान निवासी अर्जुन सिंह पुत्र घनश्याम सिंह नगर में भारतीय स्टैट बैंक के पास के निजी चिकित्सक के यहां करीब 20 साल से कंपाउंडर था। वह परिवार की गुजर बसर कंपाउंडर रहकर कर रहा था। अर्जुन सिंह के पास एक 13 वर्षीय बेटी कुमकुम उर्फ बिटटू व लगभग 8 वर्ष को बेटा मयंक है। मंगलवार को अर्जुन सिंह ने घर में हुई किसी बात लेकर घर पर रखा जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। कंपाउंडर की हालत बिगड़ता देखकर परिजन उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से हालत गंभीर देखते हुए रैफर कर दिया था। उपचार को लेते हुए कंपाउंडर की रास्ते में ही मौत हो गई। मौत की सूचना पाकर परिजनो में कोहराम गया। मृतक के पत्नी भोली उर्फ राजबाला, बेटी कुमकुम और बेटे मयंक सहित अन्य परिजनों का रोते विखलते बुराहाल है।

आयकर टीम की अफवाह पर दुकानें बंद, सुरजन नगर में सुबह से शाम तक बाजार रहा बंद

सुरजन नगर। सोमवार को आयकर विभाग की टीम आने की अफवाह फैलने के बाद बाजार की सभी दुकानें बंद हो गईं। यह स्थिति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बनी रही, जिससे पूरे दिन बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। सुबह के समय बाजार की दुकानें सामान्य रूप से खुली थीं। लगभग 10 बजे यह अफवाह तेजी से फैली कि आयकर विभाग की टीम सुरजन नगर आने वाली है। इस खबर के फैलते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया। अफवाह के चलते झंडा चौक वाली मार्केट, ताज मार्केट और बस स्टैंड वाली मार्केट सहित सभी प्रमुख बाजारों के दुकानदारों ने तुरंत अपनी-अपनी दुकानों के शटर गिराने शुरू कर दिए। देखते ही देखते पूरा बाजार बंद हो गया और दुक. नदार अपनी दुकानों से चले गए। शाम लगभग 5 बजे तक बाजार पूरी तरह बंद रहा। इसके बाद जब स्थिति सामान्य हुई और अफवाह की पुष्टि नहीं हुई, तब दुकानदारों ने अपनी दुकानें फिर से खोलीं।

स्व. त्रवण कुमार अग्रवाल को शोक सभा कर दी श्रद्धांजलि

मुरादाबाद। वनवटा गंज स्थित श्री शिव मंदिर (पीपल वाले) की एवं सामाजिक संस्था मुरादाबाद जागरूक समाज की प्रबंध समिति की संयुक्त बैठक हुई जिसमें समाज सेवा त्रवण कुमार अग्रवाल के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवांत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करते हुए शोक संतृप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु प्रार्थना करके दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। शोकसभा में प्रबंधक/अध्यक्ष अतुल जौहरी, अनिल आदि मुख्य रूप से मौजू दहरे।

बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र जितेन्द्र व पुत्रवधू श्रीमती राजकुमारी को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।

छत्रपाल सिंह पुत्र दौलत सिंह निवासी ग्राम त्रिलोकपुर थाना भोजपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

सम्पादक

एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक

आनन्द बत्रा 'सुमन'

☎ 0591-2313314

मुख्यालय:

मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

महिला ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

मां को फांसी पर लटका देख बेटे ने बचाया, नाजुक हालत में जिला अस्पताल को रेफर

शाह टाइम्स संवाददाता

बिलारी। नगर के प्रजापति मोहल्ला होली चौक में एक महिला डिप्रेशन में आकर फांसी पर लटक गई। दूसरे कमरे में मौजूद बेटे को जैसे ही आवाज सुनाई पड़ी, वह दौड़ा चला आया और महिला को पकड़ लिया।

इस बीच महिला पूरी तरह से बेसुध हो गई। पड़ोसियों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। जहां गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल को रेफर किया गया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताई है। बिलारी के गांव मोहनपुर के रहने वाले दिनेश अपनी पत्नी पुष्पा के अलावा तीन बेटे ऋतिक, संजय, आनंद के अलावा बेटी पूनम के साथ बिलारी के मुहल्ला होली चौक में किराए के मकान पर रह रहे थे। दिनेश ट्रक चालक है और जो मौजूद समय में ट्रक लेकर बाहर गए हुए थे।

पड़ोसियों ने बताया कि काफी समय से महिला पुष्पा गुमसुम थी और किसी से बात नहीं कर रही थी। बेटे ऋतिक ने बताया कि सवेरे से मां पुष्पा रो रही थी। लेकिन अपने साथ किसी भी घटना के बारे में नहीं बताया। वह दूसरे कमरे में था। इस बीच मां पुष्पा ने दुपट्टे से फांसी लगा ली। खटपट की आवाज पर वह कमरे में पहुंचा तो वह फांसी पर लटकी हुई थी।

इस बीच फांसी पर लटकी मां को पकड़ लिया और बचाया किसी तरह फांसी से उतर कर पड़ोसी की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए इलाज शुरू कर दिया।

आक्सीजन लगे लेकिन महिला की हालत लगातार बिगड़ रही थी। आनंद-फानन में जिला अस्पताल को रेफर किया गया। जहां से निजी अस्पताल को भेजा गया ।महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।

इत्तिलानामा बनाम रेस्पाडेन्ट इत्तिला तारीख के जो समाअत अपील के लिए मुकर्रर की जाये

न्यायालय श्रीमान किराया अधिकरण अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट नम्बर-9, महोदय, जिला मुरादाबाद।

अपील संख्या: 100/2025

तारीख पेशी: 19.11.2025

संदीप सिंघल बनाम मनोज दुमीर

बनामजी बहुकुम अदालत अपर जिलाधिकारी नगर मुकाम, मुरादाबाद

अपील वजरिया: 28 माह 05 सन् 25 व मुकदमा आवेदन संख्या:

डी-202213540006684

बनाम

मनोज दुमीर पुत्र श्री शांतिलाल दुमीर निवासी पंजाब नेशनल बैंक के पीछे सिविल लाइन, मुरादाबाद।

मुत्तिला ही अपील वनरजी डिग्री मुकदमा मुन्दरजा वादे पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और अदालत ने तारीख 19 माह 11 सन् 2025 समाअत इस अपील के मुकर्रर की है अगर खुद आप या आपका वकील या कोई शख्स जो कानून आक्की तरफ से अपील हाजा में जबाव व सवाल करने का मजाक हाजिरन आयेगा तो उसको समाआत और तनवीज आपकी गैरहाजिरी में की जायेगी। आज व तारीख 10 माह 11 सन् 2025 ई0 मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत से जारी किया।

न्यायालय

अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नम्बर-9, मुरादाबाद।

मैनाठेर थाना पुलिस ने हत्या के वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

कुंदरकी/मैनाठेर। थाना मैनाठेर पुलिस ने हत्या मामले में वांछित चल रहे आरोपी सोनू उर्फ वेदप्रकाश को मंगलवार को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार यह गिरफ्तारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देश, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी बिलारी के मार्गदर्शन में गठित टीम की सक्रियता का परिणाम है।यह मामला 17 सितंबर 2025 का है, जब ग्राम मिलक मोहम्मदपुर बस्तौर निवासी वादी हरकेश ने अपने चाचा सुरेश पुत्र बुद्धि सिंह की हत्या किए जाने की तहरीर थाना मैनाठेर में दी थी। वादी के अनुसार उनके चाचा सुरेश को ग्राम बहपुरा निवासी तथा वर्तमान में मिलक मोहम्मदपुर बस्तौर में रह रहा सोनू उर्फ वेदप्रकाश अपने साथ बहाने से ले गया। आरोप है कि आरोपी ने सुरेश को पहले शराब पिलाई, फिर सिर पर ईंट मारकर अधनिर्मित मकान की छत से नीचे फेंक दिया। घायल सुरेश को उपचार हेतु लाल सिंह मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस आधार पर पुलिस ने मु.अ.सं. 232/2025 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की।पुलिस टीम लगातार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु प्रयासरत थी। मंगलवार को थाना मैनाठेर पुलिस को सूचना मिली कि वांछित आरोपी ग्राम मिलक मोहम्मदपुर बस्तौर को जाने वाले मोड़ के पास दिखाई दिया है। सूचना पर तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

नारी उत्थान केन्द्र ने सुलझाया दंपती विवाद परामर्श से फिर जुड़ा बिखरता परिवार

मुरादाबाद। नारी उत्थान केन्द्र, पुलिस लाइन मुरादाबाद ने अपने निरंतर मानवीय प्रयासों के माध्यम से एक बार फिर एक दंपती के जीवन में खुशियों की वापसी कराई है। 18 नवंबर 2025 को आयोजित काउंसलिंग सत्र के दौरान पति-पत्नी के बीच चल रहे आपसी मतभेद को सफलतापूर्वक सुलझाकर दोनों को साथ रहने के लिए सहमत कराया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के कुशल निर्देशन, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पर्यवेक्षण में परिवार परामर्श केन्द्र प्रभावी रूप से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में अनुभवी परामर्शदाता एम. पी. सिंह यादव द्वारा दोनों पक्षों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया और शांतिपूर्ण तरीके से समाधान की राह सुझाई गई। काउंसलिंग के दौरान दंपती द्वारा प्रस्तुत एक प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए परामर्श केन्द्र ने उनके बीच उत्पन्न विवाद के कारणों को समझा और आपसी संवाद बढ़ाते हुए उन्हें एक-दूसरे के भावनात्मक पक्ष से अवगत कराया।करीब दो घंटे चली काउंसलिंग के बाद दोनों पक्षों के बीच गलतफहमियां दूर हुईं और उन्होंने पुरानी बातों को भुलाकर नए जीवन की शुरुआत करने पर सहमति जताई। पति-पत्नी ने एक-दूसरे पर विश्वास जताते हुए आगे से किसी भी तरह के विवाद से बचने और मिल-जुलकर शांतिपूर्ण जीवन जीने का वादा किया।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

निविदा सूचना सं. 21/2025 दिनांक : 17.11.2025

क्र. सं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रु.)	कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है	बिड सिक्यूरिटी (रु.)	कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि	निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय	वेबसाइट एवं कार्यालय का पता
1	25/वरिष्ठ मं. वि. अभि./सा./मुरा./2025 :- मुरादाबाद मंडल में एटी केबल बिछाने के लिए विद्युत कार्य।	5235780.20 (जीएसटी सहित)	विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद	104700.00	6 (छः) महीने	निविदायें दिनांक 19.12.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी।	वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/ मुरादाबाद।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3564/25

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

पत्रांक – 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 17.11.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / मुख्यालय / मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबन्धित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

Tender No. Date	219-DRM-MB-25-26 dt. 17.11.2025	229-DRM-MB-25-26 dt. 17.11.2025	234-DRM-MB-25-26 dt. 17.11.2025
Name of work	Heavy repair to Divisional Railway Hospital, Moradabad Under ADEN/HQ/MB.	CTR(S)=7.232 km & TSR(S)=0.44 km and other miscellaneous track activity under Sr. DEN/HQ/MB.	H/Repair to Double Storey staff Quarter (Block No.- L-42, T-43,T-57, T-77, E-64 & E-65) & Provision of B/wall of Dismantled Abondened Qtr in STN colony at MB
Tender Closing Date Time	11.12.2025	11.12.2025	11.12.2025
Advertised Value (Rs.)	64,99,998.86	1,28,52,701.23	1,07,99,993.91
Earnest Money (Rs.)	1,30,000.00	2,14,300.00	2,04,000.00
Tender Cost (Rs.)	00	00	00
Bidding Start Date	27.11.2025	27.11.2025	27.11.2025
Period of Completion	06 Month	06 Month	06 Month

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3566/25

WPL की नीलामी 27 को दिल्ली में

ऑक्शन में हर क्रिकेट टीम को अधिकतम 18 खिलाड़ियों की टीम बनाने की अनुमति होगी

नई दिल्ली, वार्ता। डब्ल्यूपीएल 2026 की मेगा नीलामी 27 नवम्बर को नई दिल्ली में आयोजित होगी। यह ऐलान इस महीने की शुरुआत में अगले सीजन के लिए वूमेंस प्रीमियर लीग की रिटेंशन लिस्ट जारी होने के बाद की किया गया है। डब्ल्यूपीएल 2026 ऑक्शन में हर क्रिकेट टीम को अधिकतम 18 खिलाड़ियों की टीम बनाने की अनुमति होगी। कुल मिलाकर, पांचों टीमों में 23 विदेशी खिलाड़ियों सहित 73 स्थान भरे जाने के लिए उपलब्ध हैं। यूपी वॉरियर्स डब्ल्यूपीएल 2026 की नीलामी में सबसे ज्यादा बदलाव करेंगे, क्योंकि उन्होंने सिर्फ एक खिलाड़ी अनकैप्ड श्वेता सहरावत को रिटेन किया है। उनके पास सबसे बड़ा पर्स होगा, साथ ही चार राइट टू मैच (आरटीएम) विकल्प भी उपलब्ध होंगे। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली मौजूदा विजेता मुंबई इंडियंस और तीन बार की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स, जिन्होंने शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स को टीम में बनाए रखा है, ने पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया है। मेगा ऑक्शन में, उनके पास कोई राइट-टू-मैच (आरटीएम) विकल्प उपलब्ध नहीं होगा। अब तक आयोजित तीन संस्करणों में, डब्ल्यूपीएल में कुछ खिलाड़ियों पर बहुत बड़ी बोली लगी हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु द्वारा डब्ल्यूपीएल 2023 मेगा ऑक्शन में भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंधाना के लिए 3-4 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद, स्मृति मंधाना वर्तमान में डब्ल्यूपीएल इतिहास की सबसे महंगी खिलाड़ी हैं। मंधाना, जिन्होंने 2024 डब्ल्यूपीएल सीजन में टीम को खिताब जिताया था, डब्ल्यूपीएल 2026 की नीलामी से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु द्वारा रिटेन किए गए चार खिलाड़ियों में से एक हैं। कुल मिलाकर, पांचों क्रिकेट टीमों ने सात विदेशी क्रिकेटरों सहित 17 खिलाड़ियों को रिटेन किया। सभी टीमों के पास 2026 डब्ल्यूपीएल नीलामी में खर्च करने के लिए कुल 41-1 करोड़ रुपये होंगे। वूमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहीं दीप्ति शर्मा, प्रमुख खिलाड़ियों की ऑक्शन लिस्ट का हिस्सा होंगी। इस लिस्ट में दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ट, ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली और मेग लैनिग, न्यूजीलैंड की अमेलिया केर और दक्षिण अफ्रीका की नादिन डी क्लार्क सहित कई अन्य खिलाड़ियों के शामिल होने की उम्मीद है।

स्पेन के अल्काराज हैमस्ट्रिंग चोट के कारण डेविस कप से बाहर

मैड्रिड, वार्ता। विश्व नंबर 1 कार्लोस अल्काराज चोट के कारण इटली के बोलोग्ना में होने वाले डेविस कप फाइनल के लिए स्पेन की टीम से हट गए हैं। रविवार को एटीपी फाइनल्स के फाइनल में जैनिक सिनर से हारने के बाद अल्काराज को हैमस्ट्रिंग में हल्की चोट लगी थी, और हालांकि वह प्रतियोगिता में भाग लेने की उम्मीद से बोलोग्ना गए थे, लेकिन जांच के बाद उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि मेरे दाहिने हैमस्ट्रिंग में सूजन है और चिकित्सा सलाह है कि मैं प्रतियोगिता में भाग न लूं।

बाबर पर ICC ने की बड़ी कार्रवाई

दुबई, वार्ता। क्रिकेट की वैश्विक संस्था आईसीसी ने पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। आईसीसी ने आचार संहिता के उल्लंघन के कारण बाबर पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। इतना ही नहीं उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। दरअसल, बाबर ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में आउट होने के बाद स्टंप्स पर बल्ला मारा था जिस कारण उनके खिलाफ कार्रवाई हुई है।

बाबर ने आईसीसी आचार संहिता के नियम 2.2 का उल्लंघन किया जो अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़ों, मैदानी उपकरणों या फिक्स्चर और फिटिंग को नुकसान पहुंचाने से संबंधित है। इसके अलावा इस 31 वर्षीय बल्लेबाज के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है जिससे 24 महीने की अवधि में बाबर का यह पहला अपराध बन गया। यह घटना रविवार को सीरीज के आखिरी वनडे मैच में पाकिस्तान की पारी के 21वें ओवर में हुई जब बाबर ने आउट होने के बाद क्रीज छोड़ने से पहले अपना बल्ला स्टंप्स पर मारा। मैदानी अंपायर एलेक्स व्हार्फ और राशिद रियाज, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर फैसल अफरीदी ने आरोप लगाए, जबकि आईसीसी के

● **क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया**

मैच रैफरी के अंतर्राष्ट्रीय पैनल के अली नकवी ने प्रतिबंध का प्रस्ताव रखा। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तानी बल्लेबाज ने अपराध और प्रतिबंध स्वीकार कर लिया जिससे औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं पड़ी। लेवल एक के उल्लंघन के लिए न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार और अधिकतम सजा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और एक या दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं।

संक्षिप्त खेल समाचार

दसुन शनाका टी-20 त्रिकोणीय सीरीज में श्रीलंका की कप्तानी करेंगे

कोलंबो, वार्ता। श्रीलंका ने पाकिस्तान में होने वाली टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला से पहले टीम में कई बदलावों की घोषणा की है। कप्तान चरित असालंका और तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो दोनों बीमारी के कारण स्वदेश लौट आए हैं। हाल ही में संपन्न हुई एकदिवसीय श्रृंखला का हिस्सा रहे ए दोनों खिलाड़ी श्रीलंका, पाकिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच होने वाले तीन देशों के टूर्नामेंट से बाहर रहेंगे क्योंकि टीम प्रबंधन और मेडिकल स्टाफ ने उन्हें भविष्य की प्रतिबद्धताओं से पहले उचित उपचार और रिकवरी का समय देने के लिए एहतियातन हटने की सलाह दी है। असालंका की अनुपस्थिति में, पूर्व सीमित ओवरों के कप्तान दासुन शनाका को त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए टीम की कमान संभालने के लिए कहा गया है।

विश्व टेनिस लीग दिसम्बर में भारत में पदार्पण करेगी

बेंगलुरु, वार्ता। यूएई में तीन सीजन तक दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के बाद, आइकॉनिक स्पोर्ट्स एंड इवेंट्स लिमिटेड द्वारा लाइसेंस प्राप्त और प्रबंधित विश्व टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) अगले महीने भारत में पदार्पण करने के लिए तैयार है। बेंगलुरु में 17-20 दिसम्बर तक आयोजित होने वाला यह चार दिवसीय टूर्नामेंट कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ के स्वामित्व और संचालन वाले प्रतिष्ठित एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में आयोजित होगा। यह संस्करण डब्ल्यूटीएल की उत्कृष्टता की विरासत को जारी रखेगा, जिसमें दानिल मेदवेदेव, निक किर्गियोस, एलेना रयबाकिना, पाउला बडोसा, रोहन बोपन्ना, गाएल मोंफिल्स, आर्थर फिल्स, सुमित नागल, मैग्डा लिनेट और मार्टा सहित टेनिस प्रतिभाओं की एक मजबूत टीम शामिल होगी।

अर्जुन एरिगैसी ने क्वार्टर फाइनल का पहला गेम ड्रा कराया

पणजी, वार्ता। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी (2773) ने 20 लाख डॉलर के ईनामी फिडे विश्व कप के पहले क्लासिकल क्वार्टर फाइनल मुक़ाबले में चीनी ग्रैंडमास्टर वेई ई (2754) को 31 चालों में बराबरी पर रोककर भारत का परचम लहराया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के विजेता को नए

● **अर्जुन ने मुकाबले में चीनी ग्रैंडमास्टर वेई ई को 31 चालों में बराबर पर रोककर हराया**

विश्वनाथन आनंद कप फाइनल में जगह और मार्च में साइप्रस में होने वाले कैंडिडेट्स 2026 में खेलने के लिए एक स्थान मिलेगा। आंध्र प्रदेश के वारंगल के इस खिलाड़ी को इस बात का श्रेय जाता है कि उन्होंने खतरनाक चीनी ग्रैंडमास्टर वेई ई के ख+लाफ जडादा पसीना बहाए बिना अपना गेम ड्रॉ करा लिया। टाटा स्टील 2024 के इस चैंपियन ने शुरुआती मुक़ाबले में रुई लोपेज क्लोज्ड सिस्टम का इस्तेमाल किया, जिसमें इस भारतीय खिलाड़ी को कोई दिक्कत नहीं हुई।

उत्कृष्ट तैयारी का परिचय देते हुए, ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने पूरे समय समय की बढ़त बनाए रखी। 27वीं चाल तक, खेल का अंत ड्रॉ रूक-एंड-पॉन में हो गया था, और खिलाड़ी 30 चालों की सीमा पार करने के बाद तीन बार दोहराकर ड्रॉ पर सहमत हो गए। एक उल्लेखनीय विशेषता अर्जुन के खेल की असाधारण गति थी।

चिराग-सात्विक प्री क्वार्टरफाइनल में

सिडनी, वार्ता। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मंगलवार को सिडनी में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने राउंड ऑफ 32 के मैच में गैर-वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे की जोड़ी चांग को-ची और पो ली-वेई को 48 मिनट में 25-23, 21-16 से हराया। भारतीय बैडमिंटन जोड़ी ने धीमी शुरुआत की और शुरुआती गेम में 6-2 से पिछड़ रही थी, लेकिन लगातार चार अंक बनाकर वापसी करते हुए मुकाबला बराबरी पर ला दिया। चांग को-ची और पो ली-वेई ने 9-7 के स्कोर पर फिर से बढ़त बना ली, लेकिन चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने वापसी जारी रखी और स्कोर 9-9 और फिर 16-16 पर बराबरी पर आ गए। 19-19 के स्कोर पर मुकाबला कड़ा हो गया, जहां शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने अपना धैर्य दिखाया और तीन गेम पॉइंट बचाकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही। चिराग-सात्विक ने 7-4 की बढ़त बनाई, लेकिन चीनी ताइपे की जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 8-8 कर लिया और फिर 10-8 से आगे हो गई। इसके बाद, भारतीयों ने अपनी गति बदली और लगातार छह अंक बनाकर चार अंकों की बढ़त बना ली। चांग को-ची और पो ली-वेई ने अंतर को दो अंकों तक कम कर दिया, लेकिन चिराग और सात्विक ने तीन अंक हासिल करके मैच अपने नाम कर लिया और दोनों जोड़ियों के बीच पहला आमने-सामने का मुकाबला जीत लिया। चिराग-सात्विक अब क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए चीनी ताइपे के सु चिग-हेंग और वू गुआन-जुन से भिड़ेंगे। इस बीच, जुलाई के बाद पहली बार बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में वापसी कर रही भारत की शीर्ष महिला युगल जोड़ी ट्रीसा और गायत्री को कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ा। चौथी वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी को इंडोनेशिया की फेब्रियाना और मेलिसा त्रियास की 83वें नंबर की जोड़ी ने 40 मिनट में 21-10, 21-14 से हरा दिया। विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता लक्ष्य, प्रणय और श्रीकांत, साथ ही उभरते हुए खिलाड़ी आयुष बुधवार को पुरुष एकल में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

14 शीर्ष पैरा एथलीट्स को मिले स्पोर्ट्स उपकरण

नई दिल्ली, वार्ता। एचसीएलटेक की भारत में कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी को आगे बढ़ाने वाली इकाई एचसीएल फाउंडेशन ने आज अपने 'स्पोर्ट्स फॉर चेंज' कार्यक्रम के तहत देश के शीर्ष और उभरते पैरा-एथलीट्स को समर्थन देने की नई पहल की घोषणा की।

एचसीएल फाउंडेशन की 'स्पोर्ट्स फॉर चेंज' पहल विविध और वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले युवा खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से व्यक्तिगत और पेशेवर बदलाव लाने के लिए सशक्त बनाती रही है। पैरालम्पिक कमिटी ऑफ इंडिया के सहयोग से शुरू की जा रही नई पहल का उद्देश्य शीर्ष पैरा-एथलीट्स को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी में मजबूत समर्थन देना है। कुल 14 शीर्ष पैरा-एथलीट्स को 37 लाख रुपये मूल्य के स्पोर्ट्स उपकरण दिए गए। जिन खिलाड़ियों को यह सहायता मिली उनमें संदीप सिर्गर: लगातार तीन वर्षों (2022-24) तक डब्ल्यूपीए ग्रां प्री में भाला फेंक में गोल्ड। गायत्री एचएम : 2024 वर्ल्ड बोसिया चैलेंजर, काहिरा में सिल्वर। कस्तूरी राजमणी: 2024 पैरा पॉवरलिफ्टिंग वर्ल्ड कप , पटाया में ब्रॉन्ज। प्रदीप कुमार: 2022 हांगझोऊ एशियन पैरा गेम्स में भाला फेंक में सिल्वर और माराकेच 2023 ग्रां प्री में ब्रॉन्ज। अमिषा रावत: 2023 डब्ल्यूपीए ग्रां प्री, नॉटविल में भाला फेंक में ब्रॉन्ज। भाग्यश्री माधवराव जाधव: 2022 हांगझोऊ एशियन पैरा गेम्स में शॉट पुट में सिल्वर। इसके अलावा, एचसीएल फाउंडेशन की 'स्पोर्ट्स फॉर चेंज' पहल के तहत समर्थित छह उभरते पैरा-एथलीट्स को उनकी आवश्यकताओं के आधार पर 1 लाख रुपये से 5 लाख रुपये तक की छात्रवृत्ति दी गई।

एयर राइफल मिश्रित टीमों ने स्वर्ण और कांस्य पदक जीते

टोक्यो, वार्ता। भारतीय निशानेबाजों ने टोक्यो में आयोजित 25वें ग्रीष्मकालीन डेफलंपिक्स में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतकर एक और दोहरा पोडियम हासिल किया। धनुष श्रीकांत और माहित संधू की जोड़ी ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में दक्षिण कोरियाई जोड़ी जियोन डैन और किम वूरिम को हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि मोहम्मद मुर्तजा वानिया और कोमल मिलिद वाघमारे ने यूक्रेन की वायलेटा लाइकोवा और ओलेक्सांद्र कोस्तिक की जोड़ी को हराकर अपने व्यक्तिगत पदकों में कांस्य पदक भी जोड़ा। स्वर्ण पदक के मुकाबले में, धनुष और माहित ने शुरुआत में 4-0 की बढ़त बना ली और कोरियाई जोड़ी से स्पष्ट अंतर बनाए रखते हुए अंतत: 17-7 से मैच जीत लिया।

यह धनुष का डेफलिम्पिक्स में दूसरा स्वर्ण पदक है, जबकि माहित ने व्यक्तिगत स्पर्धा में जीते रजत पदक के साथ एक स्वर्ण पदक भी जोड़ा। कांस्य पदक का मुकाबला यूक्रेनी जोड़ी के साथ कड़ा था, जिसमें महिला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता वायलेटा लाइकोवा भी शामिल थीं। चौथी सीरीज के अंत में दोनों जोड़ियां 4-4 से बराबर थीं और छठी सीरीज के अंत में यूक्रेन 7-5 से आगे था।

मुर्तजा वानिया और कोमल ने फिर चार और राउंड के बाद स्कोर 7-7, 8-8 और 10-10 से बराबर कर दिया। इसके बाद भारतीयों ने अगले चार राउंड में से दो जीते, और बाकी दो राउंड में अंक बराबर रहे। अंतत: उन्होंने 16-12 से कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय निशानेबाजों ने तीन दिनों की प्रतियोगिता में कुल नौ पदक जीते हैं। एयर पिस्टल मिश्रित टीमें कल मैदान में उतरेंगी और भारतीय खिलाड़ी डेफलिम्पिक्स में निशानेबाजी में अपने पदकों की संख्या में और इजाफा करना चाहेंगे।

बैडमिंटन लीजेंड्स साइना नेहवाल और पीटर गेड 'द लीजेंड्स' विजन लेगेसी टूर इंडिया का करेंगे नेतृत्व

नई दिल्ली, वार्ता। भारत की बैडमिंटन आइकन और पद्म भूषण से सम्मानित साइना नेहवाल तथा डेनमार्क के महान शटलर और कई बार के विश्व चैंपियन पीटर गेड इस बार 'द लीजेंड्स' विजन - लेगेसी टूर इंडिया की अगुवाई करेंगे। यह एक वैश्विक पहल है, जिसका उद्देश्य समुदाय-आधारित कार्यक्रमों, जूनियर डेवलपमेंट और स्थानीय साझेदारियों के माध्यम से बैडमिंटन को और व्यापक स्तर पर बढ़ावा देना है।

कैरोलिना मारिन के साथ, साइना इस पहल को आगे बढ़ाने वाली नई लीजेंड्स में शामिल हो गई हैं। आठ साल बाद भारत लौट रहा यह टूर 23-24 नवम्बर 2025 को नई दिल्ली के सीरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगा। दो दिनों का यह उत्सव सिर्फ एक इवेंट नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है जहां लीजेंड्स और समुदाय मिलकर बैडमिंटन के भविष्य को प्रेरित करेंगे-पहली रैलियों को जन्म देंगे, खेलने के अवसर बढ़ाएंगे और नई पीढ़ी में विश्वास जगाएंगे। इस टूर का प्रमुख आकर्षण है 'ए रैकेट्स सेकंड लाइफ'-द लीजेंड्स' विजन की एक वैश्विक पहल, जिसमें प्रशंसकों को अपना इस्तेमाल किया हुआ रैकेट दान करने के लिए आमंत्रित किया जाता है, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को बैडमिंटन खेलने का मौका मिल सके। दान किए गए रैकेट उन समुदाय साझेदारों तक पहुंचाए जाते हैं, जहां उनकी सबसे अधिक आवश्यकता होती है, जिससे हर योगदान एक नई शुरुआत का अवसर देता है। पहला दिन (23 नवम्बर) जूनियर खिलाड़ियों के लिए विशेष ऑन-कोर्ट इंटरैक्टिव सत्रों से शुरू होगा।

डेरिल मिशेल विंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

● **पहले वनडे में जांघ में तकलीफ के कारण वह दूसरी पारी के लिए मैदान पर नहीं लौटे थे**

नेपियर, वार्ता। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिशेल वेस्टइंडीज के खिलाफ मौजूदा वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। हेनरी निकोल्स, जिन्हें पहले नेपियर में दूसरे वनडे के लिए उनकी जगह चुना गया था, टीम का हिस्सा बने रहेंगे।

हेगले ओवल में पहले वंनडे में न्यूजीलैंड की वेस्टइंडीज पर सात रन की जीत में अपना सातवां वनडे शतक लगाते समय मिशेल को जांघ में तकलीफ हुई और वह दूसरी पारी के लिए मैदान पर नहीं लौटे। ग्रोइन स्कैन में मामूली चोट का पता चला है जिसके लिए दो हफ्ते के रिहैबिलिटेशन की आवश्यकता होगी। मिशेल के वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 दिसम्बर से हेगले ओवल में शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले ठीक होने की उम्मीद है। मिशेल की चोट पर बात करते हुए कि मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि चोट के कारण सीरीज से शुरुआत में ही बाहर होना हमेशा मुश्किल होता है, खासकर जब आप डेरिल की तरह शानदार फॉर्म में हों। इस गर्मी में अब तक वनडे फॉर्मेट में उन्होंने हमारा बेहतरीन प्रदर्शन किया है, इसलिए दो अहम मैचों में उनकी कमी खलेगी।

अच्छी बात यह है कि चोट मामूली है, और हमें उम्मीद है कि डेरिल टेस्ट सीरीज के लिए पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। वाल्टर ने कहा कि हेनरी फोर्ड ट्रॉफी में बेहतरीन फॉर्म में रहे हैं और एक अनुभवी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर हैं, इसलिए टीम में उनका स्वागत करना बहुत अच्छा है। अच्छी फॉर्म में चल रहे खिलाड़ियों को पुरस्कृत करना हमेशा अच्छा लगता है।

जर्मनी ने विश्व कप में जगह पक्की की

बर्लिन, वार्ता। जर्मनी ने सोमवार को ग्रुप ए में स्लोवाकिया को 6-0 से हराकर 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन पक्का कर लिया। इस तरह जर्मनी का क्वालीफाइंग में दबदबा कायम रहा।

पहले स्थान पर पहुंचने के लिए जर्मनी को सिर्फ एक अंक की जरूरत थी, लेकिन जर्मनी ने शुरुआत से ही नियंत्रण बनाए रखा और मेहमान टीम को कभी भी संभलने नहीं दिया। कप्तान जोशुआ किमिच के बॉक्स में सटीक क्रॉस पर निक वोल्टेमाडे ने एक मजबूत हेडर से गोल किया। कुछ ही क्षणों बाद, सर्ज ग्नाब्री ने एलेक्जेंडर पावलोविच और लियोन गोरेट्जका के साथ मिलकर एक शानदार गोल किया, जिससे बढ़त दोगुनी हो गई और मेजबान टीम की शुरुआती बढ़त और भी मजबूत हो गई। फ्लोरियन विर्ट्ज ने जर्मनी की गति को नियंत्रित करते हुए मुख्य भूमिका निभाई। प्लेमेकर की धारदार पासिंग ने स्लोवाकिया की रक्षात्मक रेखा को दो बार भेद दिया, पहले लेरॉय साने को तीसरे गोल के लिए भेजा और फिर बैक पोस्ट पर विंगर को गोल में बदलकर जर्मनी के लिए चौथा गोल किया। स्लोवाकिया, जिसने पिछले मैच में जर्मनी को चौंका दिया था, गति बनाने के लिए संघर्ष करता रहा और छिटपुट जवाबी हमलों पर निर्भर रहा, जिनसे कोई खास खतरा पैदा नहीं हुआ।

ब्रेक के बाद, जर्मनी ने गेंद पर अपनी पकड़ बनाए रखी कि शांति से गेंद को इधर-उधर किया और स्लोवाक रक्षा पंक्ति को भेदा। स्थानापन्न रिडल बाकू ने मैच में प्रवेश करने के तुरंत बाद एक शानदार प्रयास से पांचवां गोल दागा, जिससे लीपजगि के दर्शकों में जोश भर गया। आखिरी चमक देर से आई जब 19 वर्षीय असन ओउएड्डागो ने साने के एक और तेज पास पर डिफ्लेक्टेड फिनिश के साथ अपने सीनियर अंतर्राष्ट्रीय करियर की शुरुआत की। इस परिणाम ने जर्मनी को ग्रुप ए का विजेता घोषित कर दिया और दिसम्बर में होने वाले अंतिम टूर्नामेंट ड्रॉ के लिए वरीयता प्राप्त टीमों में उसकी जगह पक्की कर दी। स्लोवाकिया अब अपना ध्यान यूरोपीय प्ले-ऑफ पर केंद्रित कर रहा है क्योंकि वह पिछले दरवाजे से विश्व कप में पहुंचने की कोशिश कर रहा है। जोशुआ किमिच ने कहा कि हमारे कोच ने हमें बहुत अच्छी तरह से तैयार किया और हमने हर चीज को उसी तरह अंजाम दिया जैसा हमें चाहिए था। अंत में हमने दमदार प्रदर्शन किया।

● **जर्मनी ने ग्रुप 'ए' में स्लोवाकिया को 6-0 से हराकर 2026 के लिए क्वालिफीकेशन पक्का कर लिया**

अपराध पर सख्त न्यायालय, गैंगस्टर एक्ट में दोषी को मिली सजा

शाह टाइम्स संवाददाता

चन्दौसी। जनपद में अपराधियों के खिलाफ कानून का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। न्यायालयों का रुख स्पष्ट है, अपराध करने वालों को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। जिन मामलों में पर्याप्त और ठोस साक्ष्य उपलब्ध हैं, उनमें अदालतें बिना किसी देर के कठोर कार्रवाई कर रही हैं। इसी क्रम में मंगलवार को एक और महत्वपूर्ण निर्णय सामने आया, जिसने अपराधियों में दहशत और कानून में आमजन के विश्वास को मजबूत किया है।

मंगलवार को अपर जनपद न्यायाधीश सम्भल/विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट अवधेश कुमार सिंह ने थाना गुन्नौर, जिला सम्भल में वर्ष 2016 में पंजीकृत प्रकरण में अहम फैसला सुनाया। यह मुकदमा अभियुक्त पिंकू पुत्र विजेंद्र निवासी दहगवां, थाना जरीफनगर के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की धारा 2/3 के तहत चल रहा था। अभियोजन पक्ष ने अदालत में ऐसे साक्ष्य और तथ्य प्रस्तुत किए, जो अभियुक्त को दोषी साबित करने के लिए पर्याप्त माने गए। अदालत ने मामले की गंभीरता, अभियुक्त की भूमिका और उसके विरुद्ध उपलब्ध साक्ष्यों का संज्ञान लेते हुए पिंकू को दोषी करार दिया। निर्णय सुनाते हुए न्यायाधीश ने कहा कि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण तभी संभव है, जब दोषियों को उनके अपराध के अनुरूप दंड मिले। इस आधार पर अदालत ने अभियुक्त द्वारा इस मामले में अब तक जेल में बिताई गई अवधि 04 वर्ष 05 माह 02 दिन से दंडित किया तथा उस पर 5 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। अदालत के इस निर्णय ने यह संदेश भी दिया है कि गैंगस्टर एक्ट जैसे गंभीर मामलों में कोई भी अभियुक्त कानून की पकड़ से नहीं बच सकेगा, और न्यायालय द्वारा ऐसी कार्रवाइयों का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

दोषी को सजा कराये जाने में हे0का0 विनोद कुमार राठौर व पीओ प्रदीप कुमार का सहयोग रहा।

एसपी सिटी ने किया मूढ़ापाण्डे थाने का औचक निरीक्षण

शाह टज़इम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। देर रात्रि में पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने थाना मूढ़ापाण्डे का औचक निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। अचानक हुए इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर एवं कार्यालय के विभिन्न हिस्सों का विस्तृत भ्रमण किया। एसपी नगर ने सबसे पहले महिला हेल्प डेस्क और साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया, जहां उपलब्ध सुविधाओं, कार्यप्रणाली तथा शिकायतों के निस्तारण की स्थिति के बारे में जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने में रखे जा रहे प्रचलित अभिलेखों, विभिन्न रजिस्टरों और दस्तावेजों को गहनता से चेक किया। उन्होंने पाया कि कुछ अभिलेखों को अद्यतन रखने की आवश्यकता है। इस पर उन्होंने संबंधित स्टाफ को रजिस्टरों को नियमित रूप से अपडेट करने,

आवश्यक विवरण समय से दर्ज करने और अभिलेखों की सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित तरीके से मेंटेनेंस सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।एसपी नगर ने बीट व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिसकर्मियों को क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाने, नियमित गश्त करने और स्थानीय समस्याओं पर त्वरित प्रतिक्रिया देने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि बीट प्रणाली को मजबूत करने से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को बेहतर ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है तथा जनता का भरोसा बढ़ाया जा सकता है।निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्था का विशेष रूप से अवलोकन किया गया। उन्होंने परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, अनावश्यक वस्तुओं को हटाने तथा कार्यस्थल को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साफ-सुथरा माहौल न केवल कार्य संस्कृति को बेहतर बनाता है बल्कि पुलिस की सकारात्मक छवि को भी मजबूत करता है।अंत में, एसपी नगर ने समस्त पुलिसकर्मियों को सतर्क, संवे. दनशील और प्रोफेशनल तरीके से कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है और प्रत्येक पुलिसकर्मी को अपने कर्तव्यों का समयबद्ध एवं ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवश्यकतानुसार सुधारात्मक दिशा-निर्देश भी जारी किए।

एक नजर

विवाहिता ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए ससुराल वालों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

भोजपुर। पुलिस ने गांव हमीरपुर निवासी विवाहिता अरमाना पुत्री हसनैन की तहरीर पर थाना मूंढापांडे के गांव दौलरा निवासी पति, सास-ससुर समेत आठ ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में विवाहिता ने बताया है कि उसका विवाह गांव दौलरा निवासी आस मौहम्मद पुत्र कलुआ के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था। विवाह में पिता ने हैसियत अनुसार बारातियों को खानपान एवं उपहार दिए थे।ष्पति आस मौहम्मद,सास खातून,ससुर कलुआ,जेठ कलाम,देवर अयान, जेठानी अफरोज एवं चचेरा जेठ बाबू दहेज से खुश नहीं थे। आरोपी एक राय होकर बुलेट मोटरसाइकिल और एक लाख की नगदी की मांग को लेकर उत्पीड़न करने लगे। मांग पूरी नही होने पर 30 अक्टूबर को आरोपियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

एसएसपी के आदेश पर ससुरालियों के खिलाफ पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

भोजपुर। मंगलवार को पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के आदेश पर थाना टांडा निवासी पति,सास, ससुर एवं दो देवरों के खिलाफ दहेज प्रथा, छेड़छाड़ एवं तीन तालाक का केस दर्ज किया है। कप्तान को दिये शिकायती पत्र में विवाहिता ने बताया है कि उसका विवाह 14 वर्ष पहले थाना टांडा निवासी मुकीम पुत्र लका रहमान के साथ हुआ था। पति,सास,ससुर लका रहमान,देवर मौबीन व मुस्तकीम,दहेज से खुश नहीं थे। एक राय होकर पिता के घर से दहेज में दो लाख रुपए अतिरिक्त की मांग को लेकर उत्पीड़न करने लगे। देवरों ने कमरे में घुसकर बुरी नीयत से छेड़छाड़ की। पति को देवरों की करतूतें बताई तो उन्होंने तीन तालाक देकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छत से गिरकर महिला की मौत

चन्दौसी। महिला को छत पर जाना भारी पड़ा। अचानक बंदरों से बचने के चक्कर में महिला का पैर फिसल गया और वह नीचे जा गिरी। घायल अवस्था में परिजन प्राईवेट व सरकारी अस्पताल में ले गये जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। यहां बताते चलें कि इंद्रा कॉलोनी की रहने वाली ममता की शादी वेदपाल पुत्र कल्लू निवासी रामनगर मजरा कैथल के साथ हुई थी। शादी को लगभग 17-18 वर्ष हो चुके हैं। मंगलवार को महिला कपड़े सुखाने के लिए छत पर गई लेकिन अचानक बंदरों से बचने के चक्कर में उसका पैर फिसल गया और वह छत से नीचे आकर गिरी। महिला के सिर में गंभीर चोट आई। घटना के समय पति घर पर नहीं था, परिवार के लोगों ने किसी तरह विवाहिता को अस्पताल पहुंचाया लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर विवाहिता के मायके वाले भी आ गये और पोस्टमार्टम की जिद करने लगे। मायके वालों के कहने पर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विवाहिता के पिता किशनलाल ने तहरीर दी थी लेकिन विवाहिता के चार बच्चे हैं जिसमें सबसे बड़ी बेटी रुक्मिणी, नन्हीं, सोना व सबसे छोटा बेटा कृष्णा है। चारों बच्चों के भविष्य को देखते हुए मायके वाले व ससुराल पक्ष के बीच में फैसला हो गया जिसमें चारों बच्चों के नाम मायके वालों की उपस्थिति में जमीन का बैनामा किया गया है। वहीं पालन-पोषण भी वेदपाल करेंगे। तब कहीं जाकर विवाहिता के पिता किशनलाल ने फैसला लिखकर दिया। मंगलवार को सायं पोस्टमार्टम से आने के बाद दोनों पक्षों ने मिलकर मृतका का दाह संस्कार कर दिया।

करनपुर के प्राथमिक विद्यालय में आंगनबाड़ी केन्द्र का हुआ शिलान्यास

करनपुर (शाह टाइम्स संवाददाता)। ग्राम पंचायत करनपुर के प्राथमिक विद्यालय में आंगनबाड़ी केंद्र का हुआ शिलान्यास। ब्लॉक डिलारी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत करनपुर के प्राथमिक विद्यालय में आंगनबाड़ी केंद्र का शिलान्यास आचार्य गजेंद्र पाल सिंह एवं ग्राम प्रधान पति डॉक्टर बाबू सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्र का शिलान्यास किया पंडित सुरेश कुमार शर्मा ने वेद मंत्रो का उच्चारण कर विधि विधान से पूजा अर्चना की तत्पश्चात आंगनबाड़ी केंद्र की नीव का कार्यक्रम पूर्ण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मास्टर राजेंद्र सिंह, जय हिंद कुमार, देवेंद्र सिंह लाला, नरेंद्र कुमार, राम अवतार सिंह, प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य समीक्षा बिश्नोई सहायक अध्यापक शालू आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुनीता देवी आदि उपस्थित रहे।

महिला सुरक्षा मामलों में न्यायालय का कड़ा रुख नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को तीन वर्ष की सजा

चन्दौसी। महिला सम्बन्धी अपराधों पर न्यायालय लगातार कठोर रुख अपनाए हुए है। पिछले छह महीनों से न्यायालय का 'न्याय का हंटर' निरंतर चलता रहा है, जिसके चलते ऐसे अपराध करने वालों में खौफ का माहौल है। इसी क्रम में मंगलवार को जनपद न्यायालय सम्भल स्थित चन्दौसी में अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह की अदालत ने नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ के मामले में अहम फैसला सुनाया। यह मामला थाना रजपुरा, जिला सम्भल का है। अभियुक्त अन्नू अली पुत्र दिलदार निवासी पाठकपुर, थाना रजपुरा के खिलाफ वादी द्वारा वर्ष 2019 में अपराध संख्या 96/2019 पंजीकृत कराया गया था। आरोपी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 354(क) एवं पॉक्सो एक्ट के तहत आरोप लगाए गए थे। अदालत ने अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों को प्रामाणिक और पर्याप्त मानते हुए अन्नू अली को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने दोषी को तीन वर्ष के कारावास तथा दस हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। सजा कराये जाने में पैरोकार हे0का0 रामकुमार सिंह का सहयोग रहा।

अधिवक्ताओं ने रखी समस्याएं, उपजिलाधिकारी ने जल्द समाधान का दिया आश्वासन

चन्दौसी (शाह टाइम्स संवाददाता)। मंगलवार को उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी एवं तहसीलदार रवि सोनकर ने अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर उनसे विभिन्न मुद्दों पर सुझाव प्राप्त किए। बैठक के दौरान अधिवक्ताओं ने तहसील संबंधी कार्यों में होने वाली देरी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कार्यों में अनावश्यक विलंब के कारण ऊर्जा, समय और श्रम तीनों की बर्बादी होती है, इसलिए प्रत्येक कार्य के लिए समय-सीमा निर्धारित की जानी चाहिए। अधिवक्ताओं ने यह भी बताया कि कुछ राजस्वकर्मियों द्वारा किसानों के कार्यों को बिना कारण लंबित कर दिया जाता है और कई बार उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं सुना जाता। उन्होंने ऐसे कर्मियों की जांच कराई जाने और किसानों के लंबित कार्यों को शीघ्र निस्तारित कराने की मांग उठाई। बैठक में अधिवक्ताओं ने अपने-अपने सुझाव विस्तार से उपजिलाधिकारी के समक्ष रखे। उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी ने सभी सुझावों पर सकारात्मक रूप से विचार करने का आश्वासन दिया और कहा कि तहसील से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के साथ-साथ पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया जाएगा।

आईएफटीएम ने गुरुकुल कांगडी समविश्वविद्यालय के साथ मिलकर किया सेमिनार का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ फार्मेसी, इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) तथा गुरुकुल कांगडी समविश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में ''आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (ए.आई) फॉर रिसर्च, इना.`वेशन एण्ड प्रोडक्ट डेवलपमैंट'' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सेमिनार के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि ए.आई का आज के समय में बहुआयामी उपयोग है। फार्मेसी संकाय में आयोजित यह सेमिनार निश्चित ही हमारे विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और अध्यापकों हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण व ज्ञानवर्धक सिद्ध होगा। माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रजवल्लन व पुष्पार्पण कर कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। इस सेमिनार में गुरुकुल कांगडी सम विश्वविद्यालय, हरिद्वार में डिपार्टमेन्ट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइसेंज के प्रोफेसर एण्ड हेड प्रो. विपिन कुमार मुख्य वक्ता रहे। प्रो. कुमार ने बताया

कि ए.आई दवाओं की डिजाइन, विकास और वितरण में मदद करता है। यह व्यक्तिगत उपचार योजनाओं के माध्यम से रोगी की देखभाल को बेहतर बनाने के साथ ही दवा सुरक्षा और खुराक संबंधी सुझावों में भी सहायता कर सकता है।

साथ ही उन्होंने फार्मसी शोध में ए.आई की उपयोगिता पर प्रकाश भी डाला। वहीं कार्यक्रम संयोजक व अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने जानकारी दी कि रोगों की प्रगति पता लगाने व उनके निदान के क्षेत्र में ए.आई का व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने आज के परिदृश्य में ए.आई में नवाचारों को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। आयोजन सचिव व डीन रिसर्च एण्ड डेवलमेन्ट डॉ. सुशील कुमार ने ए.आई के विभिन्न ऐप्स पर प्रकाश डाला व अंत में उन्होंने सभी उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री रितिका ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. श्वेता वर्मा डॉ. प्रशान्त उपाध्याय, डॉ. बिजय शर्मा एवं डॉ. अलंकार श्रीवास्तव, का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान फार्मेसी संकाय के शिक्षकों समेत 100 से अधिक प्रतिभागी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पंख कार्यक्रम के तहत करियर मेले का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

मूढ़ापांडे। मंगलवार को पंख कार्यक्रम के तहत करियर मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय की प्रधानाचार्य अलका राज ने किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पंकज कुमार ने मुख्य अतिथि व थाना मुंडा पांडे के सब इंस्पेक्टर लालसिंह, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक एसके सिंह तथा एम आई टी मोदीनगर गाजियाबाद के लाइब्रे. रियन जवाहर सिंह सभी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य अलका राज व समस्त स्टाफ ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ देखकर स्वागत किया गया।

अतिथियों के स्वागत मे छात्राओं किंजल, प्रियांशी, नैंसी अदीबा खदीजा, महक ,गुलबसा ,रहनुमा तथा आयशा ने स्वागत गान ,ग्रुप डांस व सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कैरियर निर्माण के लिए निरंतर मेहनत और

समर्पण की आवश्यकता पर जोर दिया डॉक्टर पंकज कुमार ने मेडिकल क्षेत्र में करियर की संभावनाओं और तैयारी पर विस्तार से जानकारी दी।

सब इंस्पेक्टर लाल सिंह जी ने पुलिस विभाग के संबंध में लिखित परीक्षा व पुलिस विभाग में किस पद के लिए किस योग्यता की आवश्यकता होती है के संबंध में विस्तार से बताया शाखा प्रबंधक एसके सिंह ने बैंकिंग के क्षेत्र में बैंक भर्ती लिपिकीय प्रोबेशनरी ऑफिसर हेतु समस्त जानकारी से अवगत कराया। लाइब्रेरियन जवाहर सिंह ने लाइब्रेरी साइंस के संबंध में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। कैरियर गाइडेंस प्रभारी दीपिका ने कैरियर मेले में शिक्षा स्वास्थ्य बैंकिंग व प्रशासनिक सेवाएं और चिकित्सा जैसे क्षेत्र से संबंधित आकर्षक ज्ञानवर्धक और जानकारी पूर्ण पोस्टर छात्राओं से बनवाई तथा मेले में प्रदर्शित किय गए। छात्र-छात्राओं ने इन पोस्टरों व पंख डायरी के माध्यम से विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।विज्ञान शिक्षिका ममता सुशील ने कार्यक्रम का संचालन किया कार्यक्रम में सोनिया बीना शुभम कुमार शर्मा सभी का सक्रिय सहयोग रहा।

टीएमयू में सितार की धुनों और तबले की थाप की जुगलबंदी पर झूमा ऑडी

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में जाने-माने सितार वादक पंडित हरविन्दर शर्मा, और युवा तबला वादक उजिथ उदय कुमार की अविस्मरणीय प्रस्तुति

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में जाने-माने सितार वादक पंडित डॉ. हरविन्दर शर्मा और युवा तबला वादक उजिथ उदय कुमार की जुगलबंदी- सितार रेसाटाइल पर संगीत प्रेमियों से खचाखच भरा ऑडिटोरियम बार-बार झूम उठा। सितार की धुनों और तबले की थाप की जुगलबंदी लंबे समय तक श्रोताओं के दिलो-दिमाग में झंकृत होती रही। इस यादगार सुरों की महफिल का आगाज मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के संग हुआ। इस मौके पर मेहमान कलाकारों के अलावा एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, स्पिक मैके के रीजनल कॉर्डिनेटर डॉ. आरसी गुप्ता, स्पिक मैके के डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर डॉ. मुकुल किशोर, डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन का मानना है, यूनिवर्सिटी न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता बल्कि सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और प्रसार के प्रति भी समान रूप से प्रतिबद्ध है। 'सितार रेसाइटल' जैसे आयोजनों से न केवल स्टुडेंट्स में भारतीय

संगीत के प्रति संवेदनशीलता विकसित होगी, बल्कि उनके व्यक्तित्व, सृजनशीलता और सांस्कृतिक समझ में भी अभिवृद्धि होगी। श्री जैन कहते हैं, टीएमयू का उद्देश्य शिक्षा को जीवनोन्मुख अनुभव से जोड़ना है। उन्होंने उम्मीद जताई, विश्वविद्यालय में आगे भी ऐसे समृद्ध सांस्कृतिक आयोजन निरंतर जारी रहेंगे। संचालन डॉ. मनी सरस्वत ने किया। इससे पूर्व सितार रेसाटाइल की महफिल टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन के कॉर्डिनेशन में सजी। सितार रेसाटाइल ने स्टुडेंट्स को न केवल सुरों की अद्भुत यात्रा से परिचित कराया, बल्कि संगीत की साधना और परंपरा के गहन अर्थों को भी समझने का अवसर दिया। मुख्य प्रस्तुति सुप्रसिद्ध सितारवादक पंडित (डॉ.) हरविंदर शर्मा ने दी। वह बीते छह दशक से निरंतर भारतीय शास्त्रीय संगीत की सेवा कर रहे हैं। पंडित (डॉ.) हरविंदर शर्मा का मुरादाबाद विशेषकर टीएमयू में पहली बार मंगल आगमन हुआ। पंडित शर्मा ने अपने सितार वादन से ऐसा सुरमय वातावरण बनाया कि यूनिवर्सिटी के लगभग 700 स्टुडेंट्स उनकी धुनों में डूब गए। उनका संगीत-सफर संगीत प्रेमियों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने अपनी कला को डिग्रियों, शोध कार्यों और अंत. राष्ट्रीय मंचों पर प्रस्तुतियों से नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है।

वह पारंपरिक और लाइट क्लासिकल संगीत के ख्यातिप्राप्त कलाकार हैं। आकाशवाणी एवम् दूरदर्शन के टॉप ग्रेड आर्टिस्ट हैं। 2023 में संगीत नाटक अकादमी अवार्ड समेत दर्जनों प्रतिष्ठित सम्मान उनकी झोली में हैं। प्राचीन कला केंद्र, पंजाब यूनिवर्सिटी और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षित पंडित शर्मा की संगीत यात्रा में उनके पिता श्री मेघराज शर्मा उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा स्रोत रहे। उन्होंने भारत, कनाडा, यूएसएसआर, दुबई, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड तक के मंचों पर प्रदर्शन किया और जवाहरलाल नेहरू सांस्कृतिक केंद्र, मास्को में सांस्कृतिक दूत के रूप में भी सेवाएं दीं। सितारवादक पंडित हरविंदर शर्मा के संग तबला संगत श्री उजिथ उदय कुमार ने की, जिनकी लयकारी और ताल की निपुणता ने प्रस्तुति में जीवंतता और गति भर दी। पिता श्री चेतन उदय कुमार की प्रेरणा से युवा तबला वादक उजित उदय कुमार की अंगुलियां तो महज तीन साल की उम्र में ही तबले पर थिरकने लगी थीं। तबला वादक उजित के उस्ताद रफीउद्दीन साबरी हैं। उन्हें भारत के उपराष्ट्रपति की ओर से भारत के ध्रुवतारा की उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है। इस आयोजन में टीएमयू और स्पिक मैके के संग-संग मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर, मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन, मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर की भी भागीदारी रही। केन्द्र के इन मंत्रालयों के साथ सूबे के संस्कृति विभाग और भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय का भी अनमोल योगदान रहा। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी स्टुडेंट्स क्लब्स की भी सक्रिय भूमिका रही।

संघन चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप

शाह टाइम्स संवाददाता

चन्दौसी। वाहन चालकों के लिए चेतावनी, यदि आपके वाहन की फिटनेस नहीं है या कागजात अधूरे हैं, तो सावधान हो जाएं। चल रहे संघन चेकिंग अभियान के दौरान आपके वाहन का चालान कट सकता है। पुलिस लगातार संदिग्ध और नियम उल्लंघन करने वाले वाहनों की बारीकी से जांच कर रही है। इसलिए वाहन की फिटनेस, इंश्योरेंस, आरसी, प्रदूषण प्रमाण पत्र सहित सभी दस्तावेज अपने पास रखें या मोबाइल में डिजिटल रूप में उपलब्ध रखें। नगरीय क्षेत्र में करीब 80 प्रतिशत लोग बगैर हेल्मेट दोपहिया वाहन चलाकर यातायात नियमों की अनदेखी करते हैं, लेकिन अब इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्कूल वाहनों से लेकर निजी दोपहिया वाहनों तक सभी को नियमों के अनुसार अपडेट रहना होगा। शासन के निर्देश पर पिछले दो दिनों से चल रहे इस विशेष अभियान ने उन लोगों में हड़कंप मचा दिया है जो बिना फिटनेस, बिना पंजीकरण या 'जुगाड़' से तैयार वाहनों को सड़कों पर चला रहे थे। शहर की सड़कों पर बढ़ती भीड़ और वाहनों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए यातायात पुलिस ने यह अभियान और अधिक सख्ती के साथ चलाने का निर्णय लिया है। वहीं, चोरी के या संदिग्ध वाहनों को चलाने वालों में भी खलबली है, क्योंकि पुलिस कागजों की गहन जांच के साथ हर वाहन को बारीकी से सत्यापित कर रही है। यातायात पुलिस ने अपील की है कि सभी वाहन चालक नियमों का पालन करें, हेल्मेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें और अपने वाहन व दस्तावेजों को निर्धारित मानकों के अनुसार अपडेट रखें।

आजम खान को लेकर बोले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह जैसी करनी वैसी भरनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। लखनऊ जाते समय मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर मीडिया से रूबरू होते हुए भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने बिहार में लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य के साथ हुए अनुचित व्यवहार की कड़ी निंदा की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि रोहिणी आचार्य "देश की बेटी" हैं और किसी भी "सभ्य समाज" में इस तरह का बर्ताव स्वीकार नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद है और हर संवे. दनशील व्यक्ति को इससे आहत होना चाहिए।वहीं समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान पर टिप्पणी करते हुए भूपेंद्र सिंह ने कहा कि उन्होंने अपने बेटे को विधायक बनाने की जल्दबाजी में कानून का उल्लंघन किया, जिसका परिणाम

अब उन्हें भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कानून सबके लिए समान है और गलत कार्य का परिणाम अवश्य मिलता है। "जैसी करनी वैसी भरनी", इसी कहावत के साथ उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया को और स्पष्ट किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (SIR) को लेकर उठ रहे सवालों पर उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह संवैधानिक प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य पात्र मतदाताओं को सूची में जोड़ना और अपात्र नाम हटाना है। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताया और कहा कि यदि किसी को आपत्ति है, तो वह न्यायालय या संवैधानिक संस्थाओं में जा सकता है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि भाजपा संगठन में आंतरिक चुनाव प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। केंद्र से मंजूरी मिलते ही चुनाव की तिथि घोषित कर दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि सरकार और संगठन के बीच मजबूत तालमेल है और इसे और बेहतर बनाने के लिए लगातार बैठकों का दौर जारी है।कांग्रेसी नेता इमरान मसूद द्वारा एक आतंकी को "भटका हुआ नौजवान" बताने पर भूपेंद्र सिंह ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा हमेशा अराजक तत्वों के साथ खड़े रहते हैं और मसूद का बयान उनकी मानसिकता को उजागर करता है।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियां मामले की गहराई से जांच कर रही हैं और जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ विधि अनुसार कठोर और जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 19 नवम्बर 2025

एक और धमकी से दहशत

दिल्ली में मंगलवार को शहर की कई अदालतों और स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी से सुरक्षा एजेंसियों के हाथ पांव फूल गए। ये धमकी एक मेल के जरिये मिली है, जिसे अनदेखा करना राष्ट्र और जनता के हित में नहीं है। साकेत कोर्ट, पटियाला हाउस कोर्ट और अन्य जिला अदालतों को ईमेल के जरिए बम की धमकियां मिलीं। यह धमकियां ऐसे समय पर आईं जब कुछ ही दिन पहले मध्य दिल्ली के एक मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोटकों से भरी कार में धमाका हुआ था। इस घटना के बाद राजधानी की सुरक्षा को लेकर चिंताएं और बढ़ गई थीं। मेल प्राप्त होने के तुरंत बाद अदालत परिसरों को खाली कराया गया, आसपास के इलाकों को सील किया गया और बम निरोधक दस्तों के साथ डॉग स्क्वायड ने पूरे क्षेत्र में गहन जांच की। हालांकि किसी भी जगह से विस्फोटक बरामद नहीं हुआ, लेकिन पुलिस ने साफ किया कि हालिया धमाके को देखते हुए सुरक्षा में कोई ढील नहीं दी जाएगी। पूरी दिल्ली में सतर्कता बढ़ाई गई है और हर संदिग्ध सूचना पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। देश की राजधानी में इस तरह के विस्फोट और उड़ाने की धमकी के पीछे क्या राज हैं और क्या इरादे हैं, ये तो सुरक्षा एजेंसियां ही जानती होंगी, लेकिन अब कदम-कदम फूंककर रखना होगा। क्योंकि इससे जनता में दहशत फैलना जरूरी है। इसलिए सुरक्षा एजेंजियों को बिना ढील दिए अपने कार्य को अंजाम देकर दहशतगर्दों के मनसूबों को विफल करना है। लालकिला मेट्रो स्टेशन के पास पिछले दिनों हुए धमाके से ये साफ हो गया है कि एक दहशतगर्दों का लंबा-चौड़ा नेटवर्क काम कर रहा है, जिसकों ध्वस्त करना जरूरी है, ताकि देश में शांति बनी रहे और लोग आराम से एक जगह से दूसरी जगह घूम सकें। आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता। उनका लक्ष्य आम जनता को नुकसान पहुंचाना होता है, जिसे किसी भी प्रकार से सही नहीं ठहराया जा सकता। आतंकवाद के विशिष्ट प्रकृति अपने जानबूझकर और विशिष्ट चयन का में निहित है। नागरिक सीधे लक्ष्य के रूप में, विशेष रूप से, आपराधिक इरादे जब शिशुओं, बच्चों, माताओं और बुजुर्गों, कत्ल कर रहे हैं या घायल हो गए और बुराई के रास्ते में डाल दिखाया गया है। आतंकवाद के शिकार लोगों को धमकियां मिल रही हैं। आतंकवादियों का लक्ष्य एक दर्शक या अन्यथा उनके अक्सर कट्टरपन्थी धार्मिक और राजनीतिक समाप्त होता है। वहीं दिल्ली कार ब्लास्ट के आरोपी उमर के करीबी जासिर बिलाल वानी उर्फ दानिश को गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद आज उसे पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे 10 दिन की रिमांड में भेज दिया है। दिल्ली धमाके के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर का कहना है कि भारत को आतंकवाद के खिलाफ अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार है। हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि एससीओ की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की तीन बुराइयों से निपटने के लिए की गई थी। बीते वर्षों में ये खतरे और भी गंभीर हो गए हैं। यह जरूरी है कि दुनिया आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के प्रति जीरो सहिष्णुता दिखाए। आतंकवाद के खिलाफ बिना किसी समझौते के एकजुट कार्रवाई के लिए नई दिल्ली के लंबे समय से चले आ रहे आह्वान को दोहराना जरूरी है। इस खतरे के खिलाफ लड़ाई एक साझा प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए। मॉस्को पहुंचते ही एस जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय सहयोग के साथ-साथ शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), ब्रिक्स, संयुक्त राष्ट्र और जी-20 से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर चर्चा हुई। इसके बावजूद आतंकी देश के अमन चैन को खराब करना चाहते हैं, जिसे रोकना बहुत जरूरी है। इस काम में दुनियाभर के अमन पसंद नेताओं को एक साथ आना होगा और आतंकवाद के फन को कुचलना होगा।

भूजल की भूमिका महत्वपूर्ण

जलवायु परिवर्तन से जल चक्र प्रभावित हो रहा है, जो पूरी मानवजाति के लिए घातक है, इसलिए सभी को मिलकर इसमें सुधार के लिए अपना योगदान देना होगा, हमारे यहां जल का 80 फीसदी इस्तेमाल कृषि क्षेत्र के लिए होता है, इसलिए जल के सक्षम उपयोग पर सबसे ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है, इसके लिए भूजल की भूमिका महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे ज्यादा भूजल संचयन के लिए सबकी भागीदारी और इस दिशा में नए कदम उठाने की जरूरत है, केंद्र और राज्य सरकार के साथ ही जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत तथा नगर निकाय के स्तर पर इस दिशा में प्राथमिकता के साथ काम करने की आवश्यकता है।

-द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति

कठोर निर्णयों की प्रेरणा और भारत की लौह आवाज इंदिरा गांधी



योगेश कुमार गोयल

पंडित जवाहरलाल नेहरू के घर 19 नवम्बर 1917 को जब प्रियदर्शिनी नामक कन्या ने जन्म लिया था तो किसे पता था कि यही कन्या आगे चलकर न केवल इस देश की बागडोर संभालेगी बल्कि अपनी दबंगता से पूरी दुनिया में मिसाल बन जाएगी। ऑक्सफोर्ड और स्विट्जरलैंड में उच्च शिक्षा प्राप्ति के पश्चात् इंदिरा गांधी ने उच्च पद पर नौकरी करने या कोई अन्य कार्य करने के बजाय अपना जीवन देशसेवा में समर्पित करने का निश्चय किया। देशभक्ति की भावना इंदिरा जी में बचपन से ही कूट-कूटकर भरी थी। विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के आव्हान से प्रेरित होकर बचपन में ही इन्होंने अपने घर के बाहर अपने कीमती कपड़ों की होली जलाकर न केवल अपनी इसी भावना का परिचय दिया था बल्कि उसके बाद इंदिरा जी से प्रेरणा लेकर इस आन्दोलन ने पूरे देश में जोर पकड़ा था।

इंदिरा जी के स्कूली दिनों में एक दिन स्कूल में गांधी जी के आमरण अनशन को लेकर एक सभा का आयोजन था, जिसमें बच्चों को भी बोलने का अवसर दिया गया था। जब इंदिरा जी ने बोलना शुरू किया तो सभागार में सन्नाटा छा गया और सभी एकटक इंदिरा को निहारने लगे कि इतनी छोटी बालिका इतनी गूढ़ बातें कैसे कर रही है। उन्होंने कहा, आखिर स्वर्ण अपने ही दलित भाईयों को गिरा हुआ, छूत और निकृष्ट क्यों समझते हैं तथा उनके साथ दुर्व्यवहार और अत्याचार क्यों करते हैं? अगर हमने अपनी ही सेवा करने वालों का इस तरह से निरन्तर तिरस्कार न किया होता तो आज अंग्रेजों को इस प्रकार लाभ उठाने का अवसर न मिल रहा होता और न ही बापू को इस तरह से आमरण अनशन कर अपने प्राण दांव पर लगाने पड़ते। इंदिरा जी की इन गूढ़ और तर्कसम्मत बातों के समक्ष सभी नतमस्तक थे और उनकी सराहना कर रहे थे। इंदिरा में बचपन से ही एक अच्छी राजनेता होने के तमाम गुण विद्यमान थे। 21 वर्ष की आयु में वह कांग्रेस में शामिल होकर सक्रिय राजनीति में कूद पड़ी। उसके बाद उन्होंने आजादी के आन्दोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

1942 में उन्होंने फिरोज गांधी से प्रेम विवाह किया किन्तु 1960 में फिरोज गांधी का अकस्मात निधन हो गया। पिता जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद देश की बागडोर संभालने की जिम्मेदारी इंदिरा के कंधों पर आई तो अपनी दृढ़ता, दबंगता, निडरता और वाकपटुता से उन्होंने दुनियाभर को अपना लोहा मानने को विवश कर दिया। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे विकसित एवं प्रभावशाली देशों में भी उनकी तूती बोलती थी। 1966 से 1977 तक उन्होंने देश पर एकछत्र शासन किया और उनकी कार्यशैली तथा देश के प्रति उनका समर्पण भाव देखकर विरोधी भी उनकी सराहना किए बिना नहीं रह पाते थे। हालांकि लालबहादुर शास्त्री के बाद प्रधानमंत्री बनी इंदिरा को शुरुआती दौर में गूंगी गुड़िया की उपाधि दी गई थी किन्तु बहुत ही कम समय में अपने साहसिक निर्णयों से इंदिरा ने साबित कर दिखाया था कि वो एक गूंगी गुड़िया नहीं बल्कि लौह महिला हैं। बैंकों के राष्ट्रीयकरण तथा 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारत की शानदार जीत के बाद इंदिरा जी जनमानस की आंखों का तारा बन गई थी किन्तु 1975-77 के आपातकाल ने उनकी छवि पर ग्रहण लगाने में प्रमुख भूमिका निभाई और उस दौर ने उनकी छवि एक तानाशाह के रूप में स्थापित कर दी। यही वजह रही कि 1977 में इंदिरा को पहली बार हार का सामना करना पड़ा और सत्ता उनके हाथ से छिन गई किन्तु निराश होना तो जैसे उन्होंने सीखा ही नहीं था, इसलिए 1980 में एक बार फिर विशाल बहुमत के साथ वह सत्ता में लौटी। अपने शासनकाल में उन्होंने कभी अलगावादी व साम्प्रदायिक आग भड़काने वाले तत्वों को नहीं पनपने दिया। ऐसे तत्वों को उन्होंने बेदर्दी से कुचलने में जरा भी देर नहीं लगाई। 1980 में पुनः देश का शासन संभालने के बाद पंजाब में अलगावादी ताकतों ने खालिस्तान की मांग शुरू की और दूसरे देशों की शह पर अपने नापाक इरादों को सफल बनाने के लिए सिख अलगावादियों ने भयानक नरसंहार का दौर शुरू किया तथा पंजाब में अवैध रूप से हथियारों के जखीरे इकट्ठा करने शुरू कर दिए। देश की जांबाज, निडर एवं साहसी नेता इंदिरा को भला यह कैसे सहन होता, इसलिए जैसे ही उन्हें खबर मिली कि सिख अलगावादियों ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर जैसी पाक जगह में भी हथियारों का विशाल जखीरा इकठा किया है तो उन्हें देश की एकता और अखंडता कायम रखने तथा अलगावादियों के मंसूबों पर पानी फेरने के लिए इस पवित्र धर्मस्थल के भीतर न चाहते हुए भी ऑपरेशन ब्लू स्टार के तहत पुलिस भेजने का सख्त निर्णय लेना पड़ा। हालांकि उस वक्त स्वर्ण मंदिर के भीतर पुलिस बल भेजने के उनके फैसले की बहुत आलोचना हुई किन्तु जब स्वर्ण मंदिर से हथियारों का बहुत बड़ा जखीरा बरामद हुआ और धार्मिक स्थल की आड़ में चल रही इस राष्ट्र विरोधी साजिश का भंडाफोड़ हुआ तो उन्हीं लोगों ने इंदिरा जी की सराहना भी की। उसके बाद इंदिरा ने जिस दिलेरी और दृढ़ता के साथ अलगावादियों को रौंदा, वह एक मिसाल बन गया लेकिन अलगावादियों के विरुद्ध चलाए गए उनके इसी ऑपरेशन की वजह से ही वह उनकी हिट लिस्ट में सबसे ऊपर आ गई, जिन्होंने हर हाल में उनकी हत्या कर उन्हें अपने मार्ग से हटाने की ठान ली। इंदिरा जी को स्वयं अपनी मौत का आभास पहले ही हो गया था लेकिन फिर भी वह अपने दृढ़ इरादों से टस से मस न हुई और अलगावादियों के खिलाफ अपना अभियान पहले से भी तेज कर दिया। 30 अक्तूबर 1984 को भुवनेश्वर की एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए इंदिरा ने अपनी हत्या का पूर्वाभास होने का स्पष्ट संकेत देते हुए कहा था, देश की सेवा करते हुए यदि मेरी जान भी चली जाए तो मुझे गर्व होगा। मुझे भरोसा है कि मेरे खून की एक-एक बूंद देश के विकास में योगदान देगी और देश को मजबूत एवं गतिशील बनाएगी। इंदिरा जी के इस भाषण के चंद घंटों बाद ही 31 अक्तूबर 1984 की सुबह करीब सवा नौ बजे उनके दो निजी अंगरक्षकों ने ही उन्हें उस वक्त गोलियों से छलनी कर दिया, जब वह अपने आवास से निकलकर विदेशी मीडिया को इंटरव्यू देने जा रही थी। उस हत्याकांड से जहां पूरे देश में शोक की लहर छा गई, वहीं दूसरी ओर इंदिरा जी का शहीदी रक्त रंग लाया और इस नृशंस हत्याकांड के बाद सिख अलगावादियों को मदद मिलनी बंद हो गई तथा इंदिरा जी की शहादत के साथ ही खालिस्तान की मांग भी गहरे दफन हो गई। इंदिरा जी अक्सर कहा करती थी कि उन कायरों और बुजदिलों पर मातम करो, जो दुनिया के जुल्मों से घबराकर इस तरह आंखें बंद कर लेते हैं, जैसे कि कुछ हुआ ही न हो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

भारी-भरकम मशीनें मिट्टी को कर रहीं बर्बाद

यूएस डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर के कृषि इंजीनियर थॉमस वे ने मृदा के संघनन को कम करने के कुछ सुझाव दिए हैं। एक तो यह कि जा मृदा गीली हो तब ड्राइव नहीं करना चाहिए। नम मृदा अधिक कमजोर होती है। इसके अलावा शुष्क मौसम के दौरान, जीपीएस के उपयोग से एक ही मार्ग पर वाहन चलाने में मदद मिल सकती है ताकि कुल क्षेत्रफल पर दबाव को कम किया जा सकता है। अलबत्ता, इस अध्ययन से इतना तो स्पष्ट है कि आधुनिक कृषि मशीनें डिजाइन करते समय मृदा पर पड़ने वाले असर का ध्यान रखा जाना चाहिए।

विज्ञान समाचार

आज के युग में हमारे दैनिक कार्यों में टेक्नोलॉजी का अत्यधिक उपयोग होने लगा है। उन्नत तकनीकों और उपकरणों से न केवल काम आसान हो जाता है, बल्कि समय की भी बचत होती है। खेती-बाड़ी में आधुनिक उपकरणों और विशालकाय मशीनों की मदद से कई घंटों का काम चुटकी बजाते पूरा हो जाता है, लेकिन इसके कुछ नकारात्मक पहलू भी हैं। गौरतलब है कि 1960 के दशक के बाद से ट्रैक्टर का आकार निरंतर बढ़ता गया है। वर्तमान में सबसे भारी ट्रैक्टर का वजन सबसे पहले निर्मित ट्रैक्टर की तुलना में लगभग 10 गुना अधिक है। हालांकि, ये आधुनिक मशीनें काफी कुशल हैं लेकिन इनका अत्यधिक वजन काफी नुकसानदायक होता है।

अनाज से भरे हार्वेस्टर का वजन लगभग 36 टन होता है। ये भारी भरकम वाहन खेत के जिस हिस्से से गुजरते हैं वहां की मृदा को धीरे-धीरे दबाते जाते हैं। नतीजतन पौधों की जड़ों का विकास बाधित होता है। एक नए अध्ययन के अनुसार यदि ऐसा चलता रहा तो आने वाले दशकों में विश्व स्तर पर कृषि उपज में 20 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। इन कृषि वाहनों द्वारा मृदा पर पड़ने वाले प्रभावों को समझने के लिए स्वीडिश यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज के थॉमस केलर और डेजर्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट के डैनी ऑर ने 1958 से उद्योग द्वारा प्रकाशित डैटा एकत्रित किया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न गहराइयों पर टायरों द्वारा मिट्टी पर पड़ने वाले बलों का मॉडल तैयार किया। उन्होंने पाया कि मशीनीकृत खेती में ऊपरी मिट्टी, 50 सेंटीमीटर तक की गहराई में पाई जाने वाली मिट्टी, घनीभूत हो जाती है। वैसे तो कई खेतों में बोवनी के लिए जमीन तैयार करने के लिए हर मौसम में इस ऊपरी मृदा की जुताई की जाती है। ऐसे में इस तरह के दबाव से काफी हद तक कोई समस्या नहीं होती है, लेकिन शोधकर्ताओं के मुताबिक अब संघनन 50 सेंटीमीटर से नीचे की परतों में होने लगा है और असुरक्षित हद तक हो रहा है। इस दबाव से मृदा के कणों के बीच के महीन अंतराल नष्ट हो जाते हैं जिससे नीचे की मृदा तक पानी और हवा की पहुंच कम हो जाती है। मृदा में इस तरह के बदलाव से फसल की पैदावार में 10 से 20 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है और तो और, ये प्रभाव दीर्घकालिक होंगे। केंचुओं और अन्य जीवों के लिए नीचे की मृदा को ढीला करने में कई दशकों का समय लग सकता है। समस्या सिर्फ कम्बाइन हार्वेस्टर के उपयोग तक सीमित नहीं है। जुताई और उर्वरक छिड़कने के अन्य कृषि उपकरण भी भारी होते जा रहे हैं। प्रोसीडिंग्स ऑफ दी नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार इस समय पूरे विश्व में 20 प्रतिशत कृषि भूमि गहरी मृदा के संघनन के कारण कम पैदावार के जोखिम में है। खासतौर से ब्राजील के सवाना और दक्षिण-पूर्वी ऑस्ट्रेलिया दो ऐसे क्षेत्र हैं जहां की भूमि कमजोर है और कृषि के लिए भारी उपकरण उपयोग किए जाते हैं। ये क्षेत्र विश्व के बड़े अनाज उत्पादकों में से हैं।

(स्रोत फीचर्स)

एक ही शब्द के अलग-अलग मायने बदल रहे हैं बात करने का तरीका

भाषा एक जीवित चीज है, जो समय के साथ बदलती रहती है। समाज में बदलाव, नई तकनीकें और सांस्कृतिक परिवर्तन इसे प्रभावित करते हैं। नए शब्द बनते हैं, पुराने शब्द गायब हो जाते हैं और शब्दों के अर्थ बदलते हैं। डिजिटल युग में, स्लैंग, छोटे रूप और इमोजी हमारी भाषा का हिस्सा बन गए हैं। ऐसे में शब्दों के मायने बदलना कोई बड़ी बात नहीं है। शब्दों के बदलते मायने एक तरफ ए अच्छे हैं तो दूसरी तरफ ए लोगों की समझने और बात करने की क्षमता के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। पहले बिम्बो शब्द का इस्तेमाल लापरवाह आदमी के लिए किया जाता था, लेकिन आज के समय में यह लड़कियों की कामुकता के लिए तारीफ बन गया है। यह अकेला शब्द नहीं है, ऐसे और भी कई शब्द हैं, जिनके मायने समय के साथ बदल गए हैं। चलिए इनके बारे में जानते हैं-

वोक (जागृत) का क्या मतलब है?

वोक (जागृत) का इस्तेमाल सकारात्मक और नकारात्मक रूप से किया जाता है। पहले यह शब्द ऐसे व्यक्ति के लिए इस्तेमाल किया जाता था, जो सामाजिक रूप से अच्छा होता था। इसके अलावा इस शब्द का मतलब कुछ ज्यादा सटीक हुआ करता था। 1931 में, स्कॉट्सबोरो नाइन की गिरफ्तारी के बाद अमेरिका नस्लीय रूप से अलग-थलग पड़ गया था। ब्लूज गायक लीड बेली ने हिंसक नस्लवाद के व्यापक खतरे से सावधान रहने की चेतावनी देते हुए क्षेत्र से गुजर रहे साथी अफ्रीकी-अमेरिकियों से जागते रहने के लिए कहा था। वहां से, इस शब्द का मतलब नस्लवादी अन्याय के प्रति सतर्कता निकला था।

इमोशनल लेबर (भावनात्मक श्रम) क्या है?

समाजशास्त्री अर्ली होच्सचाइल्ड ने इमोशनल लेबर (भावनात्मक श्रम) शब्द गढ़ा था, जिसका अर्थ है वह कार्य जो एक व्यक्ति दूसरों को एक विशेष अनुभव प्रदान करने के लिए अपनी भावनात्मक स्थिति को प्रबंधित करने में करता है। आसान भाषा में समझाया जाए तो बुरे कस्टमर के साथ अच्छे से बर्ताव करने वाला वेटर इमा. `शनल लेबर (भावनात्मक श्रम) करता है। पाज्वा पर आजकल इस शब्द का इस्तेमाल हो रहा है। लोग घर का काम, दोस्तों का समर्थन करना और सामाजिक अवसरों का आयोजन करने जैसी चीजों को इमोशनल लेबर भावनात्मक श्रम की केटेगरी में रख रहे हैं।

इन दोनों शब्दों के अलावा गैसलाइटिंग शब्द भी आजकल आमतौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। पैट्रिक हैमिल्टन के नाटक गैस लाइट की घटनाओं के आधार पर गैसलाइटिंग शब्द गढ़ा गया है। इसका मतलब है एक व्यक्ति को दुनिया के बारे में जानने की अपनी क्षमता पर संदेह करने के लिए मजबूर कर देना। एक व्यक्ति दूसरे को संदेह में डालता है कि जो वे समझते हैं या याद करते हैं वह वास्तविक नहीं है।

समझने और बात करने की क्षमता प्रभावित होना

भाषा हमारे अनुभवों को समझने और व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण साधन है। सही शब्दों के बिना, हम अपनी भावनाओं और परिस्थितियों को समझने या व्यक्त करने में कठिनाई महसूस करते हैं। जब वोक (जागृत) का अर्थ सामाजिक रूप से उदार कर दिया जाता है, तो यह अश्वेत लोगों को नस्लीय अन्याय के बारे में बढ़ती जागरूकता और दृष्टिकोण में बदलाव का वर्णन करने के लिए एक शक्तिशाली शब्द से वंचित कर देता है। केवल ष्अन्याय के प्रति सतर्कताष् का उल्लेख करना इस जागरूकता की गहराई को समझाने में असफल रहता है।

होशचाइल्ड ने बताया कि पहले अदृश्य अनुभवों का नामकरण करने से व्यक्ति को समझा हुआ महसूस होता है। लेकिन जब इमोशनल लेबर (भावनात्मक श्रम) का अर्थ बदल जाता है, तो यह इस समझ को कमजोर कर देता है। एक वेटर जो भावनात्मक श्रम को केवल किसी भी भावनात्मक रूप से थका देने वाले काम के रूप में समझता है, वह नौकरी के लिए अपनी भावनाओं को प्रबंधित करने में शामिल विशिष्ट प्रयास को भूल जाता है, जिससे आत्म-समझ के लिए एक मूल्यवान उपकरण खो जाता है। जब गैसलाइटिंग का अर्थ केवल झूठ बोलना रह जाता है, तो हम दुर्व्यवहार के एक विशिष्ट रूप का वर्णन करने के लिए एक महत्वपूर्ण शब्द खो देते हैं, जिससे पीड़ितों और उनका समर्थन करने वालों के लिए गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

हम क्या कर सकते हैं?

भाषा में होने वाले बदलावों का पूर्वानुमान लगाना कठिन है और उन्हें नियंत्रित करना और भी कठिन है, जिससे हानिकारक बदलावों से बचना मुश्किल हो जाता है। हालांकि, कुछ व्यक्ति, जैसे पत्रकार और सोशल मीडिया प्रभावित करने वाले, भाषा के विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं। वे अपने दर्शकों के लिए विशेष शब्दों का परिचय दे सकते हैं, या तो उनके मूल अर्थों को संरक्षित कर सकते हैं या नई परिभाषाएं प्रस्तावित कर सकते हैं।

श्रीनगर। जिले के नौगाम पुलिस स्टेशन में हुए आकस्मिक विस्फोट के बाद घायलों से मुलाकात करते जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।

सीरिया-रूस के सैन्य प्रतिनिधिमंडल ने मिलिट्री पॉइंट्स का किया दौरा

दमिश्क। सीरिया और रूस के सैन्य प्रतिनिधिमंडल ने दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए सोमवार को दक्षिणी सीरिया में मिलिट्री पॉइंट्स और साइट्स का दौरा किया। सीरियाई डिफेंस अथॉरिटीज़ के मीडिया और कम्युनिकेशंस डायरेक्टरेट की ओर से जारी बयान के मुताबिक इस दौरे का मकसद दक्षिणी इलाके में ज़मीनी हालात का आकलन करना था, हालांकि वे किन खास जगहों पर गए, इस बारे में और कोई जानकारी नहीं दी गई। यह दौरा सीरियाई डिफेंस अथॉरिटीज़ के चीफ, मुरहाफ अबू कसरा की दमिश्क में रूस के फर्स्ट डिप्टी डिफेंस मिनिस्टर यूनुस-बेक एवकुरोव की लीडरशिप में एक बड़े रूसी मिलिट्री डेलीगेशन से मुलाकात के एक दिन बाद हुआ।

सऊदी में ही दफनाए जाएंगे 45 भारतीयों के शव

परिजनों को मुआवजा भी मुश्किल, बस टैंकर भिड़ंत में हुई थी मौत, उमरा के लिए जा रहे थे

रियाद। सऊदी अरब के मक्का-मदीना हाईवे पर रविवार देर रात हुए बस हादसे में जान गंवाने वाले 45 भारतीय नागरिकों के शव वापस नहीं लाए जाएंगे। ये सभी उमरा (इस्लामी तीर्थयात्रा) के लिए सऊदी गए थे।

तेलंगाना मंत्रिमंडल ने कल फैसला लिया है कि मारे गए लोगों को उनके धार्मिक रीति-रिवाजों के मुताबिक सऊदी अरब में ही दफनाया जाएगा। हर पीड़ित परिवार से दो लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने सऊदी अरब भेजे जाएंगे। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, परिजन को शव भारत वापस लाने या मदीना के जन्नतुल बकी में दफनाने का ऑप्शन दिया जाएगा। हालांकि सऊदी कानून के मुताबिक शवों की वापसी काफी मुश्किल है। वहीं, पीड़ित परिवारों को तुरंत मुआवजा मिलाना भी काफी मुश्किल है, क्योंकि सऊदी अरब में सड़क दुर्घटनाओं में सरकार की ओर से कोई सीधा मुआवजा नहीं दिया जाता। मुआवजा तभी मिल सकता है जब पुलिस जांच में टैंकर ड्राइवर या कंपनी की गलती साबित हो और परिवार कानूनी दावा दायर करे। यह प्रक्रिया कई महीनों तक चल सकती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हज या उमरा यात्रा शुरू करने से पहले तीर्थयात्रियों को एक डिक्लेरेशन फॉर्म पर साइन कराने पड़ते हैं। इसमें क्लियर लिखा होता है कि अगर सऊदी अरब की जमीन पर (मक्का, मदीना या कहीं भी) तीर्थ यात्री की मौत होती है, तो शव को वहीं दफनाया जाएगा। वहीं, भारत सरकार के मुताबिक अगर किसी गैर-तीर्थयात्री भारतीय की सऊदी में मौत होती है, तब मृतक के कानूनी उत्तराधिका. रियों की इच्छानुसार शव को भारत लाया जा सकता है या सऊदी अरब में दफनाया जा सकता है। मक्का से मदीना जा रही उमरा यात्रियों की बस रास्ते में किनारे खड़ी थी। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार फ्यूल टैंकर ने बस को टक्कर मार दी थी।

- हर पीड़ित परिवार से दो लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने सऊदी अरब भेजे जाएंगे
- सऊदी कानून के मुताबिक शवों की वापसी काफी मुश्किल है

मृतकों में ज्यादातर हैदराबाद के हैं। हादसा मदीना से लगभग 25 किलोमीटर दूर मुहरास के पास भारतीय समयानुसार रविवार देर रात लगभग 1:30 बजे हुआ। उस समय कई यात्री सो रहे थे। उन्हें बचने का कोई मौका नहीं मिला। मृतकों में 18 महिलाएं, 17 पुरुष और 10 बच्चे शामिल हैं। हादसे में सिर्फ 1 शख्स जिंदा बचा है। उसकी पहचान मोहम्मद अब्दुल शोएब (24 साल) के रूप में हुई है। शोएब (24) ड्राइवर के पास बैठा था। शोएब भी भारतीय हैं। हादसे के बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। एक सरकारी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। मारे गए लोगों में से 18 एक ही परिवार के थे। इनमें 9 बच्चे और 9 बड़े शामिल थे। यह परिवार हैदराबाद का रहने वाला था और 22 नवम्बर को भारत लौटने वाला था।

संक्षिप्त समाचार

संयुक्त राष्ट्र मिशन के साथ सहयोग को अस्थायी तौर पर रोका

त्रिपोली। लीबिया के पूर्वी क्षेत्र की सरकार ने सोमवार को लीबिया में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन के साथ सभी प्रकार के सहयोग को अस्थाई तौर पर रोक दिया। जिसका उद्देश्य देश में राजनीतिक वार्ता का समर्थन करना एवं नागरिक भागीदारी को मजबूत करना था। इससे पहले दिन में कतर और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए जो लीबियाई राजनीतिक वार्ता परियोजना का एक हिस्सा है

इराक में शिआ अल-सुदानी के गठबंधन ने किया अच्छा प्रदर्शन

बगदाद। इराक के चुनाव आयोग ने सोमवार को 11 नवम्बर के संसदीय चुनावों के आखिरी नतीजे घोषित किए, जिससे प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी के राजनी. तिक गठबंधन के अच्छे प्रदर्शन की पुष्टि हुई। इंडिपेंडेंट हाई इलेक्टोरल कमीशन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विस्तृत नतीजे जारी किए, जिसमें पहले घोषित शुरुआती गिनती में केवल मामूली बदलाव किए गए।

जापान ने शीर्ष विदेशी अधिकारी को चीन भेजा

टोक्यो/बीजिंग। जापान ने चीन से बढ़ते द्विपक्षीय तनाव के बीच अपने विदेश मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी को चीन भेजा है जिससे तनाव को कम किया जा सके। यह कदम टोक्यो और बीजिंग के बीच राजनीतिक मतभेद के बाद उठाया गया है जिसके बाद दोनों एशियाई शक्तियों के बीच संक्षिप्त सैन्य एवं कूटनीतिक टकराव शुरू हो गई थी। जापानी मीडिया ने सोमवार को कहा कि जापानी विदेश मंत्रालय के एशियाई एवं महासागरीय मामलों के ब्यूरो के महानिदेशक मासाकी कनाई के चीनी विदेश मंत्रालय के एशियाई मामलों के विभाग के प्रमुख लियू जिनसोंग से मिलने की उम्मीद है।

सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष मरते हैं 11 लाख 90 हजार लोग

नई दिल्ली। राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय ने प्रत्येक वर्ष लाखों लोगों के सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस वैश्विक समस्या से निपटने के लिए दुनिया को एकजुट होने की आवश्यकता है।

विश्वविद्यालय के यातायात प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा केंद्र में हर वर्ष नवम्बर के तीसरे रविवार को सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए विश्व सड़क यातायात पीड़ित स्मृति दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी स्कूल ऑफ इंटरनल सिक्योरिटी एंड स्मार्ट पुलिसिंग के अंतर्गत यातायात प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा केंद्र ने गुजरात परिसर में एक कैंडल मार्च का आयोजन किया।

बांग्लादेश में सेंसरशिप की तैयारी

यूनुस की अंतरिम सरकार का मीडिया को निर्देश, शेख हसीना के बयानों को न प्रकाशित करें

ढाका। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने प्रेस सेंसरशिप लागू करने की दिशा में कदम उठा लिया है। अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को विशेष ट्रिब्यूनल की ओर से मौत की सजा सुनाए जाने के बाद यूनुस सरकार ने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन मीडिया संस्थानों को चेतावनी दी है कि वे अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के किसी भी बयान का प्रकाशन या प्रसारण न करें। इसके पीछे तर्क देते हुए अंतरिम सरकार ने कहा है कि ऐसे बयानों से राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था को खतरा पैदा हो सकता है।

ऐसे बयानों से राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था को खतरा पैदा हो सकता है

हम मीडिया से राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में जिम्मेदारी से कार्य करने का आग्रह करते हैं

कुछ मीडिया संस्थान दोषी करार दी जा चुकीं हसीना के कथित बयान प्रसारित या प्रकाशित कर रहे हैं

बांग्लादेश के अखबार द डेली स्टार के मुताबिक, नेशनल साइबर सिक्योरिटी एजेंसी (एनसीएसए) ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हसीना के कथित बयानों में ऐसे निर्देश या अपील हो सकती हैं, जो हिंसा, अव्यवस्था और आपराधिक गतिविधियों को भड़का सकती हैं और सामाजिक सौहार्द को प्रभावित कर सकती हैं। इस निर्देश में कहा गया कि हम मीडिया से राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में जिम्मेदारी से कार्य करने का आग्रह करते हैं। एजेंसी ने चिंता जताते हुए कहा कि कुछ मीडिया संस्थान दोषी और भगोड़ी करार दी जा चुकीं शेख हसीना के कथित बयान प्रसारित या प्रकाशित कर रहे हैं। एनसीएसए ने कहा कि ऐसे व्यक्तियों के बयान प्रकाशित करना साइबर सिक्योरिटी ऑर्डिनेंस का उल्लंघन है।

एजेंसी ने चेतावनी दी कि अधिकारी राष्ट्रीय अखंडता, सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा पैदा करने वाली, जातीय या धार्मिक नफरत फैलाने वाली, या सीधे हिंसा को उकसाने वाली सामग्री को हटाने या प्रतिबंधित करने के लिए अधिकृत हैं। एजेंसी के मुताबिक, फर्जी पहचान का इस्तेमाल कर या अवैध रूप से किसी सिस्टम तक पहुंचकर नफरत फैलाने वाले भाषण, जातीय उकसावे या हिंसा के लिए नफरत फैलाना दंडनीय अपराध है, जिसकी सजा दो साल तक की जेल और अधिकतम 10 लाख टका जुर्माने (या इनमें से कोई एक) तक हो सकती है। विज्ञप्ति में कहा गया कि एजेंसी प्रेस और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करती है, लेकिन मीडिया संस्थानों से अपील है कि वे किसी भी हिंसक, भड़काऊ या आपराधिक रूप से उकसाने वाले बयान को प्रकाशित करने से बचें और अपनी कानूनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहें। अपदस्थ पीएम हसीना को एक दिन पहले ही सुनाई गई मौत की सजा गौरतलब है कि बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने 78 वर्षीय अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई। उनकी सरकार पर पिछले वर्ष छात्र-नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों पर क्रूर दमन के मामले दर्ज हुए थे। इसके बाद आईसीटी ने उन्हें मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी ठहराते हुए अनुपस्थिति में मौत की सजा सुनाई। पूर्व गृहमंत्री असदुज्जमां खान कमाल को भी इसी मामले में मृत्युदंड दिया गया। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने इस फैसले की सराहना करते हुए कहा कि यह सिद्धांत स्थापित करता है कि कानून के सामने कोई भी शक्ति से ऊपर नहीं है। हसीना बीते वर्ष पांच अगस्त को विरोध प्रदर्शनों के बीच बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गई थीं। इसके बाद बांग्लादेश की अदालत उन्हें भगोड़ा घोषित कर चुकी है। अपने खिलाफ ट्रिब्यूनल के फैसले पर हसीना ने बयान जारी कर आरोपों को पक्षपातपूर्ण और राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया और कहा कि यह फैसला एक धांधलीपूर्ण न्यायाधिकरण की ओर से दिया गया है, जिसे एक गैर-निर्वाचित सरकार ने स्थापित किया है इस सरकार के पास कोई लोकतांत्रिक जनादेश नहीं है।

अमेरिका-भारत साझेदारी पर द्विदलीय प्रस्ताव पेश

वाशिंगटन/नई दिल्ली। अमेरिकी संसद में सबसे लंबे समय तक सदस्य एमी बेरा और जो विल्सन ने एक द्विदलीय प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें अमेरिका और भारत के बीच दीर्घकालिक साझेदारी के रणनीतिक महत्व, स्थिरता और साझा लोकतांत्रिक प्राथमिकताओं को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका की पुष्टि की गई है। इस प्रस्ताव को मजबूत द्विदलीय समर्थन प्राप्त हुआ है जिसमें सिडनी कामलागर-डोव, रिच मैककॉर्मिक, डेबोरा रॉस, रॉब विटमैन, सुहास सुब्रमण्यम और जे ओबरनोल्ट सहित 24 मूल सह-प्रायोजक शामिल हैं।

रणनीतिक महत्व, स्थिरता और साझा लोकतांत्रिक प्राथमिकताओं को बढ़ाना देने में भूमिका की पुष्टि की

यह प्रस्ताव विश्व के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच रक्षा, प्रौद्योगिकी, व्यापार, आतंकवाद-रोधी, शिक्षा एवं ऊर्जा सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दशकों से बढ़ते सहयोग पर बल देता है। यह क्षेत्रीय स्थिरता, आर्थिक विकास और एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने में भारत की भूमिका का भी उल्लेख करता है इसमें अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। इसमें कहा गया है कि इस हमले की जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फ्रंट (लश्कर-ए-तैयबा का एक छद्म संगठन) ने ली थी जो दक्षिण एशिया में सीमा पार और छद्म आतंकवाद के लगातार खतरे को उजागर करता है। यह आतंकवाद से लड़ने में सहयोगात्मक प्रयासों को भी रेखांकित करता है, जैसे कि खुफिया जानकारी साझा करना, प्रत्यर्पण तथा आतंकवादी घोषित करना, जिसमें पहलगाम हमले के बाद अमेरिका द्वारा द रेजिस्टेंस फ्रंट को आतंकवादी घोषित करना भी शामिल है। अमेरिकी सांसदों ने इस बात पर बल दिया कि भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए समर्थन पार्टी लाइन एवं राष्ट्रपति बदलने के बावजूद निरंतर रहा है। प्रस्ताव में कहा गया है, तीन दशकों से अधिक समय से, अमे. रिकी राष्ट्रपति क्लिंटन, बुश, ओबा. मा, ट्रम्प और बाइडेन के नेतृत्व में अमेरिका ने भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत किया है तथा क्षेत्रीय स्थिरता, लो. कतांत्रिक शासन एवं साझा वैश्विक प्राथमिकताओं के लिए इसके महत्व की पहचान की है।

सऊदी अरब को एफ-35 की बिक्री को मंजूरी देंगे: ट्रम्प

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि जब क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान मंगलवार को व्हाइट हाउस आएंगे तो वह सऊदी अरब को एफ-35 लड़ाकू विमानों की बिक्री को मंजूरी देंगे। यह सात वर्षों में क्राउन प्रिंस की पहली अमेरिका यात्रा है।

सीएनएन ने बताया कि ट्रम्प अमेरिका-सऊदी संबंधों को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं और साथ ही वे क्राउन प्रिंस से अब्राहम समझौते में शामिल होने का भी आग्रह कर रहे हैं। उन्नत युद्धक विमानों की बिक्री की दिशा में आगे बढ़ने संबंधी सवाल पर पत्रकारों के सवाल पर अमे. रिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हम ऐसा करेंगे। ट्रम्प ने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा कि हम एफ-35 बेचेंगे और सऊदी अरब हमारा बहुत अच्छा सहयोगी हैं। क्राउन प्रिंस के स्वागत के लिए सैन्य बैंड, तोपों की सलामी और घोड़ों के साथ स्वागत समारोह तथा ब्लैक-टाई डिनर का आयोजन भी सूची में शामिल है। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता ओवल ऑफिस में होगी। इसे हालांकि औपचारिक राजकीय यात्रा नहीं कहा जा रहा है लेकिन इस कार्यक्रम में हरित प्रौद्योगिकी, डिजिटल अवसं. रचना, जैव प्रौद्योगिकी और रक्षा क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा के लिए एक प्रमुख निवेश मंच शामिल है।

सऊदी को एफ-35 देने पर अमेरिकी एजेंसियां चिंतित

वॉशिंगटन। अमेरिका ने सऊदी अरब को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचने की तैयारी कर ली है, लेकिन अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियां इस फैसले से चिंतित हैं। उनका कहना है कि अगर यह सौदा हुआ तो चीन को इन विमानों की एडवांस तकनीक तक पहुंच मिल सकती है। सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के अमेरिका दौरे के पर 48 एफ-35 विमानों की डील हो सकती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वे सऊदी को यह विमान बेचेंगे, क्योंकि वह अमेरिका का मजबूत सहयोगी है।

फलस्तीनी नेताओं को चुन-चुनकर मारना चाहिए

इजरायली मंत्री इतामार बेन-ग्विर बोले: यूएन ने फलस्तीन को मान्यता दी, तो पीए अध्यक्ष को काल-कोठरी में डाल दिया जाए

तेल अवीव। इजरायल के सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्विर ने कहा कि फलस्तीन को मान्यता मिलने पर वहां के बड़े अधिकारियों को चुन-चुन कर मारा (टारगेट किलिंग) जाना चाहिए। संसद में बोलते हुए ग्विर ने कहा कि अगर संयुक्त राष्ट्र (यूएन) फलस्तीनी राज्य को मान्यता देने की हिम्मत करता है, तो नेतन्याहू फलस्तीनी अथॉरिटी (पीए) के अध्यक्ष महमूद अब्बास को गिरफ्तार करें और काल कोठरी (सॉलिटरी कन्फाइनमेंट) में डाल दिया जाए। उन्होंने नेतन्याहू से मांग की कि आपको यह घोषणा करनी होगी कि महमूद अब्बास को कोई छूट नहीं मिलेगी।

अगर संयुक्त राष्ट्र इसे मान्यता देता है, तो आपको दिखाना होगा कि आप महमूद अब्बास की गिरफ्तारी के लिए तैयार हैं। वहीं, आज ही यूएन सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के गाजा पीस प्लान प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव का मकसद गाजा में शांति बहाल करना है। फलस्तीनी विदेश मंत्रालय और राष्ट्रपति कार्यालय ने अलग-अलग बयानों में इस टिप्पणी की निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने टिप्पणियों को उकसाने वाला बताया। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से बेन-ग्विर को जवाबदेह ठहराने के लिए ठोस उपाय करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि वह बेन-ग्विर के बयानों के लिए इजरायल सरकार को जिम्मेदार मानता है। इजरायली मंत्री बेन ग्विर पर अब तक 7 देश बैन लगा चुके हैं। इसमें ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, ब्रिटेन, नीदरलैंड और स्लोवेनिया शामिल है। हालांकि अमेरिका ने इस पर नाराजगी जाहिर की थी और इसे गैरजरूरी बताया था। इन देशों ने एक संयुक्त बयान में कहा था कि मंत्री ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक और गाजा में फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा भड़काई है। इसलिए उनकी संपत्ति जब्त की जाएगी और उन पर इन देशों में यात्रा करने पर रोक लगाई जाएगी यह बयान ऐसे समय में आया है, जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में 'गाजा शांति योजना' पर वोटिंग हुई। सुरक्षा परिषद ने अमे. रिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के गाजा पीस प्लान प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव का मकसद गाजा में शांति बहाल करना, अंतर्राष्ट्रीय फोर्स की तैनाती करना और भविष्य में फलस्तीन देश की संभावना को आगे बढ़ाना है।

- फलस्तीनी विदेश मंत्रालय और राष्ट्रपति कार्यालय ने अलग-अलग बयानों में इस टिप्पणी की निंदा की

ताइवान को लेकर चीन-जापान के बीच भारी तनाव

जापानी पीएम बोलीं: हमला हुआ, तो सेना भेजेंगे, चीनी राजदूत बोले: दखल देने वालों की गर्दन काट देंगे

बीजिंग/टोक्यो। जापानी प्रधानमंत्री साने ताकाइची के ताइवान पर दिए बयान से चीन और जापान के बीच तनाव बढ़ गया है। दरअसल साने ताकाइची ने 7 नवम्बर को कहा था कि अगर चीन ने ताइवान पर हमला किया तो जापान मदद के लिए अपनी सेना भेजेगा। चीन ने इस बयान को बेहद गैर-जिम्मेदार और उकसाने वाला करार दिया।

इसके अगले ही दिन विवाद और बढ़ गया जब ओसाका में चीन के काउंसल जनरल शुए जियान ने एक्स पर लिखा कि वह इस मामले में दखल देने वाले की गर्दन काट देंगे। इसके बाद दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजदूतों को तलब किया। चीन ने अपने नागरिकों को जापान न जाने के लिए आगाह किया है और चेतावनी दी है कि वहां जाने पर उन्हें खतरे का सामना करना पड़ सकता है। पीएम साने ताक. इची ने जापानी संसद में 7 नवम्बर को दिए अपने पहले ही संबोधन में ताइवान का समर्थन किया था। बिगड़ते माहौल के बीच चीनी कोस्ट गार्ड के जहाज जापान के कंट्रोल वाले सेनकाकू आइलैंड के पास दिखाई दिए थे। इसके बाद जापान के कोस्ट गार्ड ने उन्हें इलाके से बाहर किया था। अमेरिका ने क्लियर किया कि जापान-अमेरिका सुरक्षा समझौते के तहत अगर इन द्वीपों पर हमला होता है, तो अमेरिका जापान की रक्षा करेगा। वहीं, चीन के फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर्स ने कुछ जापानी फिल्मों की रिलीज रोक दी है।

- बिगड़ते माहौल के बीच चीनी कोस्ट गार्ड के जहाज जापान के कंट्रोल वाले सेनकाकू आइलैंड के पास दिखाई दिए थे

चीनी सरकारी टीवी सीसीटीवी ने कहा कि यह घरेलू माहौल को देखते हुए यह फैसला सावधानी से लिया गया है। चीन और जापान के बीच बढ़ते तनाव का सबसे बड़ा असर अब हवाई यात्राओं पर दिख रहा है। बी.जिंग की ओर से नागरिकों को जापान न जाने की सलाह देने के बाद चीन से जापान की करीब 5 लाख फ्लाइट टिकटें रद्द हो गई हैं। यह संख्या कुल बुकिंग्स का लगभग 32 प्रतिशत है। एविएशन एक्सपर्ट्स के मुताबिक, रविवार को टिकट कैंसिलेशन की संख्या नई बुकिंग्स से 27 गुना ज्यादा थी। 2020 में कोविड की शुरुआत के बाद पहली बार इतनी बड़ी मात्रा में टिकटें रद्द हुई हैं।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अमेरिका समर्थित गाजा योजना को दी मंजूरी

न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने मंगलवार को अमेरिका द्वारा तैयार उस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है जो डोनाल्ड ट्रम्प के गाजा शांति योजना पर आधारित है। अब फलस्तीन में एक अंतर्राष्ट्रीय स्थिरीकरण बल (आईएसएफ) जाएगा जो गाजा में शांति स्थापित करने के लिए उत्तरदाई होगा। हमास ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। इस प्रस्ताव का ब्रिटेन, फ्रांस और सोमालिया सहित 13 देशों ने समर्थन किया और विरोध में कोई वोट नहीं पड़ा जबकि सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों चीन और रूस ने मतदान में भाग नहीं लिया। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने इसे 'युद्धविराम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम' बताया हालांकि हमास ने इस प्रस्ताव को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि यह फलस्तीनी अधिकारों और मांगों को पूरा नहीं करता है। उल्लेखनीय है कि यह प्रस्ताव राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा 29 सितम्बर को घोषित व्यापक योजना का स्वागत करता है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108